दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 14 अप्रैल 2024 वर्ष-13 अंक- 63 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते है ये मुंह और मसूर की दाल। जिन राजनीतिक दलों की लोकसभा चुनाव में दाल गलने की दूर दूर तक सम्भावना नजर नहीं आ रही है। वे ऐसी घोषणाएं कर रहें है कि हंसी आती है। राष्ट्रीय जनता दल जिसका एक भी सांसद नहीं है। वह 1 करोड़ सरकारी नौकरी देने का सब्जबाग दिखा रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने तो भारत के सभी परमाणु हथियारों को खत्म करने की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी पूरे देश में फ्री बिजली देने का वादा कर रही है। कौन है ये लोग कहां से आते है?

अंगुली पर मतदान स्याही दिखाएं और उठाएं ऑफर का लाभ

अच्छी पहल.. **चुनाव का पर्व देश का गर्व**

■ **लोकसभा चुनाव में मतदान को बढ़ावा देने राजस्थान के हनुमानगढ़ के व्यापारी देश के प्रति निभा रहे जिम्मेदारी**

हनुमानगढ़, (वार्ता)। नई सरकार बेहतर सरकार के लिए राजस्थान के व्यापारियों ने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने अच्छी पहल की है। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को बढ़ावा देने के लिए हनुमानगढ़ के व्यापारियों ने अपने व्यापारिक संस्थानों में विशेष ऑफर एवं छूट का प्रावधान किया है और इसका फायदा उठाने वाले मतदाता को अंगुली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाना होगा। जिला निर्वाचन और स्वीप टीम के प्रोत्साहन पर इन व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठानों में यह प्रावधान किया हैं।

40 व्यापारिक संस्थानों ने यह सकारात्मक पहल की है। चुनाव का पर्व देश का गर्व हैं। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए शहर के व्यापारिक संस्थानों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह प्रयास

किया है। लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हाल ही में जिला निर्वाचन कार्यालय टीम द्वारा व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि मतदाताओं को प्रोत्साहित करने में प्रशासनिक प्रयासों में हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ऐसे दिए जा रहे प्रोत्साहन

लोकसभा चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल करने पर खाने, खरीदारी, सैलून, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स, क्लॉथ, रेस्टोरेंट, ऑटो एसेसिरीज, बुक्स, स्कूल यूनिफार्म, मिठाई सहित 100 से अधिक प्रोडक्ट्स पर छूट मिलेगी। इनमें मिठाई पर सुबह नौ से सायं पांच बजे तक दस प्रतिशत छूट, महिलाओं के लिए किचन आइटम, क्लॉथ, ब्यूटी पॉर्लर सहित हर वर्ग के लिए विशेष ऑफर है।

आज से बजने लगेगी शहनाई

भदोही, (वार्ता)। हिंदू नव वर्ष में 14 अप्रैल से खूब शहनाइयां बजेंगी। एक माह से चल रहे खरमास की समाप्ति के बाद मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त प्रारंभ हो जाएंगे।

आचार्य पंडित दीनानाथ शास्त्री ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस माह में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त 18, 19, 20, 21, 22, 23, 26 व 28 अप्रैल मिल रहा है। विवाह के लिए गुरु और शुक्र का उदय होना अनिवार्य है। इसके बाद 29 अप्रैल को शुक्र अस्त हो जाएंगे। शुक्र गुरु के अस्त होने के बाद मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम लग जाएगा। ऐसी स्थिति में मई और जून महीने में शादी विवाह के लिए लग्न मुहूर्त नहीं रहेंगे। पुनः 3 जून को गुरु एवं 28 जून को शुक्र का उदय होगा इसके बाद जुलाई में शादी विवाह के मुहूर्त मिलेंगे।

..तब शुभ मुहूर्त बनता : विवाह के मुहूर्त के विषय में पंडित का कहना है कि विवाह मुहूर्त में नक्षत्र बल प्राप्त होता है। भद्रा न हो तथा देर रात तक लग्न सीमित न हो वही लग्न श्रेष्ठ मानी जाती है, वर-वधू के उज्ज्वल भविष्य के लिए दोनों ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

मोदी सरकार में पहुंचते हैं सौ में पूरे सौ रुपए जमीन पर : राजनाथ सिंह

■ **बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए की सभा**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण के चुनाव में बस्तर लोकसभा सीट में मतदान होना है। इस सीट से महेश कश्यप भाजपा प्रत्याशी हैं। कश्यप के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं में विशेष उत्साह है। चुनाव को लेकर शनिवार को दंतेवाड़ा के गीदम में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस को घोटाले वाली पार्टी निरूपित किया।

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय के बाद बस्तर में

सार्वजनिक सभा को संबोधित करने का अवसर मिल रहा है। आपकी ओर से जो स्नेह मिला वह अभिभूत करने वाला है। यह मां दंतेश्वरी की धरती है। भगवान राम का ननिहाल है। लोग कहते थे कि यहां कांग्रेस की ही सरकार रहेगी, लेकिन जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया। सिंह ने कहा यहां 20 साल में 15 साल तक भाजपा की सरकार रही है। बीच में जनता ने थोड़ा स्वाद बदलने के लिए कांग्रेस को एक अवसर दिया।

जहां कांग्रेस की सरकार वहां घोटालों की बाढ़

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार जब भी कहीं आती है तो घोटालों की बाढ़ आ जाती है। आप लोगों ने देखा छत्तीसगढ़ में ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

कांग्रेस संविधान बचाने लड़ रही, मोदी संविधान पर कर रहे आक्रमण : राहुल

■ **कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के लिए राहुल गांधी ने बस्तर में सभा को संबोधित किया**

जगदलपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज बस्तर में प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपके सामने चुनाव है जहां दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी इंडिया एलायंस लोकतंत्र संविधान को बचाने के लिये लड़ रही है। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी, अडाणी, आरएसएस, संविधान पर लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं। संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी जी ने आदिवासी शब्द को

बदलने की कोशिश की है। हम आपको आदिवासी कहते हैं, बीजेपी के लोग आपको वनवासी कहते हैं। वनवासी में और आदिवासी में आसमान का फर्क है। आदिवासी का मतलब वो वर्ग जो इस जमीन का जल, जंगल, जमीन का पहला और असली मालिक है। जब हिंदुस्तान में कोई और नहीं था तब यहां आदिवासी लोग रहते थे। जो लोग आपको आदिवासी कहते हैं वो लोग इस बात को मानते हैं कि हिंदुस्तान के जल, जंगल और जमीन पर आपका पहला हक बनता है। जो आदिवासी कहते है वो आपके धर्म, आपकी भाषाओं, आपके जीने का तरीका, आपका इतिहास का आदर करते हैं। उसकी रक्षा करते हैं। राहुल ने आगे कहा दूसरी तरफ जो आपको वनवासी ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

जांच के दौरान बिना नंबर की एक्टिवा में मिले 13 लाख जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना विधानसभा पुलिस ने पिरदा चौक के पास रिंग रोड 03 में वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बिना नंबर की गाड़ी एक्टीवा की जांच करने पर डिक्की में लाखों रुपए नगदी रकम रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों ने वाहन में सवार व्यक्ति से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सत्यम विग निवासी गीतांजलि नगर रायपुर बताया। लाखों रुपए नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उन्होंने किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था।

बस्तर में 19 को मतदान, एक लाख जवान संभाल रहे सुरक्षा

जगदलपुर, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए हैं। नक्सली प्रभावित इस क्षेत्र में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बस्तर लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए केन्द्रीय सुरक्षा बल, अर्धसैनिक बल, कोबरा बटालियन, तिब्बत सीमा सुरक्षा बल, जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टाक्स फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के लगभग एक लाख जवान जंगल में तैनात हैं। जगह-जगह कैम्प खोले गए हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र से आने ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और हिरासत का मामला

...अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

■ **याचिका पर सोमवार को होगी सुनवाई**

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष केजरीवाल की याचिका 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के 10 अप्रैल को उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने नौ अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उस केंद्रीय जांच जांच एजेंसी को हिरासत में देने के विशेष ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

शीघ्र सुनवाई का मिला था आश्वासन

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तब केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया था और उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित मामले पर शीघ्र सुनवाई करने पर विचार करने का उन्हें आश्वासन दिया था।

शाह के दौरे से पहले मणिपुर में हिंसा भड़की, दो की मौत

इंफाल, (वार्ता)। मणिपुर में इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिले के बीच मफौ बांध के पास शनिवार को हुई झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि 15 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के लिए सुरक्षा उपाय किए जाने के बीच इलाके में गोलीबारी की खबरें हैं। थौबल जिले में अज्ञात हथियारबंद लोगों के हमले में शुक्रवार को तीन लोग गोली लगने से घायल हो गए थे। मणिपुर तीन मई, 2023 से दो जातीय समूहों के बीच संघर्ष के कारण संकट का सामना कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे की तैयारी कर रही है।भाजपा नेताओं के अनुसार, श्री शाह लगभग दो घंटे के लिए मणिपुर का दौरा करेंगे और 15 अप्रैल को हप्ता कांगजीबुंग में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। आंतरिक मणिपुर के लिए चुनाव 19 अप्रैल को होंगे और बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को होंगे। गौरतलब है कि 1-इनर मणिपुर संसदीय क्षेत्र सीट के लिए छह उम्मीदवार मैदान में हैं।

राजस्थान में मेवाड़ महोत्सव..

वेशभूषा में न्यूजीलैंड प्रथम

राजस्थान के उदयपुर में चल रहे मेवाड़ महोत्सव में आयोजित विदेशी युगल की राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर न्यूजीलैंड के जोनाथन स्पर्क एवं उनकी पत्नी यास्मीन क्लार्क रहे।

जिम्बाब्वे द्वितीय, ग्रीस तृतीय

मेवाड़ महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को गणगौर घाट पर आयोजित राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में जिम्बाब्वे के बेन काइज एवं उनकी माँ जेनिफर द्वितीय तथा ग्रीस की मिस सोना तृतीय स्थान पर रहे।

सैन फ्रैंसिस्को, नीदरलैंड, इटली को तांत्वना

सैन फ्रैंसिस्को के पाको और पत्नी रोजा को, नीदरलैंड के विलियम बे और पत्नी मेफिकी, इटली के सरिगो और पत्नी जैकलीन सांत्वना पुरस्कार, विजेताओं को संस्थानों द्वारा प्रायोजित पुरस्कार प्रदान किये गए।

अवैध खुदाई के दौरान कोयला खदान धंसी, दो की मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र में अवैध कोयला खदान धंसने से शनिवारकी सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। घटना में दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि सानी बर्रा सुखरी भंडार के जंगल में कई महीनों से अवैध उत्खनन चल रहा है। आज अवैध उत्खनन के दौरान एक खदान धंस गई। इस दौरान वहां मौजूद दो नाबालिग के दबने से मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि बंद हो चुके खदान से अवैध रूप से कोयला निकालने का काम किया जा रहा था। आज सुबह भी 3 लोग अवैध तरीके से कोयले की खुदाई कर रहे थे। तीन युवकों में से एक बाहर पानी पीने निकला था, जबकि दो नाबालिग अंदर घुसकर कोयले की खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान जोरदार आवाज के साथ खदान धंस गई। इसके चपेट में दो लड़के आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों का नाम 15 वर्षीय बुध लाल व दूसरे का नाम तिरंगा बताया गया।

गरमा-गरम

चिराग बोले- किस तरह नौकरी दी जाती थी, यह जनता को पता है

लोकसभा चुनाव... **कोरबा लोकसभा है कांग्रेस का किला, भाजपा के लिए इस किले पर सेंध लगाना बड़ा चैलेंज**

कोरबा : कभी गोंगपा और कभी नोटा ने बिगाड़ा खेल

ईश्वर चंद्रा

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्रों में कोरबा एक ऐसी सीट रही है, जहां सियासत के बड़े बड़े महारथियों को मुंह की खानी पड़ी। पिछले कई चुनाव इसे कांग्रेस का गढ़ कहा जाता रहा है। कभी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी तो पिछली बार नोटा ने भाजपा का खेल बिगाड़ा। आलम यह रहा कि करुणा शुक्ला सरीखे नेशनल चेहरे पर दांव लगाना भी भाजपा के लिए महंगा साबित हुआ था। एक बार फिर राष्ट्रीय रसूख रखने वाली कद्दावर नेत्री का सामना कांग्रेस से है, जिनके लिए इस किले में सेंध लगा पा बड़ा चैलेंज माना जा रहा है।

संसदीय क्षेत्र कोरबा देश के 543 और छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट में से एक है। यह लोकसभा क्षेत्र 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया। वर्ष 2009 में यहां पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ, तब कांग्रेस पार्टी ने भारी मतों से जीत दर्ज की। कांग्रेस पार्टी के डॉ चरण दास महंत कोरबा लोकसभा सीट के पहले सांसद बने। इससे पहले कोरबा लोकसभा सीट जांजगीर लोकसभा सीट का हिस्सा

था। यह वही जांजगीर लोकसभा सीट है, जहां से बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम ने साल 1984 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की और पहला चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें तब हार का सामना करना पड़ा था। जांजगीर लोकसभा से पहले सांसद कांग्रेस पार्टी के अमर सिंह सहगल थे। 2009 में कोरबा लोकसभा बनने के बाद डॉ चरण दास महंत, फिर 2014 में बीजेपी डॉ बंशीलाल महतो ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

2019 में गोंगपा तीसरे और बसपा चौथे स्थान पर रही

ज्योत्सना चरण दास महंत को 46.03 मत मिले थे, जबकि बीजेपी के ज्योति नंद दुबे को 43.72 प्रतिशत वोट मिले थे। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी यानि जीजीपी के उम्मीदवार तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम जो तीसरे स्थान पर थे। उन्हें 3.29 वोट मिले और चौथे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी के परमीत सिंह को 1.40 प्रतिशत वोट मिले थे।

मामूली अंतर से जीते थे बीजेपी के डॉ महतो

इससे पहले 2014 में बीजेपी के डॉ बंशीलाल महतो ने कांग्रेस के चरण दास महंत को एक नजदीकी मुकाबले में 4,265 वोटों से हराया था। डॉ बंशीलाल महतो को जहां 4,39,002 वोट मिले थे वहीं चरण दास महंत को 4,34,737 वोट मिले। यहां तीसरे स्थान पर रहे जीजीपी के हीरासिंह मरकाम को 52,753 वोट मिले। चौथे स्थान पर रहे आईएनडी के जीवन लाल रौतेल को 18,459 वोट मिले जबकि पाचवें स्थान पर यहां आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अमर नाथ पांडे थे उन्हें तब 14594 वोट मिले थे।

बस्तर : लखमा और कश्यप दोनों के लिए यह मुकाबला आसान नहीं

■ **कवासी लखमा छह बार के विधायक हैं और आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में ..उस गोंड समुदाय से आते हैं**

जगदलपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव में बस्तर से कांग्रेस की ओर से चुनावी मैदान में उतरे कवासी लखमा और भाजपा के महेश कश्यप में से किसी के लिए भी मुकाबला आसान नहीं दिख रहा है। बस्तर परंपरागत रूप से कांग्रेस की सीट रही है। 1996 तक कांग्रेस यहां से लगातार विजय हासिल करती रही।

बाद में भाजपा ने भी यहां जीत का स्वाद चखा, लेकिन 2019 के चुनाव में कांग्रेस के दीपक बैज ने बाजी पलट दी। इस बार कांग्रेस ने प्रत्याशी भले ही बदल दिया हो, लेकिन वर्तमान सांसद की इलाके में ठीक-ठाक पहचान है। दीपक बैज सहज उपलब्ध जन प्रतिनिधि रहे हैं। आधी रात को भी उनके घर का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। यह उनकी बड़ी ताकत है। इसके बावजूद कांग्रेस ने कवासी लखमा पर दांव लगाया है, तो उसकी अपनी वजह है। लखमा छह बार के विधायक हैं और आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में उस गोंड समुदाय से आते हैं, जिसका गहरा प्रभाव है।

लखमा की इलाके में एक पहचान छत्तीसगढ़ के लालू यादव की भी है। लालू की ही तरह सहज हास्य बोध और गरीब-गुरबों से सीधे संवाद की जो शैली लालू बिहार में अपनाते हैं, करीब-करीब वही शैली अपनाने के लिए छत्तीसगढ़ में लखमा मशहूर हैं।

सभाओं में वह कब, क्या कह देंगे उन्हें भी नहीं पता होता। गोंड ही नहीं, भतरा और हल्बा से लेकर दूसरी तमाम जनजातियों में उनकी लोकप्रियता की एक बड़ी वजह यह भी है।

कांग्रेस में असंतोष

कांग्रेस की एक बड़ी चुनौती पार्टी के भीतर के असंतोष से निपटने की भी है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज इसी क्षेत्र से सांसद हैं। संगठन के लोग बताते हैं कि उन्होंने फिर लोकसभा के टिकट की आस लगाई थी, लेकिन पार्टी ने लखमा को बेहतर माना। इस वजह से दीपक बैज के क्षेत्र के लोग अपने इलाके में उस तरह से सक्रिय नहीं हैं। इसका खामियाजा भी लखमा को भुगतना पड़ सकता है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कई विधानसभा सीट भाजपा ने इस बार कांग्रेस से छीन ली है। यह भी लोगों में कांग्रेस के प्रति नाराजगी का ही सूचक है। सियासी जानकार नहीं मानते कि विधानसभा चुनाव के बाद से ऐसा कुछ हुआ है, जिससे लोगों की कांग्रेस से नाराजगी कम हुई हो।

नक्सलियों के बहिष्कार का असर नहीं

कभी नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार का बस्तर में व्यापक असर होता था, पर अब स्थिति बदल गई है। सुकमा, बीजापुर व अबूझमाड़ जैसे कुछ ही क्षेत्र ऐसे हैं, जहां छोटे हिस्से में नक्सलियों की चुनाव बहिष्कार की अपील असर करती है। बाकी हिस्सा अछूता रहता है। यहां तक कि नारायणपुर व दंतेवाड़ा, जो कभी नक्सलियों के गढ़ कहलाते थे, में भी लोग बेखौफ मतदान के लिए निकलते हैं। हालांकि इसकी एक बड़ी वजह अर्धसैनिक बलों के करीब डेढ़ लाख जवानों की उपस्थिति भी है।

बीजद ने की 9 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा

लेखाश्री सामंत सिंहार को बालेश्वर लोकसभा से टिकट

भुवनेश्वर। ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) के मुखिया नवीन पटनायक ने गुरुवार की शाम को बालेश्वर लोकसभा सीट और 9 विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर बीजद में शामिल हुईं लेखाश्री सामंतसिंहार को पार्टी ने बालेश्वर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है।

लक्ष्मीपुर से प्रभु जानी, पारादीप से गीतांजलि राउत राय को टिकट

लक्ष्मीपुर से प्रभु जानी, पारादीप से गीतांजलि राउतराय तथा संबलपुर से प्रसन्न आचार्य को पार्टी ने विधानसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। रेढ़ाखोल से रोहित पुजारी, तेलकोई से माधव सरदार, तालचेर से ब्रज प्रधान, नर्ला से मनोरमा मोहंती, बालिगुड़ा से चक्रमणि कहंर तथा भुवनेश्वर मध्य से अनंत नारायण जेना को बीजद ने विधानसभा का टिकट दिया है।

बीजद ने भुवनेश्वर मध्य से अनंत नारायण का टिकट किया फाइनल

भुवनेश्वर मध्य विधानसभा सीट से अनंत नारायण जेना को टिकट नहीं देने की मांग पर बीजद के एक गुट ने जोरदार दबाव बनाया था। इस कारण उनका नाम पहली 3 सूची में जारी नहीं हुआ था। अंततः पार्टी ने उनके नाम पर ही मुहर लगायी है। इसी तरह ओडिशा के पारादीप सीट से वर्तमान विधायक संबित राउतराय की पत्नी गीतांजलि राउतराय को टिकट दिया गया है।

इलेक्शन : मध्यप्रदेश में पत्नी से लेकर पोते तक जुटे हैं प्रचार में

मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में चुनाव

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में चुनाव हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा चर्चा छिंदवाड़ा, राजगढ़, विदिशा और गुना सीटों की है, क्योंकि इन हाइप्रोफाइल सीटों से दिग्गज नेता मैदान में हैं। इन नेताओं के लिए अब उनके कार्यकर्ताओं के साथ ही परिजनों ने भी मोर्चा संभाल लिया है।

राजगढ़ में पत्नी, बेटा और पोता मांग रहे वोट

कांग्रेस ने राजगढ़ से पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले 1991 में उन्होंने राजगढ़ से लोकसभा का आखिरी चुनाव लड़ा था। इसके बाद अब फिर दिग्विजय सिंह राजगढ़ से मैदान में है। उनका मुकाबला भाजपा सांसद रोडमल नागर से है।

केंद्र की योजनाओं और मोदी के नाम पर नागर के चुनाव लड़ने के कारण दिग्विजय सिंह के लिए चुनौती है। उनके बेटे जयवर्धन सिंह विधानसभा का चुनाव 4500 वोटों से जीते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र की चाचौड़ा सीट पर उनके भाई लक्ष्मण सिंह विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। अब उनकी पत्नी अमृता सिंह और बेटा जयवर्धन सिंह उनके लिए वोट मांग रहे हैं। साथ ही उनका 10 साल का पोता भी दादा को वोट देने की अपील कर रहा है।

शिवराज के लिए पत्नी और बेटे उतरे

विदिशा संसदीय सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रताप भानू शर्मा को टिकट दिया है। इस सीट से शिवराज पांच बार सांसद रहे हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ रही है। अब इस सीट से रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के लिए शिवराज जोर लगा रहे हैं। उनके लिए उनकी पत्नी साधना सिंह और बेटे कार्तिकेय भी सक्रिय हैं। पूर्व सीएम लगातार क्षेत्र के दौरे कर रहे हैं।

गुना में प्रियदर्शिनी राजे और महाआर्यमन जुटे प्रचार में

गुना सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मौजूदा सांसद केपी यादव का टिकट काट कर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने भी यहां पर यादव कार्ड चल कर यादवेंद्र सिंह यादव पर दांव लगाया है। 2019 में सिंधिया कांग्रेस पार्टी के टिकट पर गुना संसदीय क्षेत्र से केपी यादव से चुनाव हार गये थे। 2020 में कांग्रेस छोड़ कर वे भाजपा में शामिल हो गये थे। उनको भाजपा ने केंद्रीय मंत्री बनाने के साथ ही अब गुना से प्रत्याशी बनाया है। सिंधिया के लिए उनकी पत्नी महारानी प्रियदर्शिनी राजे और बेटा महाआर्यमन ने प्रचार का मोर्चा संभाला हुआ है।

छिंदवाड़ा में नाथ परिवार भी उतरा मैदान में

छिंदवाड़ा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे और मौजूदा सांसद नकुलनाथ को फिर प्रत्याशी बनाया है। यहां पर भाजपा ने बंटी साहू पर दांव लगाया है। इस बार कमलनाथ के करीबियों के भाजपा में शामिल होने मुश्किलें बढ़ गयी हैं। ऐसे में नकुलनाथ के लिए उनके पिता कमलनाथ, माता और पत्नी भी मैदान में उतर गयी हैं। पूरा परिवार जनता के बीच पहुंच रहा है। कमलनाथ जनता से भावनात्मक अपील कर रहे हैं। इस बार का चुनाव कमलनाथ की प्रतिष्ठा का प्रश्न है। भाजपा ने उनके गढ़ को भेदने में पूरी जान फूंक दी है।

कोलकाता में पहली बार रोड शो करेंगे प्रधानमंत्री मोदी!

कोलकाता/ए.। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता शहर में रोड शो करने जा रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो बंगाल में आखिरी दौर के चुनाव से पहले मोदी का रोड शो संभव है। 1 जून को बंगाल में आखिरी चरण का मतदान है। इससे पहले उनका उत्तरी कोलकाता में रोड शो करने का कार्यक्रम है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, मोदी उत्तरी कोलकाता के तापस रॉय और दमदम के बीजेपी उम्मीदवार शीलभद्र दत्ता के लिए रोड शो करेंगे। उनके रोड शो का निर्धारित कार्यक्रम श्यामबाजार से सिंथी मोड़ तक है। हालांकि, बीजेपी के राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। हालांकि, मोदी के संभावित रोड शो के रास्ते को लेकर असमंजस की स्थिति है। बीजेपी के एक अन्य सूत्र का कहना है कि बड़ाबाजार, जोड़ासांको और गिरीश पार्क के इलाके हैं जहां गैर-बंगाली रहते हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री इसी क्षेत्र से होकर रोड शो करेंगे। यह भी मांग है कि बेलेघाटा और एंटाली जैसे अल्पसंख्यक इलाकों में रोड शो होना चाहिए। क्योंकि उन क्षेत्रों में बीजेपी के वोट बहुत कम हैं। मोदी के रोड शो का सकारात्मक असर हो सकता है। बीजेपी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। एसपीजी उनकी सुरक्षा व्यवस्था जांचने के बाद ही अनुमति देती है।

कूचबिहार में सीएम ममता बनर्जी का भाजपा पर बड़ा हमला

राक्षस-डाकू को टिकट देती है भाजपा

कूचबिहार/ए.। बंगाल की कूचबिहार सीट पर भी राजनीतिक पार्टियों की रैली जारी है। चुनावी जनसभा के दौरान आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कूचबिहार लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी निशित प्रमाणिक पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए उन्हें राक्षस और डाकू तक बता डाला। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर भी हमला किया। ममता ने कहा कि हमने एक साफ-सुथरी छवि वाले व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाया है, लेकिन भाजपा प्रत्याशी के ऊपर कई क्रिमिनल केस दर्ज हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कूचबिहार के मंच से भाजपा उम्मीदवार निशित प्रमाणिक पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय वह वोट मांगने के लिए दिल्ली से यहां आ जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद उन्हें क्षेत्र की याद नहीं रहती।

कांग्रेस का भाजपा पर आरोप, केंद्र की नीति धोखा दो और राज करो

पूर्वोत्तर को दिया गया सबसे कम बजट

नई दिल्ली/ए.। देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है, सभी पार्टियों का प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। वहीं आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी है। ऐसे में एक बार फिर कांग्रेस की ओर से भाजपा पर वार किया गया है। जयराम रमेश जो कि कांग्रेस के महासचिव हैं, उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्टर कर कहा कि मोदी सरकार की धोखा दो और राज करो नीति की पोल खुल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए बजट में कंजूसी कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी के धोखा दो और राज करो की नीति की पोल पट्टी अब खुलती जा रही है। पिछले दस सालों में उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में बजट आवंटित करने का यह अब तक का इतिहास है। मोदी सरकार ने 2014 के बाद से सिर्फ दो बार ही पूर्वोत्तर राज्यों के लिए पूरे बजट का प्रयोग किया है। जबकि यूपीए ने लगातार बजट का 90 प्रतिशत उपयोग किया।

भाजपा ने महाराष्ट्र में स्टार प्रचारकों की नई लिस्ट आयोग को सौंपी

शिंदे-पवार प्रचारकों को लिस्ट से हटाया

मुंबई/ए.। लोकसभा चुनाव के एलान के बाद सभी पाटियां तैयारियों में जुट गई हैं। इस बीच एक बड़ी खबर महाराष्ट्र से सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के एक पत्र के बाद बीजेपी ने राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को अपने स्टार प्रचारकों के रूप में हटा दिया है। पत्र में कहा गया है कि स्टार प्रचारक केवल उनकी पार्टी से हो सकते हैं। अन्य पार्टी के नेता को इस तरह की सूची में शामिल नहीं किया जा सकता है। सभी जिला कलेक्टरों और जिला चुनाव अधिकारियों को हाल ही में पत्र लिखा गया था। इस पत्र में राज्य सीईओ ने स्टार प्रचारकों के लिए एक ही पार्टी से होने की बात कही थी। इसके लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 का हवाला दिया गया था।

झारखंड की इन लोकसभा सीटों पर जीतने वाला कोई नहीं बन पाया केन्द्र में मंत्री

■ **5 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित**

रांची/नवप्रदेश। संयुक्त बिहार के समय 54 लोकसभा की सीटें थी। इसमें ज्यादातर जनजातीय बहुल सीटें झारखंड वाले हिस्से में थीं। राज्य गठन के बाद झारखंड के पास 14 लोकसभा सीटें बच गयीं हैं। इसमें 5 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

झारखंड की इन सीटों से जीते सांसद अब तक नहीं बने मंत्री

खास बात यह है कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित राजमहल और सिंहभूम सीट से आज तक एक भी सांसद मंत्री नहीं बन पाए। गिरिडीह व जमशेदपुर अनारक्षित सीट से जीतने वाले किसी भी सांसद को अब तक मंत्री बनने का सौभाग्य नहीं मिला है।

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र ने दिए सबसे ज्यादा केंद्रीय मंत्री

सबसे अधिक मंत्री बनने का मौका लोहरदगा (एसटी) सीट से जीतनेवाले सांसदों को मिला है। संयुक्त बिहार के समय से अब तक इस हिस्से से जीतने वाले करीब एक दर्जन सांसदों को मंत्री बनने का मौका मिला है।

14 लोकसभा सीटों में गिनी-चुनी सीटें हैं, जहां से जीतने वाले लोग केंद्र में मंत्री बने

लोहरदगा से बने हैं 4-4 मंत्री

झारखंड में लोहरदगा सीट से जीतने वाले 4-4 सांसदों को केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका मिला है। यहां से सबसे पहले कार्तिक उरांव मंत्री रहे थे। वह केंद्र सरकार में एविएशन के मंत्री थे। इंजीनियर की पढ़ाई करने वाले श्री उरांव के बाद उनकी पत्नी सुमति उरांव भी लोहरदगा से सांसद रहीं।

सुमति उरांव 2 बार केंद्र में बनीं मंत्री

डॉ कार्तिक उरांव की पत्नी सुमति उरांव भी केंद्र सरकार में मंत्री बनीं। वह भारत सरकार में समाज कल्याण और पर्यावरण विभाग की राज्यमंत्री रहीं। उनको दो-दो बार मंत्री बनने का मौका मिला था।

पलामू की सांसद कमला कुमारी भी बनीं थीं केंद्र में मंत्री

पलामू से 4 बार सांसद रहीं कमला कुमारी को भी एक बार केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया था। इंदिरा गांधी की सरकार में उनको वर्ष 1982 में कृषि एवं ग्रामीण पुनर्निर्माण विभाग में मंत्री बनाया गया था।

डॉ मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री बने डॉ. रामेश्वर उरांव

इसी लोकसभा क्षेत्र से जीतने वाले 1972 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे डॉ रामेश्वर उरांव भी केंद्र सरकार में मंत्री रहे। डॉ मनमोहन सिंह की सरकार में उनके जिम्मे कल्याण मंत्रालय था। इसी सीट से जीतने वाले सुदर्शन भगत भी वर्ष 2014 में भारत सरकार में कृषि राज्य मंत्री रहे थे।

केंद्र में मंत्री बनने वाले एकमात्र सांसद हैं कांग्रेस के सुबोधकांत

रांची सीट से जीतने वालों में केवल सुबोधकांत सहाय को मंत्री बनने का मौका मिला है। वह कई बार केंद्र सरकार में मंत्री रहे। चंद्रशेखर की सरकार में गृह राज्यमंत्री भी थे। बाद में सूचना प्रसारण, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री भी रहे। वह मनमोहन सिंह की सरकार में लगातार मंत्री रहे। धनबाद सीट से जीतनेवाली आइपीएस रणधीर वर्मा की पत्नी भी मंत्री रही थी। वाजपेयी सरकार में मंत्री थी।

चतरा लोकसभा के सांसद नागमणि भी रहे केंद्र में मंत्री

चतरा संसदीय सीट से जीतने वाले नागमणि भी भारत सरकार में मंत्री थे। वह अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री बने थे। गोड्डा संसदीय सीट से जीतने वाले जगदंबी प्रसाद यादव भी केंद्र सरकार में मंत्री थे।

मोरारजी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने गोड्डा के सांसद जगदंबी प्रसाद

गोड्डा से जीतने वाले जगदंबी प्रसाद यादव मोरारजी देसाई की सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री थे। कोडरमा सीट को भी पिछले चुनाव के बाद पहली बार मंत्री का पद मिला था। इस सीट से वर्ष 2019 में जीतने वाली भाजपा की अन्नपूर्णा देवी को केंद्र सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री बनाया गया है।

हजारीबाग-खूंटी से दो सांसद मंत्री

हजारीबाग संसदीय सीट से 2-2 लोगों को मंत्री बनने का मौका मिला। यहां से यशवंत सिन्हा और उनके पुत्र जयंत सिन्हा दोनों को मंत्री बनने का सौभाग्य मिला। यशवंत सिन्हा अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत सरकार के वित्त मंत्री थे। उनके पुत्र जयंत सिन्हा को नरेंद्र मोदी की सरकार में वित्त राज्यमंत्री की जिम्मेदारी दी गयी थी।

अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी और शिबू सोरेन भी बने केंद्र में मंत्री

अर्जुन मुंडा को नरेंद्र मोदी की सरकार में बाद में कृषि मंत्री का प्रभार भी दिया गया है। दुमका संसदीय सीट से जीतने वाले शिबू सोरेन और बाबूलाल मरांडी को भी केंद्र में मंत्री बनने का मौका मिला। शिबू सोरेन कोयला मंत्री और बाबूलाल मरांडी पर्यावरण राज्यमंत्री बने थे।

कड़िया मुंडा कई बार केंद्रीय मंत्री बने

इसी तरह खूंटी लोकसभा सीट से कड़िया मुंडा और अर्जुन मुंडा को केंद्र में मंत्री बनने का मौका मिला। कड़िया मुंडा केंद्र सरकार में कई बार मंत्री रहे। लोकसभा के उपसभापति भी रहे। इस सीट से पहली बार वर्ष 2019 में जीतने वाले अर्जुन मुंडा को केंद्र सरकार में कल्याण मंत्री बनाया गया।

न्यूज गैलरी

मोबाइल दुकान से नगदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। श्याम प्लाजा के सामने भास्कर मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 5 हजार सहित 5 नग मोबाइल, स्मार्ट वॉच और अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनेश कुकरेजा 26 वर्ष कालीनगर पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी श्याम प्लाजा के सामने भास्कर मोबाइल नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 8-9 अप्रैल की दरम्यानी रात प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और 5 नग मोबाइल, स्मार्ट वॉच, नकदी 5 हजार सहित अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 47 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 19 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी संदीप तिवारी 34 वर्ष, राजकुमार गोयल 31 वर्ष, संदीप वर्मा 35 वर्ष, घनश्याम साहू 39 वर्ष व दुस्यंत तिवारी 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने आरोपी भागीरथी साहू 24 वर्ष, जगनू साहू 34 वर्ष व धनेश्वर साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी विशाल केटलिया 36 वर्ष एवं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी प्रमोद बागडे 45 वर्ष, जीतू ढीमर 40 वर्ष, गंगा सागर यादव 36 वर्ष, मोहन यादव 32 वर्ष, चंद्र प्रताप कुर्रे 26 वर्ष, घनश्याम सोनी 35 वर्ष व रामेश्वर चेलक 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी रामाधार मरकाम 40 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी नानकचंद यादव 34 वर्ष व विधानसभा पुलिस ने आरोपी संजय यादव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

बदमाश को छुड़वाने भीड़ पहुंची थाने में, पुलिस ने दी समझाईश

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मुजगहन थाने में जमकर हंगामा मचाया। यहां शराब बिक्री और सट्टा संचालन करने वाले आसकरण नामक बदमाश को छुड़वाने के लिए भीड़ थाने पहुंच गई और हंगामा किया। इतना ही नहीं थाने पहुंचे लोगों ने आरोपियों के जेल से छुटते ही देख लेने की धमकी देते हुए जमकर गालियों की बौछार की। अवैध जुआ संचालन और शराब बिक्री के गिरफ्तार दूसरे आरोपी छोटू बंजारे को भी छुड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे। मामले की गंभीरता को समझते हुए मुजगहन थाना में ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर, सीएसपी, आरआई, टीआई समेत अतिरिक्त बल मौजूद था।

पूरे मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर ने कहा कि लगातार इस क्षेत्र में शराब बिक्री का मामला सामने आया था। जिसको लेकर आरोपी छोटू बंजारे और उसके अन्य और साथी है, जहां पुलिस टीम पहुंची थी। उसको लेकर आए थे। जिसके बाद परिजन थाने आए थे, जिन्हे समझा बुझा कर वापस भेजा हो गया है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम: छत्तीसगढ़ में हर साल कम हो रही सीट, इसके बावजूद नहीं हो पा रही फुल

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में देश में लागू हुआ और प्रदेश में अप्रैल 2010 में लागू हुआ है. देश की लगभग सभी राज्यों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सीट बढ़ती जा रही है लेकिन छत्तीसगढ़ में हर साल सीट कम की जाती है और कम करने के बावजूद सीट फुल नहीं होती है. इससे शिक्षा विभाग को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है? शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं? फिलहाल शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए आवेदन करने का दौर जारी है. ऐसे में अगर हम 2023 तक की रिकॉर्ड देखें तब से आज तक एक लाख से ज्यादा आवेदन गरीब परिवार अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए करते हैं लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज तक 52 हजार सीट नहीं भरी है. हर साल हजारों की संख्या में सीट खाली होती है. ऐसे में सवाल उठता है कि जिस राज्य में 77 लाख से अधिक राशन कार्डधारी है. राज्य में 52 हज़ार सीट का नहीं भरना कहीं न कहीं शिक्षा विभाग के मंशा पर सवाल उठाता है?

स्कूलों में कम उम्र के बच्चों को प्रवेश देने पर पेरेंट्स ने जताई नाराजगी

रायपुर/नवप्रदेश। प्राइवेट स्कूलों और स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है. इसको लेकर छत्तीसगढ़ पेरेंट्स एसोसिएशन ने नाराजगी जताई और लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक को पत्र लिखकर कक्षा पहली के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित करने की मांग की गई है. पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जो शिक्षा का अधिकार कानून का स्पष्ट उल्लंघन है.

प्रशासन नहीं ले रहा सुध, मवेशियों से अज्ञात लाशों के कब्र को नुकसान

फालोअप

रायपुर/नवप्रदेश। जोरा स्थित पुलिस कब्रिस्तान में अज्ञात लाशों को दफनाने के बाद अब इन्हें सुरक्षित रखने के लिए परेशानी बढ़ गई है। खासकर के खुले में दफन लाशों को मवेशियों से नुकसान आम है वहीं बारिश के दिनों में डबरी जैसी हालात सामाजिक संस्था के लिए परेशानी बढ़ा रही है।

जानकारी के मुताबिक दूसरे कब्रिस्तान के लिए भले ही जिला प्रशासन ने पूर्व में 80 डिसमिल जमीन अज्ञात लाशों के लिए आवंटित करने का फैसला किया है लेकिन यहां पर अभी भी सिर्फ 60 डिसमिल जमीन का ही इस्तेमाल हो सका है। बाकी बचे हुए हिस्सों में कफन-दफन कर पाना मुश्किल ही है। दूसरी बार आवंटित जमीन में अब नए कब्र खोदना मुश्किल हो रहा। पुराने कब्रिस्तान में जगह नहीं बचने के कारण करीब छह साल पहले ठीक बाजू में खाली 80 डिसमिल जमीन का आवंटन नए कब्रिस्तान बनाने के लिए किया गया था, लेकिन 2023 तक की स्थिति में यहां भी इतनी लाशों के लिए कब्र खोदा गया है कि अब यहां पर जगह की किल्लत हो रही है। संस्था से जुड़े लोगों का कहना है, जितना रकबा आवंटित किया गया था उसमें 20 डिसमिल जगह डबरी बन जाती है। बारिश के दिनों में पानी भरने की वजह से इस जगह का इस्तेमाल कर पाना मुश्किल है। इस बारे में जिला प्रशासन ने अब छानबीन की बात कही है।

कब्रिस्तान में नहीं कोई दीवार

जोरा स्थित पुलिस कब्रिस्तान में कहीं भी दीवार नहीं है। अज्ञात लाशों को लाने के बाद मवेशी व दूसरे जानवर कब्रिस्तान में मंडराते हैं। ऐसे में परिजनों के लिए परेशानी बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि मृत व्यक्ति के अवशेषों को सुरक्षित रखने के लिए लंबे समय से कब्रिस्तान में बाउंड्रीवाल की मांग की जा रही है।

मांग लगातार जारी

हमारी संस्था पिछले 11 साल से अज्ञात लाशों का कफन-दफन कर रही है। पुराने के बाद नए कब्रिस्तान में भी जगह की कमी पड़ रही है। अब यहां मवेशियों के आने से कब्र को नुकसान होने लगा है।

जमीर अली, संचालक मोक्ष श्रद्धांजलि समिति

मतदाताओं को जागरूक करने निकली बाइक रैली

शहर से शुरू हुई, रास्ते में 24 गांव में किया अधिक से अधिक मतदान का आग्रह

■ **आरंग में महिलाओं ने बनाया मानव श्रृंखला, रास्ते में विद्यार्थियों ने किया उत्साहवर्धन**

रायपुर/नवप्रदेश। ''जाबो संगी मतदान करे बर'' गीत की धुन के साथ आज सुबह रायपुर लोकसभा के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप बाइक रैली कलेक्टोरेट से शुरू होकर आरंग पहुंची और वहां से अभनपुर होते हुए पुनः कलेक्टोरेट में पहुंची। इसके आगे-आगे स्वीप एक्सप्रेस चल रही थी। रैली में एक्सपेंडेचर ऑब्जर्वर श्री रणविजय, श्री आस्थानंद पाठक और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री निलेश क्षीरसागर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शामिल थे, जिसमें करीब हजार की संख्या में बाइक और स्कूटर सवार सहभागिता दी।

यह रैली कलेक्टोरेट से शुरू हुई जो मंदिर हसौद-आरंग से होकर पुनः कठिया-अभनपुर-माना से होकर बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर आकर समाप्त हुई। रैली को लोकसभा ऑब्जर्वर श्री पाठक, श्री रणविजय, श्री निलेश क्षीरसागर ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाई। साथ ही स्वीप एक्सप्रेस भी पूरे रैली में साथ चली। यह रैली सुबह करीब पौने नौ बजे प्रारंभ हुई, जो करीब सौ किलोमीटर की दूरी करीब ढाई घण्टे में पूरी की। इस अवधि में राजधानी से होते हुए नगर पंचायत और हाइवे से जुड़े 24 गांव से गुजरी और वहां पर भी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। यह रैली राजधानी के तेलीबांधा से होते हुए ग्राम जोरा, सेरीखेड़ी, मंदिर-हसौद, छतौना, नवागांव, उमरिया, गुजरा, लखौली, रशनी, बैहार, आरंग, ओड़का, भिलाई, चरौदा, तामासिवनी, तोरला, कठिया, थनौद, सुन्दरकेरा, अभनपुर, झांकी, केन्द्री, बेन्द्री, भटगांव, माना, टेमरी से गुजरी।

ऑब्जर्वर श्री पाठक ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जिनको मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। इस अधिकार को पाने के लिए हमारे पूर्वजों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अनेक लड़ाइयाँ लड़ी हैं आंदोलन किए हैं तब जाकर हमे मताधिकार प्राप्त हुआ है। हम सभी को इसका बढ़ चढ़कर उपयोग करना चाहिए आइये 7 मई को अपने अपने घरों निकलियें और मताधिकार का उपयोग कीजिए।

आपस में समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष चुनाव कराएं : व्यय प्रेक्षकों के निर्देश

■ **व्यय प्रेक्षक पाठक एवं श्री कुमार ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक श्री आस्थानंद पाठक एवं श्री रणविजय कुमार ने आज निर्वाचन के लिए जिले में अब तक की गई प्रशासनिक तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन कार्य से संबद्ध सभी अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तथा परदर्शी मतदान निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने दोनों व्यय प्रेक्षकों को निर्वाचन खर्चे की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं, वीडियो अवलोकन दलों, उड़नदस्तों सहित वीडियोग्राफी, मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण टीम आदि तैयारी की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री विश्वदीप और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा भी मौजूद रहे। बैठक में लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित व्यय निगरानी दलों के प्रभारी-अधिकारी और सदस्य भी उपस्थित थे। रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दोनों व्यय प्रेक्षकों ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तैयारियां अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों के निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने और निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागी बनने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षकों ने निर्वाचन संबंधी कार्यों का प्रतिदिन लेखा जोखा के साथ, कंट्रोल रुम में चौबीस घंटे जिम्मेदार कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए।

दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

■ **दो दिन पहले चोरी की वारदात को दिया था अंजाम**

रायपुर/नवप्रदेश। भाठागांव इलाके में एक किराना दुकान में सेंधमारी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रात के समय अंधेरे का फायदा उठाकर दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पुरन लाल साहू निवासी साहू ने साहू पारा ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया। प्रार्थी के अनुसर ठाकुरदेव पारा भाटा गांव में किराना दुकान चलाता है 8 अप्रैल की रात दुकान को बंद कर घर चला गया था। अगले दिन जब सुबह दुकान पहुंचा तब शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर तलाशी लेने के दौरान डेढ़ लाख रुपये की सामग्री के चोरी होने के बारे में पता चला। इस घटना के बारे में सूचना मिलते ही पुलिस ने फौरन जांच पड़ताल तेज कर दी। जांच टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेज की जांच की। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा छिर्रापारा भाटा गांव पुरानी बस्ती निवासी प्रेमनारायण साहू की पतासाजी कर उसे पकड़ा। साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में प्रेमनारायण साहू से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया।

आरोपी प्रेमनारायण साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की नगदी रकम 3,050 रूपये एवम घटना में प्रयुक्त एक लोहे का सब्बल बरामद कर आगे की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में पुरानी बस्ती थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश , सहायक उप निरीक्षक रूपनारायण तिवारी , आर. परदेशी राम कटारे, सुनील शुक्ला एवं चंद्रेश चन्द्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बड़ा मंदिर में दूसरे तीर्थंकर भगवान अजीत नाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाकर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर में दिनांक 13 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पंचमी को दूसरे तीर्थंकर अजीत नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। ट्रस्ट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया की आज जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर भगवान अजीतनाथ जी का मोक्ष कल्याणक दिवस है। उनके जीवन पैचय में बताया की भगवान् आदिनाथ के मोक्ष चले जाने के बाद जब पचास लाख करोड़ सागर वर्ष बीत चुके तब द्वितीय तीर्थंकर का जन्म हुआ था। इनकी आयु भी इसी अन्तराल में सम्मिलित थी । जन्म होते ही, सुन्दर शरीर के धारक तीर्थंकर भगवान् का देवों ने मेरूपर्वत पर जन्माभिषेक कल्याणक किया और अजितनाथ नाम रखा। इन अजितनाथ की बहत्तर लाख पूर्व की आयु थी और चार सौ पचास धनुष शरीर की ऊँचाई थी। अजितनाथ भगवान के शरीर का रंग सुवर्ण के समान पीला था । उन्होंने बाह्य और आभ्यन्तर के समस्त शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर ली थी। जब उनकी आयु का चतुर्थांश बीत चुका तब उन्हें राज्य प्राप्त हुआ। उस समय उन्होंने अपने तेज से सूर्य का तेज जीत लिया था। एक लाख पूर्व कम अपनी आयु के तीन भाग तथा एक पूर्वागं तक उन्होंने राज्य किया। आज ही के दिन चैत्र शुक्ल पंचमी के दिन जब कि चन्?द्रमा रोहिणी नक्षत्र पर था, प्रातःकाल के समय प्रतिमायोग धारण करने वाले भगवान् अजितनाथ ने मुक्तिपद प्राप्त किया। इस अवसर पर आज सुबह 8.30 बजे पार्श्वनाथ बेदी के समक्ष सभी पहुंचे एवं मंगलाअष्टक का पाठ प्रारंभ कर श्री जी को पांडुशिला में विराजमान किया। सभी ने रजत कलशों से भगवान का प्रासुक जल से रजत कलशों से अभिषेक किया।तत्पश्चात चमत्कारिक रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता शांति धारा की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य शैलेंद्र जैन जैन हैंडलूम एवं अक्षत जैन को प्राप्त हुआ।शांति धारा उपरांत आरती कर भगवान अजीत नाथ का पूजन व निर्वाण कांड पढ़ कर सभी उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ ने निर्माण लाडू चढ़ाया। अंत में विसर्जन पाठ किया गया। इस अवसर पर श्रेयश जैन बालू, प्रवीण जैन मामा जी,महेंद्र कुमार जैन, प्रणीत जैन ,शैलेंद्र जैन,किशोर जैन,समित जैन, के साथ महिलाए उपस्थित थी।

धड़ल्ले से शराब का अवैध कारोबार छापेमारी में चार आरोपी गिरफ्तार

■ **एक अन्य संदिग्ध आसकरण और उसके साथियों द्वारा थाने में हंगामा करने पर उनके विरुद्ध गंभीर मामले में दर्ज हुआ एफआईआर**

रायपुर/नवप्रदेश। ,शहर के मुजगहन थाना क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार के मामले में पुलिस ने चार पुराने बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। आदतन बदमाश अलग-अलग जगहों पर शराब बेचने में लगे हुए थे। मुखबीर से सूचना मिलने के बाद आरोपियों को पुलिस ने दबोचा। सभी के खिलाफ में आबकारी एक्ट के धाराओं के तहत कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक गुरूवार को मुजगहन अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी संजय उर्फ छोटू बंजारे , आरोपी टिकेश यादव के पास 36 पाव देशी शराब जब्त किया गया। इसी तरह से आरोपी लोकनाथ साहू से 33 पाव देशी मदिरा मसाला शराब बरामद करने के बाद आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। एक अन्य मामले में मुखबीर की सूचना मिलने के बाद आरोपी आरोपी अब्दुल कलाम खान को 30 पाव देशी मदिरा शराब के साथ पकड़ा गया। सभी मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ में आबकारी एक्ट के तहत में कार्रवाई की।

क्षेत्रीय भंडार अग्नि दुर्घटना जांच की समयसीमा बढ़ाई गई 15 कार्य दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी स्थित क्षेत्रीय भंडार में आगजनी प्रकरण की जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय सीमा 15 कार्य दिवस बढ़ाने का निवेदन समिति द्वारा किया गया था ,जिसे पॉवर कंपनी प्रशासन ने स्वीकार कर लिया है । वहीं आग से जनहानि रोकने एवं निकट बस्तियों के निवासियों की निजी संपत्तियों को बचाने में मिली सफलता की सराहना मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई है।

बस्ती में बचाव, जनहानि नहीं

.अग्नि दुर्घटना के निकट आबादी बस्ती है। क्षेत्रीय विधायक श्री राजेश मूणत ने जिला प्रशासन की मदद से यहाँ मोर्चा संभाला हुआ था। बस्ती के लोगों को हटाने उनके भोजन-पानी आदि की व्यवस्था करने में प्रशासन के साथ श्री मूणत की टीम लगी रही। इससे एक ओर लोगों की हिम्मत बढ़ाने में मदद मिली वहीं दूसरी ओर आग बुझाने के काम में एकाग्रता भी बनी रहीं। सही समय पर लोगों को घटनास्थल के पास से हटा देने से भी जनहानि से बचा जा सका। श्री मूणत ने इसके लिए प्रशासन की सराहना की है। वहीं बस्ती की दिशा में रखे ऑयल के ड्रमों को अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा काफी जोखिम लेकर हटवाया गया और उसका ढक्कन खोला गया अन्यथा यह खतरनाक बम विस्फोट जैसा रूप ले सकता था, जिससे जान-माल की हानि की आशंका थी।

क्षेत्रीय भंडार में 5 अप्रैल की दोपहर लगभग 1 बजे आग लगी थी, जिसके कारण ट्रांसफॉर्मर और ड्रमों में रखे ऑयल के कारण जल्दी ही विकराल रूप ले लिया था। अवकाश दिवस होने के कारण वहाँ सुरक्षाकर्मी ही उपस्थित थे। सुरक्षाकर्मियों ने वहाँ उपलब्ध अग्निशामक यंत्रों तथा ट्रेनिंग सेंटर से पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। जल्दी ही वहाँ पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद, एम.डी. श्री राजेश कुमार शुक्ला, ई.डी श्री भीम सिंह कंवर, श्री संदीप वर्मा, श्रीमती ज्योति नंनोरे, श्री नेताम तथा बड़ी संख्या में अधिकारीगण पहुँच गये। जिला कलेक्टर श्री गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अशोक सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा, राज्य आपदा मोचनबल प्रमुख आदि घटनास्थल पर पहुंच गये थे। उनके निर्देश पर नगर निगम रायपुर सहित विभिन्न संस्थाओं जैसे हिंदुस्तान पेट्रोलियम, माना विमानतल, अदानी, गोदावरी, हीरा आदि उद्योग समूहों का अग्निशमन बल पहुँच गया था।

132 केव्ही सब-स्टेशन का बचाव

घटनास्थल के निकट 132 केव्ही उपकेंद्र है, जहाँ आग पहुँचने से बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। इस उपकेंद्र के ध्वस्त होने पर शहर की बड़े हिस्से की विद्युत आपूर्ति भी बाधित होती। अतः इसे बचाने की बड़ी प्राथमिकता भी सामने थी। फोम का उपयोग करते हुए आग को इस दिशा में आगे बढ़ने से रोका गया। इस तरह अग्नि दुर्घटना और उसके प्रभाव को सीमित क्षेत्र में रोकने में बड़ी सफलता मिली।

रिकॉर्ड सुरक्षित

भंडार गृह लगभग 8 एकड़ के क्षेत्रफल में फैला है। यहां पर खुले में नये, पुराने-कंडम हर तरह के ट्रांसफार्मर रखे जाते हैं। इसके साथ ही मीटर, केबल, ऑयल, कंडक्टर आदि सामान रहता है। भंडार में रखी सामग्री का रिकॉर्ड वहां स्थित कार्यालय भवन के अलावा सर्वर में भी रहता हैं। जांच समिति द्वारा घटना के पहले का रिकॉर्ड मंगवाया गया है। वहीं सर्वर के रिकॉर्ड से मिलान के बाद भौतिक मूल्यांकन करने की बात कही गई है। घटनास्थल पर मौजूद कुछ कागजी दस्तावेज, कुछ रजिस्टर आदि जले है लेकिन उससे भंडार के भौतिक सत्यापन में कोई विशेष बाधा नहीं आई है। तेजी से बचाव के कारण 90 से अधिक ट्रांसफार्मर सहित बहुत सा महंगा सामान बच गया है, जिसे उपयोग में लाया जा सकता है।

स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए एम्स का वॉकाथान

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थ के त्वावधान में वॉकाथान आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ चिकित्सकों, कर्मचारियों और छात्रों ने सभी को स्वच्छता के माध्यम से बीमारियों से बचने का संदेश दिया।

कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने एम्स परिसर से वॉकाथान को रवाना किया। सभी चिकित्सक पैदल ही महोबा बाजार पहुंचे। यहां आम लोगों और दुकानदारों को स्वच्छता की महत्वता बताते हुए अपने व्यावसायिक परिसर के साथ ही आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

वॉकाथान के बाद सभी पुनः एम्स परिसर पहुंचे। यहां लेफ्टि जनरल अशोक जिंदल के नेतृत्व में चिकित्सकों ने पौधारोपण किया। श्री जिंदल का कहना था कि आर्थिक प्रगति के साथ स्वच्छ और हरित समाज भी वर्तमान आवश्यकता है। हमें प्रयास करना चाहिए कि अपने घर और कार्यालय को स्वच्छ रखें साथ ही अपने आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ और हराभरा बनाने में मदद करें।इस अवसर पर प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल, प्रो. एली मोहपात्रा, प्रो. रामांजन सिन्हा, प्रो. अनिल गोयल, डॉ. मृत्युंजय राठौर सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

सुनो भाई उधो

जंगल के शेर सड़क मं

परमानंद वर्मा

जेल से यदि कोई आतंकवादी अथवा डकैत निकलकर भाग जाए और किसी जंगल से खूंखार शेर। तब कल्पना कीजिए, लोगों की क्या हालत होगी, ऐसा ही वाकया हो गया है बारनवापारा अभ्यारण्य में। सारे सैलानी व क्षेत्र के नागरिक दहशत के मारे जहां-तहां दुबके पड़े हैं। जंगल का यह राजा, बादशाह की भांति बारनावापारा के अलावा सिरपुर, महासमुंद, पिथौरा और बलौदाबाजार क्षेत्र में चहल-कदमी कर रहा है बिना किसी को नुकसान पहुंचाए। वन विभाग के आला अफसर इसकी भोजन व सुरक्षा के सारे इंतजाम कर रहे हैं, प्रशासन ने नागरिकों को भी सुरक्षा के लिए धारा 144 लगा दिया है। इसी पर आधारित है यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

जी परान ले के दउड़त, हपटत, गिरत-परत, हफरत सोनकुंवर गांव के तीर मं पहुंचिस तहां ले आमा के पेड़ के करा गश खाके गिरगे। दइहान करा फुटानी मारत, बीड़ी, गांजा भकर-भकर फूंकत राहय जेमा के गोविंद नांव के सियान अकन रिहिसे तेकर नजर ओ बाई ऊपर परगे। ओहर कहिथे- अरे समारू, रामसरन, थुकेल, ओ दे दधिबल के गोसइन कस लागत हे, कइसे अचानक चकरित गिरगे, चक्कर तो नइ आगे।

गोविंद के बात ल सुनके सबो झन सोनकुंवर मेर जाथे तब देखथे ओहर अचेत परे हे। कोनो-कोनो दउड़के पानी लानिन अउ ओकर माथा मं सिचिंन। पांच दस मिनट मं ओला चेत आथे.

समारू पूछथे- कइसे भउजी, रतिहा उल्टा-पुल्टा सपना देख डरे रेहे का? नींद पूरा नइ करे पाय रेहे अउ निकल गेस छेना, लकड़ी बीने बर। अतेक इहां गरमी परत हे, चक्कर नइ आही त का आही?

तोला न समारू हर समे ठठ्ठा मसखरी सूझे रहिथे। एती ककरो जान जात हे तब तैंहर चंदोर कहिथस- रात मं कोनो सपना देख डरे रे का? तोलो थोरको

लाज- शरम नइ लागय, चार झन के बीच मं अंते-तंते गोठियाथस?

भुजी सोनकुंवर के बात ल सुनके समारू हांस परथे। जनम के मजकिहा, समधिन, सारी अउ भउजी मन के तो अइसे बारा बजा देथे जना-मना फाग नइते ददरिया गावत हे, ताना मार-मार के ओकर मन के एक इज्जत नइ बचावय?

समारू कहिथे- हां तो छोड़ भउजी एती-ओती के बात ला, का बाते हे तउन ला बता? कइसन दउड़त-हफरत, गिरत-हपटत आवत रेहे तउन ला बता अउ कहां हे तोर चरिहा, लकड़ी अउ छेना?

- अरे समारू भइया, का बतावौं मैं तोला, कइसे परान आज मोर बाचिस हे तउन ला मही हा जानिहौं?

- कइसे का होगे रिहिसे ओ, कइसे झझक के चमके असन गोठियाथस? कोनो चोर बदमाश मन के सपेड़ा मं परगे रेहेस तइसे लागत हे। चूंदी तोर जटर-पटर छरियाय असन दीखत हे। जा आज कोनो खोल होगे हे?

- कहां के गड़ौना, बदमाश नइतो कभू तो बने शुभ अउ सही बात गोठियाते। तुंहर देवर मन के नजर मं भउजी मन चकला घर के रंडी असन लगथन का?

- नइ भउजी, अइसन बात नइहे, भगवान झन करय तोर संग अइसन कभू अनहोनी घटना होवय। फेर बात अइसन हे ना, आजकल समे बहुत खराब चलत हे, नीयतखोर, बदमाश, उचक्का मन के बाजार गरम हे। कोनो शरीफ हे, कोनो बदमाश हे तेकर कोनो चिनहारी नइहे। मौके-बेमौका झिमझाम देखिन तहां ले जइसे कुकुर हा बिलई ला दउड़ के दबोच लेथे वइसने कस हाल आज मनखे मन के होगे हे। समारू के बात ल सुन के सोनकुंवर बताथे- बात अइसन हे चंदोर नइतो, कहां के कथा-पुरान ल लमावत हस। छेना बीनत-बीनत बारनवापारा के जंगल तीर मं आज जा परेंव। उहां का देखौं- अड़धंग शेर खड़े हे।

-कतका बड़े रिहिसे भउजी ओ शेर हा?

-बाप रे, अतेक बड़े शेर, लम्बा, चौड़ा, चितकबरा ओहा मोला देखतिस, मोर कोती दउड़तिस तब मोला फाड़ के रख देतिस समारू, मोर लहू पी जतिस।

- बने तो हे, अइसन शेर सबला मिलथे कहां? ये तो अपन-अपन भाग हे ओ शेर हा तोर ऊपर सवारी करतिस, तोर लहू पीतिस, कतेक सुग्घर ओकर काम आय रहिथे। उहू शेर भुखाय रिहिस होही, दाही माही तोला खातिस, लहू चुसतिस। आतमा जुड़ा जाय रहितिस कतेक सुग्घर शिकार मिलिसे आ?

- कस कहां के चंदोर नइते, तैं मोर मरना अंगोरत हस का? भउजी के बात ल सुनके समारू हांस भरथे अउ कहिथे- नहीं भउजी अतेक निरदयी नइहौं मैं, तोला समझना चाही जंगल कोती शेर, भालू, सियार हाथी जइसन कतको हिंसक परानी आकल जब ले जंगल काटना शुरू होय हे, भटकत फिरत हे। उहू मन चारा, पानी के फिराक मं रहिथे। जउने मिलथे तउने ल अपन शिकार बनाथे।

सोनकुंवर बताथे- जान दे समारू, ओ तो अच्छा होइस के ओकर नजर मोर ऊपर नइ परिस। देख परे रहितिस तब तो आज मोर नांव बुता जाय रहितिस अउ तोर भइया नवा भउजी लान के खड़ा कर देय रहितिस।

मोर आंखी-आंखी मं झूलत हे बाबू ओ शेर के चेहरा हा। जइसे ओला देखेंव जीव परान लेके भागेंव, कहां गय छेना, कहां लकड़ी भउहां? अउ ये हे अब तुमन ला देखत हौं। दइहान तीर ले गोविंद हा आवाज देके जोर से पूछथे- अरे का होइस रे, का बात हे, कइसे अचानक गश खाके गिर गे सोनकुंवर हा। तब समारू ओला खबरजी बरोबर सबो रिपोट ल देथे।

विपरीत विचारधारा के बीच संतुलन साधने की कला में माहिर हैं कमल वर्मा

डॉ. परदेशीराम वर्मा

परिवार व्यक्ति को संस्कार देता है तो व्यक्ति भी परिवार को अपनी विलक्षणता से सम्मान देकर यशस्वी बनाता है। यही बात किसी गाँव, इलाका, प्रदेश और देश के बारे में भी कही जा सकती है। व्यक्ति की तरह क्षेत्र विशेष भी अपनी विशेषताओं के कारण विख्यात होता है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले का पाटन क्षेत्र ऐसा ही चर्चित क्षेत्र है। पाटन क्षेत्र से हमारे परिवार का कई पुश्तों से रिश्तेदारी है। मेरे दादा, और मेरी ससुराल पाटन क्षेत्र के गाँव मे है। हमारी एक बुआ भी मोखली गाँव में गई है। मैं छुटपन से पाटन क्षेत्र के गाँवों में आता जाता रहा।

छत्तीसगढ़ को पाटन क्षेत्र ने भूपेश बघेल जैसा दबंग मुख्यमंत्री देकर क्षेत्र की तासीर को ही स्पष्ट किया। यह क्षेत्र 113 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का क्षेत्र है। इस क्षेत्र के गावों में घूमते हुए आज भी हम उन शहीदों की ललकार, यातना सहने की शक्ति, देश-प्रेम और शहादत को सुन और महसूस कर सकते हैं। गाँव-गाँव में शहीदों की मूतियाँ लगी हैं। अनोखापन यह भी है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और दुर्ग के वर्तमान सांसद विजय बघेल चाचा-भतीजा हैं। दोनों ने एक ही दल में रहकर राजनीति के गलियारों में भ्रमण किया। विजय बघेल ने भाजपा का दामन थामकर अपनी अलग पहचान बनाई। भूपेश और विजय दोनों दबंग व्यक्तित्व के राजनीतिज्ञ हैं। उनके स्वभाव और अंदाज के कारण बहुतेरे न जानने वाले लोग उन्हें कुरमी नही राजपूत बघेल समझ बैठते हैं। स्वभाव में यह तेजी, तुर्शी, लड़ाकापन और साहस स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के क्षेत्र पाटन के अनुकूल भी है। यह भी ऐतिहासिक तथ्य है कि छत्तीसगढ़ के कूर्मि बघेलों ने खूब यश अर्जित किया है। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल के बाद उनकी परंपरा में चलने की कोशिश करते हुए भूपेश बघेल ने अपनी विशेष सोंच के साथ पांच साल मुख्यमंत्री रहकर बघेली आमामण्डल का विस्तार किया। विजय बघेल ने कूर्मि समाज के अखिल भारतीय संगठन को समय दिया। भूपेश बघेल ने खूबचंद बघेल की अस्मितावादी राजनीति को समझा और आजमाया विजय बघेल ने अखिल भारतीय कूर्मि समाज के अध्यक्ष रहे डॉ. खूबचंद बघेल की सामाजिक दृष्टि को अंगीकार कर बड़ा करिश्मा किया।

डॉ. खूबचंद बघेल के नाती अमित बघेल भी छत्तीसगढ़ की पहचान और अस्मिता के लिए लगातार काम कर रहे हैं। खेली गाँव पाटन क्षेत्र का विशेष गाँव है। यह गाँव कल्याण महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य हरि दुबे, बालोद के एस.डी.ओ. इरीगेशन कौशल वर्मा और छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा का गाँव है। कमल वर्मा का व्यक्तित्व कितना चमत्कारिक है इसे इसी बात से हम जान सकते हैं कि वे दिग्विजय सरकार के परिवहन मंत्री भूपेश बघेल के वो एस.डी. थे तो बाद में पूनम चंद्राकर संसदीय सचिव तथा विजय बघेल संसदीय सचिव के भी ओ.एस.डी. थे। सर्वस्वीकृति योग्य व्यक्ति ऐसे ही विकास करते हैं। वे छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के भी अध्यक्ष हैं। गाँव के स्कूल में ही प्राथमिक पढ़ाई करने के बाद कमल वर्मा ने तर्रा हाईस्कूल से बारहवीं किया। बी.एस.सी. गणित साईस कालेज रायपुर से करने के बाद एम.एस.सी. पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से

तथा एन.आई.टी. चेन्नई से पीजीडीसीए किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति रह चुके डा. शिवकुमार पाण्डे पाटन के बोरिद गाँव के निवासी हैं। शिवकुमार पाण्डे के सुपुत्र सुशील कुमार पाण्डे भारतीय वायुसेना में विंग कमाण्डर हैं। जाहिर है कमल वर्मा को बोरिद वाले महराज का भरमूर स्नेह मिला। पाटन क्षेत्र के ही गाँव बोदल में जन्में और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पढ़े डॉ. मुकेश वर्मा भी तकनीकी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के चर्चित कुलपति हैं।

पाटन क्षेत्र का मर्रा हाई स्कूल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित बहुतेरे बड़े नामी गिरामी व्यक्तित्वों का स्कूल रहा है। पूर्व मंत्री अनंतराम वर्मा, सिंचाई विभाग के सेवाभावी इंजीनियर राजेन्द्र बघेल इसी स्कूल में पढ़े और दोनों मटंग गाँव के निवासी भी हैं। राजेन्द्र बघेल के युवा पुत्र त्रयंम्बक बघेल ने वाटर रिसोर्सेस में एम.टेक. कर ने के बाद जर्मनी और थाइलैण्ड में छः वर्ष रहकर पी.एच.डी. की पढ़ाई की। वे छत्तीसगढ़ के ऐसे बिरले युवा हैं जो इतनी बड़ी डिग्री लेकर कुछ ही दिनों में वापस छत्तीसगढ़ सेवा हेतु लौटने वाले हैं। पाटन क्षेत्र के देवादा गाँव के चर्चित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. महादेव पाण्डे आयुर्वेदिक कालेज रायपुर के प्राचार्य रहे। इस कॉलेज में 1956-66 के सत्र में साल भर मैं भी पढ़ता रहा लेकिन अकाल ने मुझे पढ़ाई छोड़कर आसाम राइफल्स में भर्ती होने के लिए मजबूर कर दिया। इस तरह यह पाटन क्षेत्र मेरी जिन्दगी में प्रेरक, और हिम्मत बंधाने वाला क्षेत्र बन गया। पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा का जन्म स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हिम्मत राम आडिल के निवास में ग्राम अखरा में हुआ था। छाया के पिता अखरा में शिक्षक होकर गये। अखरा के लखनलाल आडिल गुरूजी भिलाई में 1957-58 में पाँचवी कक्षा के हमारे शिक्षक रहे। पाटन पर सोचते हुए और लिखते हुए मुझे मुन्नवर राणा याद हो आते हैं।

लिपट जाती हैं सारे रास्तों की याद बचपन में,
जिधर से भी गुजरता हूँ मैं रस्ता याद करता हूँ।

पाटन क्षेत्र के गाँव रवेली ने पर्याप्त यश अपने बेटों के कारण प्राप्त किया। कमल रवेली का ऐसा ही बेटा है। कमल वर्मा की बड़ी बेटी इशा वर्मा बी.ई. एम.एस. की डिग्री लेकर स्काटलैण्ड यू.के. में प्रतिष्ठित संस्थान जे.पी. मार्गन में बड़े पद कार्यरत हैं। दूसरी बेटी डॉ. शौम्या है जो एम.बी.बी.एस. है। कमल वर्मा प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी हैं। वे छत्तीगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रान्तीय संयोजक तथा छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रान्तीय अध्ययक्ष हैं। वे संचालनालयीन अधिकारी संघ के भी अध्यक्ष हैं। कमल वर्मा अपने अध्यक्षीय काल में संघर्ष, एकता और उपलब्धि से खूब यश अर्जित कर रहे हैं। वे 2019 से संगठन के अध्यक्ष हैं। प्रदेश में पुरानी पेंशन जब भूपेश सरकार ने बहाल किया तो कमल वर्मा ने उनका अभिनंदन किया। प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा दिलाकर कमल वर्मा एवं संगठन के साथियों ने खूब यश अर्जित किया। प्रदेश में 17 दिनों का अनिश्चित कालीन आन्दोलन भी बड़े मसले को हल करने के लिए कमल के नेतृत्व में हुआ। यह बड़ा सार्थक आन्दोलन सिध्द हुआ। विगत पांच वर्षों में इस तरह के कई आन्दोलनों का नेतृत्व कमल वर्मा ने किया है।

इनके संगठन ने खेल के क्षेत्र में काम किया। नवा रायपुर में प्रीमियर लीग का विगत 7 वर्षों से आयोजन ये करवाते हैं। विभागाध्यक्ष तथा मंत्रालय के खिलाड़ी इसमें शामिल होते आजकल संवेदनशील लेखक और शिक्षक पिता के संस्कारवान पुत्र तारन सिन्हा इसमंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। कमल वर्मा के प्रगतिशील कृषक पिता केशवराम जी वर्मा ब्लाक कांग्रेस कमेटी तथा कुर्मी समाज पाटन क्षेत्र के प्रथम अध्यक्ष थे। उनके परिवार के प्रायः सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में अपनी योग्यता का परचम लहरा रहे हैं। कमल वर्मा एक छोटे से गाँव से निकलकर कठिन संघर्ष करते हुए यहाँ तक पहुंचे हैं इसीलिए संघर्षशील लोगों की मदद करने के लिए सदा अवसर भी तलाशते हैं।

अत्यंत शालीन, खुशमिजाल कमल वर्मा को कई बार अपने पूर्व बॉस भूपेश बघेल के साथ भी उनके मुख्यमंत्री काल में बातचीत के लिए मित्रों के साथ जाना पड़ा। मित्र वह देखकर चकित रह जाते थे कि मुख्यमंत्री से इतनी निकटता और आत्मीयता के बावजूद कमल अपने संगठन के अध्यक्ष की गरिमा भी किस तरह बचा ले जाते थे। साथ ही संगठन के हित के लिए संघर्ष जारी रखते थे। व्यक्तिगत उपलब्धियों पर गर्वित होने और सुख से रहने वालों में से नहीं हैं कमल वर्मा। उन्होंने पद और अवसर को सेवा का एक मौका मान लिया है। कमल अपने संगठन, कूर्मि समाज और परिचितों के बीच हर समस्या के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं। अभी कमल वर्मा युवा हैं। 1966 में उनका जन्म हुआ। इसी वर्ष में शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर आसाम राइफल्स में रोजी-रोटी के लिए चला गया। मुझे यह 1966 का साल याद हो आता है जब भी मैं कमल से मिलता हूँ। 1966 मेरे लिए जीवन की दिशा बदलने वाला साल सिध्द हुआ। 1966 में जन्में कमल वर्मा भी लगातार संघर्ष करते हुए सहीं दिशा तलाशने में कामयाब हुए। कमल के व्यक्तित्व में एक विशेषता यह है कि महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस और सांसद विजय बघेल से रिश्तेदारी के बावजूद कमल भूपेश बघेल के भी बहुत करीबी रहे। बहुत कम लोगों में ऐसा कौशल होता है। कमल के बड़े भाई का नाम कौशल है। आशा है इस विशिष्ट स्वभावगत कौशल की ताकत से कमल वर्मा जन हित के काम को सफलतापूर्वक करते हुए उपलब्धियों का आकाश छुर्वेगे।

देवी के इन मंत्रों से मिलते हैं असाधारण लाभ

रोग नाशक देवी मन्त्र

उं उमा-देवीभ्यां नमः

इस मन्त्र से मस्तक-शूल तथा मज्जा-तन्तुओं की समस्त विकृतियाँ दूर होती है - 'पागल-पन' तथा 'हिस्टीरिया' पर भी इसका प्रभाव पड़ता है ।

यं यम-घण्टाभ्यां नमः

इस मन्त्र से 'नासिका' के विकार दूर होते हैं ।

शां शांखिनीभ्यां नमः

इस मन्त्र से आँखों के विकार दूर होते हैं । सूर्योदय से पूर्व इस मन्त्र से अभिमन्त्रित रक्त-पुष्प से आँख झाड़ने से 'फूला' आदि विकार नष्ट होते हैं ।

द्वां द्वार-वासिनीभ्यां नमः

इस मन्त्र से समस्त 'कर्ण-विकार' दूर होते हैं ।

चिं चित्र-घण्टाभ्यां नमः

इस मन्त्र से 'कण्ठमाला' तथा कण्ठ-गत विकार दूर होते हैं ।

सं सर्व-मंगलाभ्यां नमः

इस मन्त्र से जिह्वा-विकार दूर होते हैं । तुतलाकर बोलने वालों या हकलाने वालों के लिए यह मन्त्र बहुत लाभदायक है ।

धं धनुर्धारिभ्यां नमः

इस मन्त्र से पीठ की रीढ़ के विकार दूर होते है ।

मं महा-देवीभ्यां नमः

इस मन्त्र से माताओं के स्तन विकार अच्छे होते हैं । कागज पर लिखकर बालक के गले में बाँधने से नजर, चिड़चिड़ापन आदि दोष-विकार दूर होते हैं ।

शोक-विनाशिनीभ्यां नमः

इस मन्त्र से समस्त मानसिक व्याधियाँ नष्ट होती है । 'मृत्यु-भय' दूर होता है । पति-पत्नी का कलह-विग्रह रुकता है । इस मन्त्र को साध्य के नाम के साथ मंगलवार के दिन अनार की कलम से रक्त-चन्दन से भोज-पत्र पर लिखकर, शहद में डुबो कर रखे । मन्त्र के साथ जिसका नाम लिखा होगा, उसका क्रोध शान्त होगा ।

लं ललिता-देवीभ्यां नमः

इस मन्त्र से हृदय-विकार दूर होते हैं ।

शूं शूल-वारिणीभ्यां नमः

इस मन्त्र से 'उदरस्थ व्याधियों' पर नियन्त्रण होता है । प्रसव-वेदना के समय भी मन्त्र को उपयोग में लिया जा सकता है ।

कां काल-रात्रीभ्यां नमः

इस मन्त्र से आँतों के समस्त विकार दूर होते हैं । विशेषतः 'अक्सर', 'आमांश' आदि विकार पर यह लाभकारी है ।

वं वज्र-हस्ताभ्यां नमः

इस मन्त्र से समस्त 'वायु-विकार' दूर होते हैं । 'ब्लड-प्रेशर' के रोगी के रोगी इसका उपयोग करें ।

कौं कौमारीभ्यां नमः

इस मन्त्र से दन्त-विकार दूर होते हैं । बच्चों के दाँत निकलने के समय यह मन्त्र लाभकारी है ।

"गुं गुह्येश्वरी नमः"

इस मन्त्र से गुप्त-विकार दूर होते हैं । शौच-शुद्धि से पूर्व, बवासीर के रोगी 108 बार इस मन्त्र का जप करें । सभी प्रकार के प्रमेह ङ्क विकार भी इस मन्त्र से अच्छे होते हैं ।

पां पार्वतीभ्यां नमः

इस मन्त्र से 'रक्त-मज्जा-अस्थि-गत विकार' दूर होते हैं । कुष्ठ-रोगी इस मन्त्र का प्रयोग करें ।

मुं मुकुटेश्वरीभ्यां नमः

इस मन्त्र से पित्त-विकार दूर होते हैं । अम्ल-पित्त के रोगी इस मन्त्र का उपयोग करें ।

पं पद्मावतीभ्यां नमः

इस मन्त्र से कफज व्याधियों पर नियन्त्रण होता है ।

विधिः-

उपर्युक्त मन्त्रों को सर्व-प्रथम नवरात्रि अथवा किसी अन्य पर्व-काल में 1008 बार जप कर सिद्ध कर लेना चाहिये । फिर प्रतिदिन जब तक विकार रहे, 108 बार जप करें अथवा सुविधानुसार अधिक-से-अधिक जप करें । विकार दूर होने पर 'कुमारी-पूजन, ब्राह्मण-भोजन आदि करें।

आज का इतिहास

1434 में फ्रांस के विश्वविख्यात सेंट पीटर कैथेड्रल की आधारशिला रखी गई थी। 1659 में औरंगजेब ने दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया था। 1809 में नेपोलियन ने बावारिया की लड़ाई में ऑस्ट्रिया को हराया था। 1814 में नेपोलियन को राजगद्दी से हटाया गया था। 1865 में आज के ही दिन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को वाशिंगटन के 'फोर्ड थिएटर' में गोली मार दी गई थी। अगले दिन सुबह उनकी मृत्यु हो गई थी। 1891 में आज ही के दिन असंभव को संभव करने वाले और भारत के संविधान निर्माता डा. बी.आर. आंबेडकर का जन्म हुआ था। 1958 में आज ही के दिन सोवियत उपग्रह स्पूतनिक-2 अपने अंतरिक्ष अभियान के 162 दिन बाद नष्ट हुआ था। 1995 में आज ही के दिन इंडिया चौथी बार एशिया कप क्रिकेट का चैंपियन बना था। 2006 में आज ही के दिन चीन में प्रथम बौद्ध विश्व सम्मेलन शुरू हुआ था। 2008 में भारत में कोलकाता और बांग्लादेश में ढाका के बीच 1965 के बाद पहली बार यात्री रेल सेवा की शुरुआत हुई थी।

QUIZ TIME

1) प्राचीन भारत में निलोपिटू शब्द का प्रयोग किसके संदर्भ में किया जाता था?

2) कौन डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू की रीढ़ है?

3) हू इज देयर नो इंटरनेशनल थ्योरी के लेखक कौन थे?

4) यह किसका कथन है? गलत करने से गलत बर्दाश्त करना बेहतर है?

5) हाल ही में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय वेटलिफ्टर कौन बन गए हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सार्वजनिक अभिलेखों का रख-रखाव (2) एचटीटीपी (3) मार्टिन वाइट (4) हन्ना आरेंट (5) मीराबाई चानू

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -026

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			ट्टू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्त : 06:41, चन्द्रोदयः : 09:11, चन्द्रास्तः :24:02, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय) ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र :आर्द्रा, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : बालव (12:04 तक), द्वितीय करण : कौलव (23:47 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र, : मिथुन (12:49 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनिः कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:56 से 12:47, अमृत काल : 16:02 से 17:38, रवियोग : 05:58 से 21:15, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त : 18:45 से 19:07, सायाह्न सन्ध्या : 18:46 से 19:53, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:44, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:58 से 15:34, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 12:44 से) शिववास : कैलाश पर (12:04 से नन्दी पर) ।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन आकस्मिक फायदे कराने वाला रहेगा। आज आप किसी से अधिक व्यवहार करना पसंद नहीं करेंगे।

वृषः आज के दिन का अधिकांश समय आपके अनुकूल रहेगा। आज स्वास्थ्य भी उत्तम बना रहेगा। कार्यो के प्रति आज अधिक ईमानदार रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन स्थिति में सुधार आने से राहत अनुभव करेंगे। कुछ दिनों से चल रही शारीरिक एवं पारिवारिक समस्याओं का समाधान होने से मानसिक शांति मिलेगी।

कर्कः आज के दिन परिस्थितियां प्रतिकूल रहने से कोई राहत नहीं मिलेगी। मन किसी अरिष्ट के भय ये व्याकुल हो सकता है।

सिंहः आज के दिन का पहला भाग सुख शांति से व्यतीत करेंगे। कोई रुका कार्य पूर्ण होने से धन लाभ होगा।

कन्याः आज का दिन आध्यात्म एवं धार्मिक आस्था में वृद्धि करने वाला रहेगा। पुण्योदय होने से भाग्योन्नति के अवसर मिलेंगे।

तुलाः आज प्रातः काल से ही किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के कारण भाग-दौड़ रहेगी लेकिन सफलता को लेकर मन में संशय रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन विपरीत फल प्रदान करने वाला है। आर्थिक कारणों से चिंता बैचेनी रहेगी।

धनुः आज का दिन घर एवं बाहर के वातावरण में बदलाव लाने वाला रहेगा। विद्यार्थियों के लिये आज का दिन कुछ परेशानी वाला हो सकता है।

मकरः आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। रूप ले सकती है। मध्यान पश्चात संतान और जीवनसाथी के स्वास्थ्य ख़राब हो सकता है।

कुंभः आप का आज का दिन मिश्रित फलदायी है। दिन के पूर्वार्ध में सेहत में गिरावट रहने से बेचैनी बढ़ेगी।

मीनः आज के दिन आपका मन अनिर्णय की स्थिति में रहेगा मानसिक स्थिति पल पल में बदलने के कारण दिनचर्या में विलंब होगा।

■ न्यूज गैलरी

अनुश्री व निधि सीएफए की परीक्षा में उत्तीर्ण

भिलाई। वित्त और निवेश के क्षेत्र में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त योग्यता चार्टर्ड वित्तीय विश्लेषक के अंतिम सेमेस्टर के परिणाम विगत दिनों सीएफए संस्थान ने घोषित किये घोषित परिणाम में शहर से दो प्रतिभागी ने सफलता हासिल कर शहर को गोरांवित किया है। सीमा और अनिल गुप्ता की सुपुत्री अनुश्री गुप्ता एवं वर्षा एवं विष्णु खंडेलवाल की बेटी निधि खंडेलवाल ने सीएफए परीक्षा पास की है इसे महज एक संयोग ही कहा जा सकता है कि उत्तीर्ण दोनों ही छात्राएं हैं और दोनों ही खंडेलवाल समाज से आती हैं

अवैध गांजा के साथ गिरफ्त

दुर्ग। सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कब्जे से 2 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 20 हजार रुपए जब्त किया है। थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि दिनांक 12.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर सारथी मोहल्ला वार्ड 03 मठपारा दुर्ग के पास महेश सारथी पिता राधेश्याम सारथी उम्र 56 साल निवासी वार्ड 03 मठपारा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.), को अवैध रूप से प्रतिबंधित मादक पदार्थ (गांजा) बेचने के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 02 किलो ग्राम गांजा एवं नगदी रकम 250/-रू. पुलिस ने गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त किया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 198/2024 धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

आज शिविर

दुर्ग। सड़क सुरक्षा अंतर्गत 14 अप्रैल को स्कूल बसों की मैकेनिकल एवं वाहन प्रपत्रों की जांच शिविर तथा वाहन चालकों/ परिचालकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु परिवहन विभाग के समक्ष अधिकारी, पुलिस विभाग के वाहन शाखा प्रभारी, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से शिविर/कैम्प का आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त शैक्षणिक संस्थान के प्रबंधक/प्राचार्यों को उक्त शिविर में अधीनस्थ स्कूल बसों में टैक्स फिटनेस, बीमा, परमिट, स्पीड, गर्वनर प्रमाण पत्र, जीपीएस एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र से संबंधित समस्त दस्तावेजों को पूर्ण कराने कहा है।

अल्जेब्रा के स्थान पर कैल्कुलस का प्रश्न पत्र खुला, विवि ने रद्द की परीक्षा

■ **कुलपति डॉ. पल्टा ने ऑनलाइन रूप से अधिकारियों से चर्चा कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग की वर्तमान में चल रही वार्षिक परीक्षा के दौरान 13 अप्रैल 2024 को प्रातः कालीन पाली में बीएससी/बीएससी बीएड प्रथम वर्ष के गणित विषय की परीक्षा में अल्जेब्रा के स्थान पर कैल्कुलस का प्रश्नपत्र पैकेटों में से निकला। इस वजह से विश्वविद्यालय प्रषासन ने आज आयोजित होने वाले में बीएससी/ बीएससी बीएड प्रथम वर्ष नये कोर्स की परीक्षा रद्द कर दी। यह जानकारी देते हुए विवि के परीक्षा उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि विवि के स्थापना के पश्चात् 09 वर्ष की अवधि में प्रथम बार प्रश्नपत्र में इस प्रकार की त्रुटि पायी है। डॉ. पटेल ने बताया कि 13 अप्रैल को न्यु कोर्स तथा ओल्ड कोर्स दोनों की परीक्षा थीं। ओल्ड कोर्स में प्रथम प्रश्नपत्र अल्जेब्रा तथा द्वितीय प्रष्नपत्र कैल्कुलस है जबकि नये कोर्स में प्रथम प्रष्नपत्र कैल्कुलस तथा द्वितीय प्रश्नपत्र अल्जेब्रा कर दिया गया है। संभवतः इसी प्रकार के कन्फ्यूजन के कारण यह त्रुटि प्रष्नपत्रों की प्रिंटिंग के दौरान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। डॉ. पटेल ने बताया कि प्रिंटिंग प्रेस से प्राप्त होने वाले प्रष्नपत्रों के पैकेट को विष्वविद्यालय में नहीं खोला जाता। इन्हें सीधे परीक्षा केन्द्रों पर प्रेषित कर दिया जाता है। इसलिए प्रष्नपत्र में त्रुटि का एहसास विष्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को ज्ञान नहीं हो पाया। डॉ. पटेल के अनुसार आज प्रातः प्रष्नपत्र परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों को वितरित होते ही उन्होंने प्रश्नपत्र की त्रुटि संबंधी ध्यानाकर्षण परीक्षा केन्द्र समन्वयकों किया। समन्वयकों द्वारा विश्वविद्यालय प्रषासन को सूचित किये जाने पर अवकाश का दिन होने के बाद भी कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने ऑनलाईन रूप से अधिकारियों से चर्चा कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली तथा बीएससी/बीएससी बीएड प्रथम वर्ष न्यु कोर्स की परीक्षा स्थगित किये जाने संबंधी निर्देश दिये। ओल्ड कोर्स की परीक्षा यथावत् आयोजित हुई।

व्यापारी हुआ 5 लाख की सायबर ठगी का शिकार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एक व्यापारी गूगल पर आईसीआईसीआई बैंक कस्टमर केयर नंबर सर्च करके ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठग ने तत्काल व्यापारी के नंबर पर कॉल करके समस्या की जानकारी लेकर उसके खाते से करीब 4.90 लाख पार कर दिए। व्यापारी की रिपोर्ट पर से छावनी पुलिस ने धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक कि प्रार्थी अनमोल अग्रवाल की जलेबी चौक, कैम्प 02 पावर हाउस में शंकर ट्रेडिंग कंपनी नाम की फर्म है। 2 अप्रैल 2024 को अनमोल अग्रवाल ने आईसीआईसीआई बैक के कुणाल साहू को कॉल किया। इस दौरान कहा कि पार्टी को रकम ट्रासफर करना है। इस दौरान कस्टमर केयर वाले ने कॉल नहीं उठाया। उसके बाद इस नंबर 9347863362 से कॉल आया और जो कि टूरु कॉलर पर यह नंबर कस्टमर हेल्प लाइन सर्विस के नाम पर दिखा रहा था। अनमोल ने इस नंबर पर बात की। फोन नंबर पर अनमोल ने अपनी परेशानी बतायी कि व्यापारी निर्मल सागर ट्रेडर्स करनाल हरियाणा की फर्म से 25 जनवरी 2024 को गुड़ खरीदा था, जिसका पेमेन्ट ट्रासफर करना था, लेकिन आईएफएससी कोड गलत दिखा रहा था। तब उसने बताया आईडी डिवाइस अपडेट करने के लिए कहा, जिस पर अनमोल ने अपडेट किया तो खाते से 4 लाख 89 हजार 999 रुपए डेबिट बताया।

भाजपा प्रत्याशी ने किया घर घर जनसंपर्क

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भाजपा प्रत्याशी को विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दिलाने कार्यकर्त्ता घर घर संपर्क कर भाजपा को जिताने अपील कर रहे है। विधानसभा स्तरीय वृहद जनसंपर्क अभियान में विजय बघेल शामिल हुए और जनता से देशहित में मतदान करने आशीर्वाद लिए। मोदी की गारंटी और डबल इंजन की छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की मोदी के नेतृत्व देश आगे बढ़ रहा है। लोकसभा प्रत्याशी बघेल को पुनः सेवा का अवसर देने जनता में उत्साह उमंग है। आज पंचमी के दिन चंडी मंदिर में माता का आशीर्वाद लेकर जनसंपर्क शुरू किया गया जो बघेरा बस्ती, नयापारा, बजरंग नगर, स्टेशन रोड, पोलसायपारा, तकियापारा, किल्लामंदिर, शिवपारा, गाँधीचौक होते हुए करीब 15 किलोमीटर तक पैदल चलते हुए भ्रमण क्षेत्र में किया गया। श्री बघेल ने देश का भविष्य सुरक्षित हाथ में बताते हुए देश के विकास में हमें मोदी जी हाथ मजबूत करना है इसलिए आप सभी भाजपा के पक्ष में मतदान कर राष्ट्र निर्माण अपनी भूमिका अदा करे। मोदी सरकार में हर गारंटी पूरी हो रही है इसलिए आज पूरा देश कह रहा है हम भी मोदी के परिवार है। जनसंपर्क में विनायक नातू, पोषण साहू, शिवेन्द्र परिहार, कविता तांडी, नरेश तेजवानी, कांशीराम कोसरे, देवनारायण चंद्राकर, गुलाब वर्मा, कृष्णा निर्मलकर, श्याम शर्मा, मनमोहन शर्मा, अरुण सिंह, महेश सर्वा, महेंद्र लोढ़ा, अश्वनी चंदेल, इष्टपाल, आशुतोष मिलिंद, अमित पटेल, जयश्री राजपूत, शेखर चंद्राकर, शशि द्वारिका साहू, नरेंद्र बंजारे, मनीष साहू, चैनसुख भट्टड रितेश शर्मा, रमेश श्रीवास्तव, आशुतोष यादव, गणेश यादव, हेमंत गोयल, नारायण शर्मा, भूपेंद्र साहू, संजय शुक्ला, जवाहर जैन, प्रकाश राजपूत, प्रमोद नामदेव, प्रशांत अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

पंचमी पर व्यापारी व ग्रामीणों ने बांटी खिचड़ी

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। स्थित समस्त माता के मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ज्योत प्रज्वलित किया गया है जिनमे महामाया मंदिर में 2051, महामाया ट्रस्ट द्वारा 30 शीतला मंदिर में 175 ,ग्राम परसदा माता के मंदिर में 51 एवं रामपुर (चोरहा) में 51 ज्योत जलाए गए हैं। शनिवार को पंचमी के अवसर पर महामाया मंदिर में व्यापारी संघ ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया, प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे हजारों श्रद्धालु कुम्हारी चैत्र नवरात्र के पंचमी तिथि पर मां महामाया व्यापारी संघ एवं मुहल्लेवासियों के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाजार चौक में भी विशाल खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शरबत एवं खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का प्रारंभ सर्वप्रथम मां महामाया माता की पूजा-अर्चना कर तत्पश्चात ग्राम देवता शीतला मैय्या को भोग लगाकर की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं ग्रामवाशियों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया । भंडारा संयोजक पुरुषोत्तम साहू ने बताया की पिछले 8 वर्षो से लगातार पंचमी के दिन भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें समस्त ग्रामवासी इकट्ठा होकर प्रसाद ग्रहण करते है। इस मौके पर दीपक यादव, मोहन चक्रधारी ,महेंद्र वर्मा, विकास सोनी, दीपक सिंग, पप्पू चंद सोनी, संजय वर्मा, विक्की श्रीवास, अनिल सोनी, सौरभ देवांगन, धर्मेंद्र सोनी ,संतोष लखवानी, दिलीप सोनकर, राकेश सोनकर, रिंकू वर्मा, कमलेश सोनकर, फलेश्वर साहू, खेमा यादव ,उत्तम सिन्हा, राजू साहू, रोशन सोनकर, मिक्की साहू , छोटू सेन ,चंद्रकांत साहू एवं टनिश का विशेष सहयोग रहा।

71 लाख की ठगी, गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सुपेला थाना पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करने वाला फरार आरोपी डॉ. पंकज बरेठ पिता बंगाली बरेठ निवासी शंकरपुर गौरी नगर धमतरी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण क्षेत्र के भोले-भाले पढे लिखे बेरोजगार नवयुवको के साथ ठगी करते थे। मंत्रालय एवं अन्य विभागो में नौकरी लगाने के नाम 71 लाख की धोखाधड़ी की है। पूर्व में 3 आरोपी पकड़ा गया था।अब तक 15-20 से भी अधिक लोगो को झांसा दे चुका है। रिपोर्ट की जानकारी होते ही फरार हो गया था। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आमजनो से नौकरी लगाने के नाम से धोखाधडी करने गिरोह का पर्दाफाश कर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर रवाना होकर आरोपी अर्जुन मानिकपुरी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि प्रार्थी से 7.10 लाख एवं प्रार्थी के अलावा 15-20 लोगो से ठगी करना स्वीकारा है।

बिना लाइसेंस उद्योग, कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पिछले सप्ताह नंदिनी रोड में एसीसी प्लांट के पास स्थित जेएमडी उद्योग में भीषण आग लगी थी। इस आग में टैंकर सहित दो ट्रक और करोड़ों रुपए का कैमिकल जल गया था। इसकी जांच के दौरान एक चौकाने वाली सच्चाई सामने आई है कि ये उद्योग बिना लाइसेंस के संचालित हो रहा था और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है। अब इस मामले में कलेक्टर ने उद्योग संचालक को नोटिस जारी किया है। जानकारी के मुताबिक पेंट में उपयोग होने वाला कैमिकल की सप्लाई करने वाली कंपनी जेएमडी उद्योग में 1 अप्रैल को भीषण आग लग गई थी।

आगजनी के बाद तीन अलग-अलग टीमों ने मामले की जांच की थी। उद्योग विभाग, उद्योग सुरक्षा विभाग और अग्निशमन विभाग ने मिलकर अपनी जांट रिपोर्ट को कलेक्टर को सौंप दिया है। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी ने जेएमडी उद्योग, छावनी के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला उद्योग केंद्र दुर्ग से पता करने पर यह जानकारी मिली की उद्योग के संचालक ने कुछ समय पहले ही करीब एक एकड़ जमीन उद्योग के नाम पर अलाट कराया था। उसने उद्योग शुरू करने के लिए न तो लाइसेंस लिया और न प्रोडक्शन सर्टिफिकेट के लिए कोई आवेदन किया। खाली जमीन में ढांचा खड़ा करके अवैध रूप से उद्योग का संचालन शुरू कर दिया। जबकि नियम के मुताबिक कैमिकल उद्योग शुरू करने से पहले 7-8 विभागों से एनओसी लेनी होती है।

पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विगत दिनों पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक (एसएमएस-3) एबी श्रीनिवास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ विशेषकर सुरक्षा के पालन करने हेतु दिया गया है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी सभी विजेता उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने साथी कार्मिकों को प्रेरित करें। उपप्रबंधक अशोक चैकीदार को पाली शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया। इसी क्रम में एसएमएस-3 के धनंजय कुमार सिंह, आर पुष्पाअर्चना, पुनऊ दास, ओम प्रकाष, तापस बाउरी एवं रंजीत साह को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत कार्मिकों के जीवनसाथी हेतु प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। कार्यक्रम में स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के महाप्रबंधकगण पी सतपथी, यतेन्द्र, त्रिभुवन बैठा, डी विजिथ तथा उप महाप्रबंधक संजीव सोनी मौजूद थे।

स्टेकर-4 का उद्घाटन

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के ओएचपी-ए स्थित स्टेकर-4 का कैपिटल रिपेयर के पष्चात उद्घाटन कार्यकारी कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) तापस दासगुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी) एचके पाठक, महाप्रबंधक प्रभारी (कांट्रेक्ट सेल) आई सेनगुप्ता, महाप्रबंधक (सीईडी) राकेश पाण्डेय, महाप्रबंधक (आरएमडी) रंजन भारती, महाप्रबंधक (ओएचपी-ऑपरेशन) एके सिंह की उपस्थिति में किया गया। विदित हो कि ओएचपी-ए का स्टेकर नंबर 4, वर्ष 2002 में चालू किया गया था और तब से परिचालन में था। लंबे अवधि से लगातार परिचालन में होने के कारण इसका स्ट्रक्चर और अन्य मेकेनिज्म कमजोर हो गए थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400163 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका लखनलाल ध्रुव आ./पति मोती सिंह ध्रुव निवासी नेहरुनगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 90/18 रकबा 0.110 हें/ 12000 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400171 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका बसंत कुमार कसेर आ./पति मोहनलाल कसेर निवासी वार्ड क्रं. 8 तकियापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 114/40 रकबा 0.0220 हें/ 2424 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600016 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका देवेन्द्र कुमार साहू आ./पति श्री मनोहर लाल साहू निवासी ग्राम चण्डी तह. अभनपुर जिला रायपुर के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 584/5 रकबा 0.0139 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600016 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका इन्द्रजीत देवांगन पिता श्री शत्रुघन लाल देवांगन सिन्हा निवासी बाबू बगीचा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अखरा प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 44/31 रकबा 0.0125 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600014 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका चुम्मनलाल सिन्हा आ./पति श्री केशव सिन्हा निवासी ग्राम झीट तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अखरा प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 50/23 रकबा 0.0202 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202312100600009/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री देवव्रत साहू आ./पति श्री जोहनलाल साहू निवासी ग्राम भाठागांव तह. गुण्डरदेही जिला बालोद के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 969/38 रकबा 0.0195 हें/ 2100 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 16.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600009 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका चंदन गोपलानी आ./पति श्री विष्णु गोपलानी निवासी अमरपुरी मंदिर के पास सुंदर नगर रायपुर के द्वारा ग्राम पंदर प.ह.न. 32 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 413/29 रकबा 0.0234 हें/ भूमि पर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600017 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कु. सांत्वना ठाकुर आ./पति रामगुलाम ठाकुर अन्य 01 निवासी ग्राम दंतेश्वरी चौक रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम जामगांव एम प.ह.न. 14 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 126/4 रकबा 0.0200 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600012 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका भुनेश्वरी वर्मा आ./पति श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा निवासी ग्राम देवादा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 584/3 रकबा 0.0140 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600013 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका माया निषाद आ./पति श्री शेषनारायण निषाद निवासी ग्राम तुलसी तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 646/9 रकबा 0.0371 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600041 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका प्रभा जायसवाल आ./पति कविशंकर जायसवाल निवासी ग्राम पाटन रोड सेलूद चौक तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम चुनकट्टा प.ह.न. 23 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 302/35 रकबा 0.0600 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री रुपनारायण देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400178/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री रुपनारायण देवांगन आ. श्री कौशल देवांगन, निवासी शांतिनगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 07 तह. व जिला दुर्ग	783/176	0.086 हें 9250 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

शपथ-पत्र

मै. शपथकर्ती श्रीमती सीमा यादव (SEEMA YADAV) पति स्व. चोवाराम उम्र 42 वर्ष, वर्तमान पता-खम्हरिया, वार्ड न. 01, जुनवानी, भिलाई तह. व जिला दुर्ग तह0 व जिला दुर्ग (छ0ग0) स्थायी पता-वार्ड न. 08, भंडारी पारा जिला बालोद (छ0ग0) की रहने वाली हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्ण हूं। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पाबुक, राशन कार्ड मे मेरा श्रीमती संतोषी बाई दर्ज है। किन्तु मेरे पुत्र एवं पुत्री के अंकसूची में नाम सीमा यादव दर्ज है। मै अपना नाम परिवर्तन कर सीमा यादव पति श्री चोवाराम करना चाहती हूं जो कि मेरे पुत्र एवं पुत्री के अंकसूची में दर्ज हैं। यह कि, मै अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड भाविष्य मे जारी होने वाले समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों अन्य प्रमाण-पत्रों में अपना नाम श्रीमती सीमा यादव पति श्री चोवा यादव दर्ज करवाना चाहती हूँ, एवं उक्त नाम से ही भविष्य जानी/पहचानी/पुकारी जाऊँगी। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड एवं भाविष्य मे जारी होने वाले समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य प्रमाण-पत्रों मे मेरा नाम श्रीमती सीमा यादव पति श्री चोवाराम यादव दर्ज किये जाने बाबत राजपत्र मे प्रकाशन हेतु शपथपत्र की आवश्यकता हैं। अत: यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
सीमा यादव

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202404101500011
विषयः अ-6अ/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

झीट प.ह.न. 00015 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार लक्ष्मीनाथ साहू/ अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक लक्ष्मीनाथ साहू पिता स्व. मेघनाथ साहू निवासी ग्राम झीट, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत बंदोबस्त त्रुटि सुधार बाबत् इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम झीट, प.ह.नं. 15, तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित बंदोबस्त पूर्व कृषि भूमि खसरा नंबर 769/7 रकबा 0.709हे. अर्थात 1.75 एकड़ भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज था। उपरोक्त भूमि का वर्तमान में नया खसरा नंबर 1693 रकबा 0.32हे. दर्ज किया गया है जिससे आवेदक की भूमि में रकबा 0.38हे. कम दर्ज किया गया है। आवेदक द्वारा पुराना खसरा नंबर 769/7 का बंदोबस्त पश्चात नया खसरा नंबर 1693 का रकबा 0.32हे. को संशोधित कर रकबा 0.709हे. अर्थात 1.75 एकड़ भूमि दर्ज कर बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/04/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202403101500088
विषयः अ-6अ/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

रवेली प.ह.न. 00018 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार टोमनलाल अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक टोमन लाल पिता हेमूराम निवासी ग्राम रवेली, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अनुविभागीय अधिकारी रा. पाटन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम रवेली, प.ह.नं. 18, तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 949/2 रकबा 0.02हे. भूमि आवेदक द्वारा धारित की जाती है। उक्त भूमि वर्तमान ऑनलाईन कम्प्यूटर अभिलेख में गलत प्रविष्टि होकर शिशुपाल पिता हेमुराम के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा ऑनलाईन कम्प्यूटर अभिलेख से शिशुपाल पिता हेमुराम का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 22/04/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

सिकल सेल के स्थाई इलाज के लिए संगोष्ठी में रखी गई बात

भिलाई/नवप्रदेश। चंदूलाल चंद्राकार स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग मे सिकल सेल बीमारी पर राष्ट्रीय स्तर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में सिकल सेल बीमारी के सम्पूर्ण व स्थाई इलाज की आधुनिक नई पद्धति क्रिस्पर छ्त्र्द्धस्क्क पर चर्चा हुई। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के सिकल सेल बीमारी की पहचान एवम उपचार हेतु अग्रपुरुष जो सिकल सेल के पितामह के रूप मैं ख्याति प्राप्त डॉ. पी. के. पात्रा, कुलपति आयुष विश्वविघाल की विशेष उपस्थित रही। कार्यक्रम का संयोजन बायोकेमिस्ट्री की विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति हिवाले ने किया,जो पिछ्ले कई वर्षो तक रायपुर के सिकल सेल सस्थान में मरीजों के परीक्षण इलाज तथा सिकल सेल संबधी शोध में विशेष रुचि लेती रहीं है । डॉ. लोपा मुद्रा भी इस कार्यक्रम में सिकल सेल के मरीजों की सहभागिता हेतु सक्रिय रही।

इस कार्यक्रम में नई दिल्ली से आए वैज्ञानिक डॉ. सोविक मैती एवम डॉ. देवज्योति चक्रवर्ती ने छ्त्र्द्धस्क्क पर व्याख्यान दिया तथा संस्थान के चिकित्सकों के शंकाओं समाधान किया।

महिला की टुकड़ों में मिली जली लाश

बालोद/नवप्रदेश। क्षेत्र में महिला की टुकड़ों में लाश मिली है। पुलिस महिला की पहचान में लगी है। जिस हालत में लाश मिली है, उससे साफ है कि महिला की हत्या किसी अन्य जगह पर की गई है और लाश को यहां ठिकाने लगाया गया है। घटना बालोद के कोतवाली थाना इलाके के अमलीडीह गांव की गोंदली नाले की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोंदली नाले में मनरेगा के तहत काम चल रहा था। नाले में सफाई का काम चल रहा था, इसी दौरान बोरे में भरी हुई महिला की लाश मिली। जली हुई लाश देखकर मजदूर सहम गए। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। महिला के शरीर के कई टुकड़े में लाश को पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पुलिस टुकड़ों में मिली लाश की कड़ी को जोड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस जांच के जरिये ये भी पता लगाने की कोशिश कर रही है, टुकड़ों में मिली लाश एक ही महिला की है या फिर हत्या एक से ज्यादा की हुई है।

महाराष्ट्र मंडल का गुड़ी पाड़वा महोत्सव आज

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल का गुड़ी पाड़वा महोत्सव रविवार शाम चार बजे अंबुजा मॉल सड्डू में होगा। किड्स फैंसी ड्रेस शो, मराठी व्यंजन स्पर्धा और महाराष्ट्रियन क्वीन को लेकर प्रतिभागियों में काफी जोश है। मराठी व्यंजन प्रतियोगिता के प्रायोजक फ्रीडम कुकिंग आयल की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी को 900 एमएल कुकिंग आयल फ्री में मिलने के कारण महिलाएं पहले इसमें अपनी प्रतिभा दिखानी चाहती हैं। तीनों स्पर्धाओं में वितरित किए जाने वाले मनमोहक पुरस्कारों के साथ प्रमाणपत्र भी प्रतिस्पर्धियों को लुभा रहे हैं। वहीं दर्शक लकी कूपन के माध्यम से डायमंड रिंग सहित अनेक आकर्षक इनाम जीतने के लिए किस्मत आजमाएंगे। महोत्सव की एक विशेषता नये- पुराने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

सर्चिंग में फोर्स को मिला ग्रेनाइट लांचर और नक्सल साहित्य

■ शनिवार दोपहर तक जारी रहा मुठभेड़

धमतरी/नगरी। जिले के ओड़िशा बॉर्डर से लगे एकावारी के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच शुक्रवार की रात मुठभेड़ हो गई, जो शनिवार दोपहर तक जारी थी। इस मुठभेड़ में पुलिस के एक जवान की उंगली पर गोली लगने से मामूली चोट आई है। वहीं मौके पर मिले खून के धब्बों से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कम से कम दो से तीन नक्सली घायल हुए हैं। वहीं घटना स्थल पर सर्चिंग के बाद पुलिस को एक बैरल ग्रेनाइट लांचर और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री मिली है। पुलिस ने सारा सामान जप्त कर लिया है। बैकअप फोर्स की मदद से एनकाउंटर करने वाली टीम को सुरक्षित वापस लाया जा रहा है। जिला एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि नक्सलियों के नुआपाड़ा दलम के एकावारी के आसपास होने की सूचना मिली थी। इसके बाद गरियाबंद और धमतरी की डीआरजी टीम को संयुक्त रूप से सर्चिंग में भेजा गया था, जिनके साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सर्चिंग और तेज कर दी गई है।

यातायात पुलिस ने 25 प्रकरण में 7900 रुपए वसूले

भाटापारा/नवप्रदेश। यातायात शाखा भाटापारा प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऊपर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान 25 प्रकरण में 7900 रुपए सम्मन शुल्क राशि ली गई। उपरोक्त संबंध में यातायात पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भाटापारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों,सड़कों,ग्रामीण अंचल मार्ग पर यातायात पुलिस ने अपना नियमित अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा है। वहीं कुछ मामले में समझाइश भी दी गई। इस दौरान जिन 25 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। यातायात प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के द्वारा सडक दुर्घटना में अंकुश लगाने एवं सख्त कार्यवाही निर्देश पर विशेष रूप से बिना नंबर एवं क्लासिकल नंबर लिखाने वाले , एवं तीन सवारी तेजगति खतरनांक ढंग से व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल की अलग अलग धाराओ के तहत आगामी दिनों सख्ती से चलानी कार्यवाही किया जायेगा।श्री मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान बसों की भी जांच की गई।इस अभियान में उप निरीक्षक ओंकार नाथ त्रिपाठी, एएसआई लक्ष्मीधर दीवान, प्रधान आरक्षक धनेश्वर दूबे,अग्स्तजीत ध्रुव,राजेंद्र तिवारी आरक्षक हरीश जगत,सुरेंद्र साहु,सैनिक दिलीप पांडेय की मुख्य भूमिका रही।

संविधान को बदलने संबंधी विपक्षी आरोप पर मोदी का जवाब स्वागतयोग्य : भगवानू

■134 वीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर 134 झुग्गी बस्तियों में मनाएंगे अंबेडकर जयंती

■ करेंगे संविधान के प्रति लोगों को जागरूक, बताएंगे अंबेडकर का योगदान

रायपुर/नव्प्रदेश। छत्तीसगढ़, दिनांक 13 अप्रैल 2024। भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर के 134 वीं जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में सामाजिक संस्था अंबेडकर अधिकार मंच के द्वारा 134 झुग्गी बस्तियों अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया है। अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करना और बाबासाहेब अंबेडकर के योगदान को बताना ताकि लोग अपने अधिकारों को जान सके और संविधान का पालनकर संविधान का सम्मान करें। अंबेडकर अधिकार मंच के द्वारा सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में विगत दिनांक 7 अप्रैल से अंबेडकर जन्म सप्ताह मनाया जा रहा है जिसका समापन 14 अप्रैल को किया जाएगा। अंबेडकर जयंती की शुभकानाए देते हुए अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर ने दुनिया सबसे बेहतरीन और जागृत संविधान बनाकर देश के नवनिर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। ऐसे में संविधान को बदलने की बात भ्रामक है इस संबध में विपक्षी आरोप पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा राजस्थान में दिया गया भाषण स्वाग्तोग्य है। उन्होंने कहा संविधान हमारे देश का आधार है संविधान के बिना देश अधूरा है। कार्यक्रम को सफल बनाने संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक, जिला अध्यक्ष आशीष तांडी, सह प्रभारी जितेंद्र नायक, बिट्टू क्षत्रि, पारस नायक, देवाशीष नायक, गांधी नगर, शंकर से संजय कुम्भकार, बीएसयूपी कॉलोनी सड्डू से प्रीति जगत, आजाद नगर से पुरुषोत्तम यादव, कुकुरबेड़ा से प्रेम दीप, गीता नगर से राजेश कुमार, रामकुंड से चंदू तांडी, गोपाल नगर राम नगर से अजीत कुम्भार, बंधवापारा पुरानी बस्ती से राम बाई महानंद, शांति नगर से पप्पू सागर तेलीबांधा मरीन ड्राइव मनसू निहाल, लाभांडी बीएसपी कॉलोनी शंकर सोनवानी, कबीर नगर से रतन जगत, सोनडोंगरी से संजय नायक, गुढ़ियारी से मनोज नायक, कोटा से बिट्टू क्षत्रि, काठाडीह से रूखमणी तांडी, खालबाड़ा से अर्जुन दीप, राखी नगर से राम सागर, संतोषी नगर से हरीश तांडी, शिव नगर से मुकेश तांडी, संतोषी नगर, मठपुरैना से मुकेश वर्मा, जोगी नगर कटोरा तालाब से नायक, आदर्श नगर से सत्यानंद तांडी, अमृतहोम अमलीडीह बीएसयूपी कॉलोनी से विक्रम बाघ, शहीद राजीव पांडे नगर वार्ड से चपेश्वर दीप, वीर शिवाजी नगर से जगन्नाथ सागर, श्रीनगर से परदेसी विभार, पेंशन बड़ा अरविंद नगर से जनकराम तांडी, अवंती विहार से सिकंदर महानंद, विजयनगर से गंगा महानंद, चंडी नगर से प्रीतम तांडी, फोकटपारा से अनिल कुलदीप, त्रिमूर्ति नगर से अधिवक्ता विमला तांडी, उत्कल नगर आकाशवाणी से नीरज महानंद, गांधीनगर कालीबाड़ी से शरद जाल, बैजनाथपारा उत्कल बस्ती से रोहित नायक, ज्योति नगर से कविता साहू , लाभांडी राजीव नगर से राहुल हरपाल, पंडरी से प्रमिला वर्मा, लोधीपारा से रामशिला साहू, शक्ति नगर से अनमोल चौहान, दुर्गा नगर पंडरी से गौरी साहू, सुभाष नगर वर्षा तांडी, भाटागांव से विजय जगत, पुरैना से हीरा जाल आदि तैयारी कर रहे है।

छत्तीसगढ़ महतारी का हुआ पंचमी सोलह श्रृंगार

कुरूद/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन जय महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में माता काली और छत्तीसगढ़ महतारी का सोलह श्रृंगार किया गया। यह जानकारी मुकेश कश्यप ने दी।

उन्होंने बताया कि सुबह से ही भक्तगण दर्शन के लिये पहुंचे। सुबह शाम जसगीतों से माता की सेवा की गई। नवरात्रि पर मां दुर्गा को 16 श्रृंगार चढ़ाया जाता है। इस संबंध में ऐसी मान्यता है कि इससे घर में सुख और समृद्धि आती है। अखंड सौभाग्य का वरदान भी मिलता है। यही वजह है कि भारतीय संस्कृति में सोलह श्रृंगार को जीवन का अहम और अभिन्न अंग माना गया है। नवरात्रि में मां को सोलह श्रृंगार का चढ़ावा चढ़ाने के अलावा महिलाओं को भी इस दौरान सोलह श्रृंगार जरूर करना चाहिए। ऋग्वेद में भी सौभाग्य के लिए सोलह श्रृंगारों का महत्व बताया गया है। सोलह श्रृंगार में मौजूद हर एक श्रृंगार का अलग अर्थ है। बिन्दी को भगवान शंकर के तीसरे नेत्र से जोड़कर देखा जाता है। वहीं सिंदूर सौभाग्य और सुहाग की निशानी होती है। महावर और मेहंदी को प्रेम से जोड़कर देखा जाता है। काजल बुरी नजर से बचाता है।

शक्तिपीठ महामाया मंदिर अर्जुनी में 193 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना

अर्जुनी-भाटापारा/नप्रदेश। गांव के शक्तिपीठ महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर 193 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। मंदिर प्रांगण में दिनभर सेवा गीत व दर्शनार्थियों की भीड़ लगे रहती है। प्रतिदिन सुबह शाम भजन कीर्तन एवं पूजा पाठ किया जा रहा है। यह जानकारी ग्राम अर्जुनी के सरपंच प्रमोद जैन, विजय वर्मा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि गांव के बड़े बुजुर्गो का मानना है कि यह बहुत ही प्राचीन मंदिर है इसमें खासकर चैत्र नवरात्र पर श्रद्धालुओं द्वारा हर साल मनोकामना तथा अपने कष्ट निवारण हेतु स्वैच्छिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं। ज्योति कलश की देखरेख पंडा महाराज एवं उनके सहायक सदस्यों द्वारा की जाती है। इसी प्रकार गांव के विभिन्न स्थान जिम काली मंदिर ,मावली मंदिर, कंकाली माता, शीतला मंदिर, शारदा मंदिर, आदि शक्ति मंदिरों में भी भक्तों द्वारा मनोकामना जोत प्रज्ज्वलित की गई है।

चैत्र नवरात्र पर देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

पलारी/नवप्रदेश। ग्राम भवानीपुर खपरी सहित विभिन्न स्थानों में चैत्र नवरात्रि में देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। नवरात्रि के नौ दिन शुभ कार्यो के लिए बेहद उत्तम माना जाता है। भवानीपुर के महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र की तिथि पर माता का श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। लोग सुबह से ही माता के दर्शन करने एवं श्रृंगार लेके माता के दरबार पहुंचते रहे। ज्योति कलश के साथ ही ज्योत जंवारा बोया गया है। महामाया मंदिर के अलावा ग्राम भवानीपुर के 11 घरों में भी ज्योत जवारा स्थापित की गई है। इसी प्रकार ग्राम खपरी में महामाया मंदिर एवं 4 घर में ज्योत जंवारा स्थापित कर गांव एवं परिवार की खुशहाली की कामना कर हैं। माता सेवा समिति के सेवक गण महामाया मंदिर एवं घरों में जाकर सेवा कर रहे हैं। महामाया मंदिर के ज्योत जंवारा की सेवा संतोष साहू, दुखू निषाद बैगा कर रहे हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मोदी सरकार में पहुंचते हैं...

एक बार कांग्रेस की सरकार क्या बनी यहां गोबर में भी घोटाला कर डाला। भैंस के चारे में घोटाला कर डाला। हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अत्यंत विनम्र और कर्मठ हैं।

भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं

आजाद भारत के बाद भारत में जितनी भी कांग्रेस सरकारें रहीं, सब पर भ्रष्टाचार का कोई न कोई आरोप लगा, लेकिन दस साल से केंद्र में मोदी जी की सरकार के ऊपर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। कांग्रेस के ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने कहा था केंद्र से 1 रुपये भेजते हैं तो 85 पैसा बीच में डकार लिया जाता है। इसे यदि किसी ने चुनौती माना तो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने, जिन्होंने 100 में सौ रुपये जमीन तक पहुंचाया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आजाद भारत में गरीबों, पिछड़ों की यदि किसी ने चिंता की है तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने की। पीएम मोदी ने आदिवासियों के लिए अधिक से अधिक वनोपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की घोषणा की। अब लगभग सौ वनोपज एमएसपी के दायरे में हैं। आज आदिवासी भाई भी मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव को एक प्रभावी वक्ता बताते हुए कहा कि मैं दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष जी का भाषण सुन रहा हूं। यह एक प्रभावी वक्ता हैं।

सभी 11 सीट जीतकर देना है: किरण

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कांग्रेस की सरकार ने पांच साल तक छत्तीसगढ़ में मोदी सरकार की योजनाओं में रुकावट डाली। यही वजह है कि उन्हें प्रदेश की जनता ने सबक सिखाया। बस्तर क्षेत्र से श्री महेश कश्यप जी युवा और मिलनसार हैं। हम सभी संकल्प ले रहे हैं कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीट पर भाजपा का कमल खिलाएंगे।

मैं आपके परिवार का बेटा और भाई: महेश कश्यप

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि मेरे जैसे सामान्य और गरीब परिवार के सदस्य को भाजपा ने लोकसभा का टिकट दिया है। यह सब भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। यह इसलिए क्योंकि इस पार्टी की बदौलत ही चाय बेचने वाला एक साधारण व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। अब तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप मुझे अपने बेटे, भाई और परिवार के सदस्य को आशीर्वाद दें।

इस बार 400 पार

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक चैतराम एटामी ने कहा की बस्तर पहले चरण में लोकसभा चुनाव में भाजपा की महाविजय का शंखनाद कर देगा। यह चुनाव भारत को विकसित भारत बनाने वाला साबित होगा। इस अवसर पर मंच का संचालन कर रहे पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि बस्तर की इस विजय संकल्प शंखनाद महारैली में उपस्थित विशाल जनसमूह यह संकेत दे रहा है कि एक बार फिर मोदी सरकार, इस बार 400 पार। वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी ने आभार व्यक्त किया।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, लोकसभा प्रभारी महेश जैन, जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी, जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, महेश गागड़ा, कमल चंद्र भंजदेव, संजय पांडे, विधानसभा प्रभारी अरुण सिंह भदौरिया, जिला महामंत्री द्वय धीरेन्द्र प्रताप, संतोष गुप्ता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नन्दलाल मुडामि समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस संविधान बचाने लड़...

कहते है वो आपको हिन्दुस्तान के हकदार नहीं मानते। उनका कहना है आप जंगल के आदिवासी हो, जहां जंगल है वहां आप हो। आपको जंगल में रहना चाहिए आपको अधिकार नहीं मिलने चाहिए, आपको जल, जंगल, जमीन पर अधिकार नहीं है। हम आपके लिए पेसा कानून लाए, ट्राइबल बिल लाए, मनरेगा बिल लाए, जमीन अधिग्रहण बिल लाए। आपके जो हक है जो आपकी जमीन है वो हम आपको वापस देते हैं।

बीजेपी के लोग अरबपतियों को बेच रहे जंगल

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में जंगल कम होता जा रहा है। बीजेपी के लोग अडानी जी जैसे अरबपतियों को जंगल की जमीन दिये जा रहे हैं। एक दिन ऐसा आएगा हिंदुस्तान में जंगल नहीं होगा। भाजपा और आरएसएस के लोग आप से कहेंगे आप वनवासी हो, अब तो वन नहीं है, जंगल नहीं है, आप तो कहीं के नहीं हो ये सोच है उनकी। ये चाहते हैं कि आपके बच्चे कॉलेज, यूनिर्वसिटी में न जाये। ये चाहते है कि आपके बच्चे हिन्दुस्तान की बड़ी-बड़ी कंपनियों में काम न करें। राहुल ने कहा हम चाहते हैं हिन्दुस्तान में आपको भागीदारी मिले। आपके बच्चों को कॉलेज, यूनिवर्सिटी में शिक्षा मिले।

हम पांच काम करने जा रहे हैं

सबसे पहला काम बेरोजगारी 30 लाख सरकारी वेकेंसी है हमारी सरकार बनते ही हम भर्तियां करेंगे। दूसरी बात हिन्दुस्तान में जो भी शिक्षित युवा है उन सब को अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जायेगा। हिन्दुस्तान की सब बेरोजगार सरकार ये अधिकार देगी युवाओं को 1 साल के लिये सरकारी पब्लिक सेक्टर यूनिट में, सरकारी ऑफिस में 1 साल की नौकरी मिलेगी, उसमें उनकी ट्रेनिंग होगी, और एक साल के लिये सीधा बैंक अकाउंट में 1 लाख रुपए दिया जायेगा। अच्छा काम किया तो उन्हें संस्थाओं में पक्की नौकरी मिलेगी।

...अब सुप्रीम कोट...

अदालत के फैसले को उचित ठहराते हुए याचिका (मुख्यमंत्री केजरीवाल की) खारिज कर दी थी। एकल पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और हिरासत के मामले में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था।

केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए केंद्रीय एजेंसी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि यह (उनकी गिरफ्तारी) लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का 'उल्लंघन' करता है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाना चाहिए।

ईडी ने लगाया है ये आरोप

ईडी ने श्री केजरीवाल पर दिल्ली अबकारी नीति के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने और इस में मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है?। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को अबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं - दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, राज्य सभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए 'साजिश' रची थी।

कोरबा: कभी गोंगपा और कभी...

और 2019 में एक बार फिर कांग्रेस पार्टी से ज्योत्सना चरण दास ने यहां से जीत दर्ज कर कांग्रेस की सत्ता लौटाई।

पूर्व पीएम बाजपाई की भतीजी करुणा को हरा 2009 में चरण पहले सांसद बने

परिसीमन के बाद बने कोरबा लोकसभा क्षेत्र में पहली बार 2009 में चुनाव हुआ था। तब कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत ने बीजेपी के करुणा शुक्ला को 20737 वोटों से हराया था। कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत को जहां 3,14,616 वोट मिले थे वहीं करुणा शुक्ला को 2,93,879 वोट मिले जीजीपी के हीरा सिंह मरकाम यहां तीसरे स्थान पर रहे, जबकि निर्दलीय शंभू प्रसाद शर्मा एडवोकेट 23,136 वोट लाकर चौथे स्थान पर रहे थे।

ऐसे समझें यहां का राजनीतिक समीकरण

कोरबा लोकसभा में कुल आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिनमें मरवाही, रामपुर, पाली-तानाखार, कटघोरा, मनेंद्रगढ़, बैकुंठपुर, भरतपुर-सोनहत और कोरबा शामिल है। इन विधानसभा क्षेत्रों में पांच विधानसभा क्षेत्र कोरबा जिले की जबकि तीन विधानसभा क्षेत्र अविभाजित कोरिया जिले की शामिल हैं। कोरबा जिले का गठन 25 मई 1998 को किया गया था। यह एक आदिवासी बहुसंख्यक जिला है। सबसे ज्यादा बिजली उत्पादन होने की वजह से कोरबा को छत्तीसगढ़ राज्य का पावर कैपिटल भी कहा जाता है। यह जिला बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आता है और मुख्य रूप से आदिवासी द्वारा संरक्षित जनजाति कोरवा (पहाड़ी कोरवा) का बसाया हुआ है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कुल 15,08,840 मतदाता है।

आज से बजने ...

के कुंडलियों का मिलान आवश्यक होता है। भावी दंपति के खुशहाल जीवन के लिए राशि मैत्री, गण नाड़ी आदि मिलना आवश्यक होता है। इसके मिलने से शुभ मुहूर्त बनता है।

बस्तर में 19 को मतदान...

वाले मतदाता निडर होकर मतदान कर सकें। नक्सलियों द्वारा किसी भी प्रकार की हिंसा को रोकने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। संवेदनशील जगहों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही हेलीकॉप्टर से भी कड़ी नजर रखी जाएगी। बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान होना है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पिछले तीन महिनों में पुलिस ने पचास नक्सलियों को मार गिराया है और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री, विस्फोटक और हथियार बरामद किए हैं।

संविधान ने बदली महिलाओं की दशा और दिशा- सावित्री

■ माहर समाज की ने दिया एकता का परिचय

■ बाबा साहेब जयंती पूर्व भव्य बाईक रैली में जुटी सैकड़ों महिलाएं और सामज जन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़, दिनांक 13 अप्रैल 2024। भारतीय संविधान ने देश की महिलाओं की दशा और दिशा को बदल दिया। सहीं मायने में महिलाओं को असली आजादी भारत का संविधान बनने के बाद मिली है जिसमें महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिला। भारत के संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किये यही कारण है कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। मखियर समाज के अध्यक्ष विनोद त्यागी द्वारा आमा पारा रायपुर छ.ग. में आयोजित मखियर समाज द्वारा भव्य बाईक रैली की विशिष्ट अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता व महिला नेत्री श्रीमति सावित्री जगत ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। श्रीमती सावित्री जगत ने कहा भारतीय संविधान के जनक बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती के 1 दिन पुर्व 13 अप्रैल को मखियर समाज की महिलाओं ने समाज जनों के सैकड़ों की संख्या पर जुटकर भव्य बाईक रैली निकाल कर सामाजिक एकता का परिचय दिया है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। इस अवसर श्रीमती सावित्री जगत ने कहा बाबा साहब अंबेडकर जी की रोशनी में पड़कर देश और समाज को रोशन किया है उनके द्वारा दिए गए नर शिक्षित बनो संगठित रहोऔर संघर्ष करो समाज के लिए प्रेरणा है स्वतंत्रता समानता और पक्षधर अंबेडकर राजनीतिक समानता के साथ ही सामाजिक समानता की भी जीवन भर वकालत की थी दलितों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने पूरा जीवन लगा दिया आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में सदियों से चले आ रही जात-पात भेदभाव की जंजीरों को तोड़कर दुनिया का सबसे अच्छा संविधान बनकर भारत देश को विश्व में एक नहीं पहचान दिलाई इसके पूर्व कार्यक्रम आयोजकगण के द्वारा समाजहित में किये जा रहे कार्यो से प्रभावित होकर श्रीमती जगत का सम्मान भी किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

सट्टा पट्टी के साथ 1 पकड़ाया

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस ने कृषि उपज मंडी के पास सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक सटोरिया को गिरफ्तार कर उसके पास से नगदी 1200रुपए, डाट पेन, सट्टा पट्टी जप्त किया है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा कृषि उपज मंडी के पास भाटापारा में एक सटोरिया नरेंद्र उर्फ पप्पू मिर्झा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सटोरिया से नगदी 1200, डाट पेन, सट्टा हिसाब लिखा कागज जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

मामूली बात पर चाकू से हमला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। बीड़ी मांगने की बात को लेकर हुए मामूली विवाद में चाकू से प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि गुरुनानक वार्ड में बीती रात तकरीबन 09.30 बजे बीड़ी मांगने की सामान्य बात को लेकर गालीगलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी विनोद उर्फ बकतावर सोनवानी के पेट में प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले आरोपी रोहित बाल्मीकि को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी से प्रकरण में प्रयुक्त चाकू जप्त* किया गया है। टी आई ने बताया कि आरोपी के विधारा 294,506,307 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण की विवेचना में थाना भाटापारा शहर से एएसआई सुरेंद्र सिंह, आरक्षक उमेश वर्मा, विजय ठाकुर, दुर्गेश साहू, लोरिक शांडिल्य, रामस्नेही का विशेष योगदान रहा।

बेमौसम बारिश नदी बाड़ी की फसलों को नुकसान, क्षतिपूर्ति की मांग

पलारी/नवप्रदेश। पलारी के ग्राम मोहान के किसान चिंतित महानदी में किसानों द्वारा सब्जी बाड़ी व तरबूज लगाए हुए हैं अचानक बे मौसम बरसात के चलते महानदी में अत्यधिक पानी आ जाने के चलते लगे हुए फसल खराब हो गया। किसानों ने कहा कि हम सब बीज एवं खाद कर्ज कर लिए थे। कर्ज न चुका पाने के कारण चिंतित हैं। पिछले कुछ दिनों से हो रही तेज धूप के बाद अचानक बारिश से नदी में अचानक पानी आने से सब्जी बाड़ी की फसल बर्बाद हो गई है। किसानों ने क्षतिपूर्ति की मांग के लिए संबंधित अधिकारी को अवगत कराया। नदी बाड़ी लगाने वाले किसानों यशवंत निषाद, हेमंत निषाद, अरुण निषाद, जितेंद्र निषाद, डोमन निषाद, ठकेश देवदास, रूपेंद्र निषाद, राजेन्द्र निषाद, भारत निषाद, रिखी निषाद, गरीबा निषाद, कमल निषाद , भागचंद निषाद एवं अन्य किसानों ने शासन से क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का अनुरोध किया है।

अंबेडकर जयंती पर सद्भावना बाइक रैली

पलारी/नवप्रदेश। संविधान निर्माता प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के 133 जयंती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सुबह थाना परिसर के बस स्टैंड के पास बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा।अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग कर्मचारी अधिकारी संगठन एवं भीम आर्मी वसमाजिक संगठनों के तत्वावधान संयुक्त तत्वावधान में सुबह 11 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। शाम को सतनाम भवन पलारी में बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह का कार्यक्रम रखा गया है जहां पर वैचारिक संगोष्ठी एवं बच्चों द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन समिति द्वारा सभी आगंतुको के लिए भोजन भण्डार की व्यवस्था किया गया है।

हथियार की नोंक पर लूटपाट करने वाले 5 गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। संत माता कर्मा वार्ड गजानंद कॉलेज के पास गत दिनों प्रार्थी से 1 मोबाइल आईफोन नगदी 12400 की लूट तथा रेलवे स्टेशन पार्किंग में रखे प्रार्थी के बाइक को लेकर फरार होने वाले 2 अपचारी बालक सहित 5 आरोपी को शहर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर आरोपियों से लूट का एक मोबाइल, एक आईफोन मोबाइल, मोटरसाइकिल एवं नगदी रकम 1350 बरामद करने में सफलता पाई है। उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे ने बताया कि प्रार्थी ओम प्रकाश वर्मा निवासी ग्राम चांपा ने

रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अप्रैल को अपने ग्राम चांपा से अपनी मोटरसाइकिल सी बी शाइन में भाटापारा से ट्रेन में बैठकर डोंगरगढ़ जाने के लिए निकला था, तथा अपनी मोटरसाइकिल को रेलवे स्टेशन पार्किंग में रखकर पर्ची लेकर शहर की तरफ पैदल जा रहा था। इसी बीच रात 11.00 बजे लगभग तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से पीछा कर कॉलेज गेट के पास आये और पकड़कर रोड के बाजू खाली मैदान में ले जाकर मारपीट की। चाकू एवं अन्य धारदार हथियार दिखाकर एक रेडमी मोबाइल कीमत ?5000, एक आईफोन मोबाइल कीमती 52,000, एक बैग जिसमें नगदी ?12400 रकम रखा था, लूट लिया। बैग में रखे पार्किंग पर्ची की सहायता से आरोपियों ने बाइक ष्ठक्रशाइन क्र. ष्टत्न22 ड्ड1601 को भी लेकर फरार हो* गए। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 394 भादवि के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

सीसीटीवी कैमरों की सहायता से आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी कि इसी बीच ष्ठष्टञ्जङ्क फुटेज में प्रकरण के 03 संदिग्ध आरोपी मोटरसाइकिल में घूमते हुए पहचान में आये। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा अन्य 02 अपचारी बालकों के साथ मिलकर लूट की घटना करना स्वीकार किया गया। कि *प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपियों से लूट का एक मोबाइल, एक आईफोन मोबाइल, प्रार्थी का मोटरसाइकिल एवं नगदी रकम ?1350 बरामद* किया गया है। प्रकरण में 2 अपचारी बालक सहित जयप्रकाश उर्फ दादू ध्रुव प ग्राम भोथीडीह,निखिल नामदेव प बलभद्र वार्ड भाटापारा और लक्ष्मण बंजारे निवासी संत माता कर्मा वार्ड निवासी सहित सभी पांच आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने एवं अपचारी बालकों को बाल संप्रेषण गृह भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक घनश्याम वर्मा, प्रधान आरक्षक भूखन वर्मा, आरक्षक उमेश वर्मा, दुर्गेश साहू, विजय ठाकुर, रामस्नेही कैवर्त एवं लोरिक शांडिल्य का विशेष योगदान* रहा।

सीएचसी में ली मतदान की शपथ

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश । रायपुर कलेक्टर के आदेश पर सभी विभागों के जिला प्रमुख, संस्था प्रमुख अपने अधीनस्थ कार्यालयों एवं संस्थाओं में शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे शपथ कार्यकम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ तेजेन्द्र साहू ने बताया कि मतदाताओं को प्रोत्साहित करने और मतदान में सम्मिलित होने वाले सभी मतदान स्थल पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करेंगें और आम जनता का उत्साह देखते हुए ऐसा लगता है कि इस वर्ष मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा।

केंद्र में सरकार बनने पर हर गरीब महिला को एक लाख रुपए सालाना : डॉ लक्ष्मी ध्रुव

नगरी/नवप्रदेश। कांकेर लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु बेलर ब्लाक के घठुला जोन की आवश्यक मीटिंग हल्बा समाज भवन घठुला में रखी गई थी। इसमें कांकेर लोकसभा चुनाव समिति के सदस्य व बेलर ब्लाक चुनाव प्रभारी डॉ लक्ष्मी ध्रुव, सिहावा विधानसभा के चुनाव समिति के सदस्य मनोज साक्षी जिला पंचायत सदस्य जिला धमतरी, कैलाश नाथ प्रजापति ब्लाक अध्यक्ष बेलरगांव , उमेश देव जनपद सदस्य नगरी , महेन्द्र पाण्डेय ,युवा कांग्रेस आदि ने मार्गदर्शन दिया। इसमें बूथ, सेक्टर, जोन ,के कार्यकर्ता के उपस्थित थे। कांकेर लोकसभा के प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को चुनाव जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को चार्ज किया गया।

मोदी केवल झूठे वादे करते आ रहेः लक्ष्मी ध्रुव -पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि मोदी सरकार पिछले दस सालों से जनता के साथ झूठे वादे करती आ रही है। मोदी ने चुनावी सभाओं में वादा किया था सरकार आते ही सब के खाते में पन्द्रह लाख रुपया आएंगे, काला धन लाएंगे, 2 करोड़ लोगों को को रोजगार देंगे, महंगाई कम करेंगे, पेट्रोल डीजल, रसोई गैस के रेट कम करेंगे, चुनाव के पहले जुमलेबाजी करते हैं लेकिन इस बार जनता जान गई है। इस बार जुमलेबाजी काम आने वाले नहीं है। वहीं कांग्रेस के पांच न्याय से हर वर्ग कुशल होगा किसानों की फसल समर्थन मूल्य में लिया जाएगा। किसानों के कृषि उपकरणों पे कोई द्दह्यह्ल नहीं लिया जाएगा और सबसे बड़ा लाभ हमारी महिलाओं को होने वाले हैं। केंद्र में हमारी सरकार बनते ही हर गरीब परिवार की एक महिला को महालक्ष्मी मान कर उनके खाते में साल में 1 लाख रुपए दि जाएंगे। महिलाएं 'घर का बैंक' होती हैं जिनके पास गया एक-एक रुपया परिवार को मज़बूत बनाने में ही लगता है। महिलाओं को अब किसी के आगे हाथ फैलाने या नज़र झुकाने की ज़रूरत नहीं होगी। पढ़ाई, कमाई और दवाई का बोझ घर की महिला खुद अपने कंधों पर उठाने में सक्षम होगी।

महिलाओं के हाथ में एक लाख का मतलब परिवार के सामने अचानक आई किसी विपदा से निपटने का इंश्योरेंस भी हैं। यह योजना बड़ी संख्या में छोटे निवेश वाले बिजनेस शुरू करने में सहायक बन कर गांव-गांव महिलाओं को उद्यमी भी बनाएगी। महालक्ष्मी सिर्फ एक योजना नहीं है बल्कि आधी आबादी के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की गारंटी है। साथ ही कांग्रेस ने युवाओं के बाद महिलाओं, किसानों की समृद्धि के लिये पांच-पांच गारंटिया दिया है। कांग्रेस पार्टी देश की महिलाओं से वादा करती है कि कांग्रेस की केन्द्र सरकार महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करेगी।

रैली निकालकर मतदान के लिए किया प्रेरित

धमतरी/नवप्रदेश। एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना धमतरी (ग्रामीण) सेक्टर-धमतरी की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के निर्देशन एवं पर्यवेक्षक श्रीमती उषा किरण चन्द्राकर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता का संदेश देने एवं मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से नगर पंचायत-आमदी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं झिरिया साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर नगर पंचायत आमदी की महिलाओं और पुरुषों ने रैली निकालकर मतदान करने के लिए जागरूक कर लोकतंत्र का महत्व बताया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक श्रीमती उषा किरण चन्द्राकर ने रैली में उपस्थित महिलाओं को निर्वाचन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं वोटर लिस्ट में सभी योग्य मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किये जाने और मतदान के प्रति मतदाताओं खास तौर पर दिव्यांग, युवा व महिलाओं को भी शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती मुरही ध्रुव, श्रीमती सविता साहू, श्रीमती लक्ष्मी निर्मलकर, श्रीमती दुलेश्वरी देवांगन, डुगेश्वरी, माधुरी, दुलेश्वरी, प्रमिला, पन्नाबाई, कलेश्वरी, खेमीन, रेणुका, ललीता, हिरमोतिन, मधु, गंगा, तिजिया बाई, चितरेखा, उषाबाई, हेमलता, दुर्गेश्वरी, चंद्रिका, यमुना, मीना, ममता, शान्ता, मितेश्वरी, नीलू, अंजू, भगवती, सरिता, गितेश्वरी, मीनाक्षी, बिन्दिया एवं नगर पंचायत आमदी के समस्त नागरिकगण अधिकाधिक संख्या में उपस्थित

पंचमी पर माता शीतला का विशेष श्रृंगार

नगरी/नवप्रदेश। शीतला शक्ति पीठ सिहावा में पंचमी धूमधाम से मनाई गई। मां शीतला की विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। परंपरानुसार युवाओं ने शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा किया। इसमें श्रद्धालु दिनभर प्रसादी लेते रहे। पंचमी पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। माता सेवा मंडलियों ने जस गीत गाकर माता की सेवा की। रात 1 में पूजा के फूल झांकी मंडली भटगांव ने अपनी प्रस्तुति दी। आचार्य चंद्रहास दुबे ने बताया कि आदि शक्ति का पंचम स्वरुप स्कंदमाता है कार्तिकेय की माता होने से शक्ति स्कन्द माता कहलाती हैं। शीतला समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया की इस बार चैत्र नवरात्रि पर 1017 ज्योति प्रज्वलित किए गए हैं। छठवें दिन ग्राम भीतर रास,गड़िहा पारा भेजरीरावन,मांझी पारा के ग्रामीणों द्वारा, सातवें दिन स्व कृति नाग की स्मृति में यामिनी श्रीमाली सिहावा, अष्टमी को गोल्डी चोपड़ा बेलर गांव तथा नवमी को देवनाथ साहू प्रिंस कंचन देवी गोलछा व चेनु बोहरा,आशीष भावना छाजेड नगरी द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस दौरान संरक्षक कलम सिंह पवार,सचिव नेम सिंह बिशेन,नरेंद्र नाग,नारद निषाद,बुधेस्वर साहू,कोशाध्यक्ष गेंद लाल यादव, तुकाराम साहू,गोरख शांडिल्य,गेंद लाल शाण्डिल्य पुजारी ज्ञान सागर पटेल,परमेश्वर नेताम , बलदेव निषाद,राजकुमार निषाद,छबि ठाकुर,रवि ठाकुर, रामलाल नेताम,उत्तम साहू,गगन नाहटा सचिन भंसाली,महेंद्र कौशल,कुँवर साहू, संजय सारथी,मंशा राम साहू,जग्गू साहू,उदय राम साहू,,नरेश पटेल ,,संतोष पवार,सरस साहू,महेश साहू,लाल जी साहू,कृपा राम नेताम,महेंद्र साहू अभय नेताम , खिरभान शाण्डिल्य, द्वारिका साहू,चंदन देवांगन,गंगा पवार,शशि शाण्डिल्य, देवन बाई, सुन्दिरया साहू,चरणबति नेताम आदि व्यवस्था में जुटे थे। पंचमी पर छप्पन भोगः युवाओं ने शीतला माता को छप्पन भोग अर्पित की। युवाओं की टीम हरीश गोलू मालू के नेतृत्व में पंचमी पर शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा का आयोजन किया। पुजारी ज्ञान सागर पटेल ने बताया कि माता भक्तों की मन्नतें पूरी करती है। माता के शीश पर भीगे सफेद अक्षत और पुष्प रखते हैं और माता से विनती की जाती है। आज्ञा स्वरूप अक्षत पुष्प के नीचे गिरते ही मनोकामना मनोरथ पूर्ति का संदेश मिलता है। विशाल डोम का निर्माण सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम द्वारा विधायक निधि से किया गया है। जो कि इस नवरात्रि मे बदलते मौसम और अचानक बारिश में श्रद्धालुओं के लिये उपयोगी साबित हो रहा है।

भगवान झूलेलाल शोभा यात्रा में विधायक साव हुए

भाटापारा/नवप्रदेश। आयोलाल झूलेलाल, दमादम मस्त कलंदर जैसे कई पारंपरिक गीतों के साथ स्थानीय सिन्धी समाज के लोगों द्वारा अपने आराध्य भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा झूलेलाल धाम महासती मंदिर से निकाली गई। जो नगर भ्रमण के बाद प्रेमप्रकाश मंडल माता देवालय में समाप्त हुई। इस शोभा यात्रा में विधायक इंद्र साव भी शामिल होकर समाज लोगों को बधाई दी।

शोभा यात्रा में समाज के नवयुवकों द्वारा आकर्षक ढ़ंग से छेज (डांडिया) भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर वरूण देव की मनोरम झांकी के साथ झूलेलाल की सवारी निकाली गई। नगर के पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों व सदस्यों की अगुवाई में बुधवार को समस्त समाज जनों द्वारा चेट्री-चंड्र महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज के लोगों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। गौरतलब है कि आज के दिन समस्त सिंधी समाज के लोगों ने अपना कारोबार बंद रखा था।

समाज के लोगों ने दो तीन दिन पहले से ही इस पर्व को मनाने की तैयारी कर रखी थी। प्रतिदिन सुबह बच्चें, बुढे, महिलाएं एवं सभी उम्र के लोगों ने प्रभात फेरी निकाल कर वरूण देव भगवान झूलेलाल के जयकारे के साथ नगर भ्रमण किया। नगर के सभी समाज जनों ने भगवान झूलेलाल के उपदेशों एवं आदर्शों को सभी लोगों को आत्मसात करने की बात कहीं।

इस अवसर पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव अपने सहयोगियों के साथ इस झूलेलाल भगवान की शोभा यात्रा में हिस्सा लिया तथा लोगों को चेट्री-चंड्र और हिन्दू नव वर्ष की बधाइयां दी। इस दौरान पूज्य पंचायत के अध्यक्ष अनील रोचलानी, इन्दरलाल थारानी, डॉ. वासुदेव ठाकुर, चंद्रपाल बागवानी, भाईसाहब, कन्हैयालाल, नंद हबलानी, श्री चंद छाबडिया, प्रताप ठाकुर, ज्योति मोटवानी, सोनिया बालानी, रायपुर से सपना कुकरेजा, सिमरन अरोरा, पूजा शिवानी सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

चंद्रशेखर साहू मेघा मंडल के गांव पहुंचे

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा चुनाव समन्वयक पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने आज चुनाव प्रचार के तहत कुरुद विधानसभा के मेघा मंडल के विभिन्न गांवों का दौरा किया । इस दौरान श्री साहू ने लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में देश में हुए उल्लेखनीय विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हमारे देश भारत ने, प्राचीन काल में रहे विश्वगुरु की तमगे को फिर से हासिल कर लिया है । आज हमारे देश सुरक्षित और सशक्त होने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है । इस क्रम को आगे जारी रखने के लिए नरेंद्र मोदी को इस बार भी प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और जिसके लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को जिताना जरूरी है । इस दौरान श्री साहू लोगों से मिल रहे सुझावों को भी बड़े ध्यान से सुन रहे हैं । इसी कड़ी में अधिकांश लोगों ने ÷प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि÷ की राशि को दोगुनी करने अथवा ?10000 करने का सुझाव श्री साहू को दिया, जिस पर श्री साहू ने इस सुझाव की सराहना करते हुए लोगों को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में संगठन में व वरिष्ठजनों तक बात पहुंचाएंगे। बताना जरूरी है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पंजीकृत किसानों को प्रतिवर्ष 3 किस्तों में 2000 रुपए यानि कुल 6000 रुपए की राशि प्रदान की जाती है । इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, वीरेंद्र साहू, डागेश्वर सोनकर, प्रहलाद निषाद, सतिश साहू, हेमलाल साहू , डारेन्द्र साहू , काम सिंह ठाकुर, नेम सिंह ठाकुर व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

एक किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवापारा - राजिम/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गोबरा नवापारा थाना प्रभारी की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम टीला में सतनामपारा के पास एक व्यक्ति अपने घर में गांजा बिक्री कर रहा है। पुलिस हरकत में आई और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर व्यक्ति को पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैला की तलाशी लेने पर थैला में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी सूर्य प्रकाश जांगड़े पिता दीपक जांगड़े उम्र 31 साल निवासी सतनामपारा ग्राम टीला के कब्जे से 1 किलो 450 ग्राम गांजा कीमती लगभग 15 हजार रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गोबरा नयापारा में धारा 20 (इ) नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

रीवाडीह रेत घाट पर ग्रामीणों में मतभेद, कलेक्ट्रेट पहुंच रहे ग्रामीण

पलारी/नवप्रदेश। ग्राम रीवाडीह रेतघाट चर्चित में कभी बंद करने तो कभी चालू करने कलेक्टर कार्यालय पहुंच रहे हैं ग्रामीण। विगत वर्ष शासन द्वारा ठेके पर दिया गया था जिन्हें शासन के निर्देशन नियमों का पालन करते हुए संचालित करना था परंतु गांव के कुछ नवयुवकों द्वारा विरोध करने पर महानदी रेतघाट बंद है। जिस पर गांव के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टर बलौदाबाजार के पास पहुंच कर आवेदन प्रस्तुत किए हैं कि हमारे गांव के रेतघाट को तत्काल ठेकेदार द्वारा संचालित करें ताकि हमारे गांव के मजदूर वर्ग को काम मिले और घाट पर जाकर रोजी मजदूरी कर सके। ग्राम पंचायत की सरपंच नोमिन साहू ने बताया कि हमारे गांव में 90त्न लोग चाह रहे हैं कि चालू हो और 10त्न लोग नहीं चाह रहे हैं कि रेतघाट चालू हो । इस स्थिति में गांव के लोग में आपस में कई तरह की चर्चा कर रहे हैं। यही स्थिति रही तो माहौल गर्म हो सकता हैं। लोकसभा चुनाव में बहिष्कार संदर्भ में कहा यह सब झूठी बातें हैं ऐसा कोई हमारे गांव में मीटिंग नहीं हुई है कुछ व्यक्ति अपनी निजी स्वार्थ के लिए बरगला रहा है ताकि अपना रोटी सेक सके लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्र में पूरी तैयारी कर ली गई है ताकि शांतिपूर्वक मतदान हो सके इस संदर्भ में संबंधित अधिकारी को जानकारी दे दी गई है। पूर्व सरपंच मुरली यादव ने कहा कि घाट चलने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और कोई भी दुर्घटना हो सकती है इसलिए हम लोग कलेक्टर के पास आवेदन दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी रोहित नायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहिष्कार की कोई सूचना नहीं है यह गलत है । चुनाव संबंधित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लाइट पानी अन्य संबंधित व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत सचिव को कह दिया गया है ताकि सुचारू ढंग से चुनाव संपन्न हो।

नाम परिवर्तन

मैं बिहारी लाल साहू आ. कपिल राम साहू 64वर्ष शिव मंदिर के पास सुभाषनगर कसारीडीह दुर्ग का निवासी हूं। मेरे नाती लोकेश कुमार साहू आ. दर्शन लाल साहू के पॉलिसी क्रं. 386382870 में त्रुटिवश पॉलिसी धारक का नाम चैतन्य साहू जन्मतिथि 05/10/2009 दर्ज हो गया है। उक्त पॉलिसी में मैं बिहारी लाल साहू प्रस्तावक हूं। मेरे नाती लोकेश कुमार साहू के आधार कार्ड क्र. 611881470262 के अलावा अन्य दस्तावेजों में भी लोकेश कुमार साहू नाम ही दर्ज है। भविष्य में मेरे नाती लोकेश कुमार साहू आ. दर्शनलाल साहू के शासकीय,अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में इसी नाम का उपयोग किया जावे और उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
बिहारी लाल साहू
शिव मंदिर के पास
सुभाषनगर,कसारीडीह, दुर्ग

नाम परिवर्तन

मैं बिहारी लाल साहू आ. कपिल राम साहू 64वर्ष शिव मंदिर के पास सुभाषनगर कसारीडीह दुर्ग का निवासी हूं। मेरे नाती सुभाष कुमार साहू आ. दर्शन लाल साहू के पॉलिसी क्रं. 386382881 में त्रुटिवश पॉलिसी धारक का नाम गुणवंत साहू जन्मतिथि 27/08/2007 दर्ज हो गया है। उक्त पॉलिसी में मैं बिहारी लाल साहू प्रस्तावक हूं। मेरे नाती सुभाष कुमार साहू के आधार कार्ड क्र. 926817732777 के अलावा अन्य दस्तावेजों में भी सुभाष कुमार साहू नाम ही दर्ज है। भविष्य में मेरे नाती सुभाष कुमार साहू आ. दर्शनलाल साहू के शासकीय,अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में इसी नाम का उपयोग किया जावे और उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
बिहारी लाल साहू
शिव मंदिर के पास
सुभाषनगर,कसारीडीह, दुर्ग

न्यूज गैलरी

आज फतेह मैदान मे ृह मंत्री अमित शाह की सभा

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दौरान विधानसभा मे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह खैरागढ़ शहर के फतेह मैदान मे जनसभा करेंगें । लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनावी प्रचार करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री शाह रविवार को दोपहर 3 बजे फतेह मैदान पहुँचेंगें इस दौरान रा%य स्तरीय नेताओ की मौजूदगी मे सभा को संबोधित कर भाजपा के पक्ष मे वोट मांगेंगें । गृह मंत्री शाह के आगमन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है । पिपरिया वार्ड स्थित हैलीपेड पहुँच शाह सीधे फतेह मैदान पहुँचेंगें । कार्यक्रम के लिए रा%य स्तर के भाजपा नेताओ ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया । सभा मे लोगो को लाने विधानसभा स्तर पर भाजपा पदाधिकारियों को जवाबदारी सौंपी गई है । भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने बताया कि इस आमसभा के लिए लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है ।

15 बसों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही

कवर्धा/नवप्रदेश। परिवहन विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर परमिट शर्तो का उल्लंघन, बिना परमिट, बिना फिटनेस तथा बगैर टैक्स भुगतान किए बिना संचालित यात्री बसों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन लाल साहू ने बताया कि परिवहन निरीक्षक श्री आरसी कुंजाम, श्री संतोष हरिपाल एवं परिवहन विभाग के टीम के द्वारा 11 और 12 अप्रैल को यात्री बस का राजनांदगांव और बिलासपुर मार्ग पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें लगभग 60 बस का जांच किया गया। जांच के दौरान परमिट शर्तो का उल्लंघन, बिना परमिट के संचालित, बिना फिटनेस के संचालित तथा बगैर टैक्स भुगतान किए संचालित यात्री बसों पर कार्यवाही करते हुए 15 बसों पर मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत 48 हजार रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया की 1 बस से 1 लाख 3 हजार 255 रुपए मोटरयान कर जमा कराया गया तथा 3 बस को जप्त कर थाना कवर्धा में खड़ा किया गया है।

सड़क के दोनो किनारे है जानलेवा मुरूम खदान

पाटन/नवप्रदेश। दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन ब्लॉक में आने वाले गांव खम्हारिहा और पाहंदा (अ) के सड़क के दोनो किनारे है जानलेवा मुरूम खदान , दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण कुम्हारी से मोतीपुर पाटन पहुंच मार्ग जो बहुत ज्यादा व्यस्त रोड है जंहा पाहंदा और खम्हारिया के बीच मुरूम खदान है जंहा रोड के दोनो तरफ खाई हो चुका है जो दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है, जिस पर प्रशासन की नजर नहीं पढ़ रही है। उक्त खदान से लाखो करोड़ों रुपए के मुरूम खनन किया गया है लेकिन रोड सेफ्टी के नाम पर कुछ भी नहीं है। वही इस क्षेत्र में आज भी मुरूम माफिया सक्रिय हैं। जो रात भर कापसी, मोतीपुर ,झीट, खम्हारिहा से मुरूम खनन कर महंगे दामों में लोगो को बेचते है और राजधानी से लगे होने के कारण मुरूम की सफलाई इसी क्षेत्र से रायपुर में भी होती है। वही रोड किनारे मुरूम खदान कापसी मोतीपुर मे भी है जंहा रात में होती है अवैध रूप से मुरूम खनन जिस पर खनिज विभाग मौन साधे हुए हैं। और मुरूम माफिया रोड किनारे लगे समतल भूमि को जानलेवा खदान बनाने में लगे हुए हैं जिस पर प्रशासन मौन साधे हुए है।

1.3 किलो गांजा परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना खम्हरिया स्टाफ को 11 अप्रेल को मुखबीर से सुचना मिला कि दो व्यक्ति साजा से खम्हरिया की ओर एक काले रंग के मोटर सायकल बिना नंबर प्लेट में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु खम्हरिया की ओर आ रहा हैं की सूचना पर थाना खम्हरिया स्टाफ व गवाहों के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 1 किलो 300 ग्राम कीमती करीबन 13000 रूपये, एक मोटर सायकल कीमती 15000 रूपये, कुल जुमला 28000 रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपीयों मनीष वर्मा पिता रामेश्वर वर्मा उम्र 20 साल साकिन ढेकापुर थाना खम्हरिया, राहुल गायकवाड पिता विजय गायकवार्ड उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं. 02 खम्हरिया के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं।

अंबेडकर जयंती पर दो दिवसीय होगा कार्यक्रम

खैरागढ़/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती समारोह जिला मुख्यालय में दो दिनों तक मनाया जाएगा.

13 अप्रैल मध्य रात्रि को अंबेडकर चौक में बाबासाहेब की प्रतिमा के समक्ष समाज के युवाओं की उपस्थिति में केक काटकर मंगलदीप प्रज्वलित कर वंदना की जाएगी। रविवार सुबह बाइक एवं कार रैली 9 बजे दाऊचौरा बुद्ध विहार से निकल कर नगर भ्रमण करते अंबेडकर चौक पहुंचेगी। संध्या 6 बजे अंबेडकर चौक में बाबासाहेब की प्रतिमा स्थल पर केक काटकर मंगलदीप प्र%वलित कर त्रिशरण पंचशील एवं वंदना किया जाएगा । 15 अप्रैल को पैदल रैली, मंचीय कार्यक्रम एवं सात्विक भोज दाऊचौरा बुद्ध विहार, में आयोजित है। बौद्ध समाज द्वारा शाम 4 बजे पैदल रैली नगर भ्रमण कर अंबेडकर चौक होते निर्माणाधीन अंबेडकर भवन स्थली सिविल लाइन पहुंचेगी। रैली समापन उपरांत समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में शाम को मंचीय कार्यक्रम होगा। यहाँ समाज के प्रतिभावान ब%चे गीत, कविता, भाषण अथवा बाबा साहेब के जीवनवृत्त पर रचनात्मक प्रस्तुति देंगें।

अवैध शराब रखने वाले कोंचियों पर कार्रवाई, गिरफ्तार कर भेजा जेल

कवर्धा/नवप्रदेश। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक के जरीकेन में करीबन 6 लीटर पानी जैसा तरल पदार्थ कच्ची महुआ शराब भरा हुआ किमती लगभग 900/ रूपये आरोपी को हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर अपराध धारा सदर का घटित करना किया जुर्म स्वीकार । आरोपी- प्रदीप निषाद पिता स्व0 शिवप्रसाद निषाद उम्र 23 साल साकिन मोहगांव थाना पिपरिया जिला कबीरधाम छ0ग0 को दिनांक 13.04.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ0 अभिषेक पल्लव जिला कबीरधाम (छ0ग0) के द्वारा अवैध जुआ, सट्टा, अवैध शराब बिक्री, परिवहन व थाना क्षेत्र मे अवैध नशीली दवाईयां विक्रय करने वाले असामाजिक तत्वों के उपर उचित वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त होने पर श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के कुशल मार्ग निर्देशन पर थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम तैयार कर जरिए मुखबीर के द्वारा बताये गये सुचना पर ग्राम मोहगांव मे आरोपी अवैध धन लाभ अर्जित करने के नियत से अपने घर के सामने परछी मे 6 लीटर वाला जरीकेन में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है कि सुचना तस्दीक पर ग्राम मोहगांव में टीम रवाना किया गया जो आरोपी प्रदीप निषाद के कब्जे से रंगे हाथ एक सफेद रंग के प्लास्टिक के जरीकेन में करीबन 6 लीटर पानी जैसा तरल पदार्थ कच्ची महुआ शराब भरा हुआ किमती लगभग 900/ रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए समक्ष गवाहन के जप्त किया जाकर आरोपी का कृत्य अपराध धारा- 34(2) आब0 एक्ट का पाये जाने से दिनांक- 13.04.2024 के 13¬40 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। उक्त कार्यवाही में थाना पिपरिया से निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला उपनिरी0 रजनीकांत दीवान, प्र0आर0 देवनारायण चन्द्रवंशी, प्र0आर0 सतीश साहु एवं थाना पिपरिया पुलिस स्टाप का सराहनीय योगदान रहा है।

राजनांदगांव लोस क्षेत्र में मोदी सरकार के दौरान अभूतपूर्व कार्य हुए : संतोष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे दूसरे चरण में आजखुज़्जी विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण इलाकों का तूफानी दौरा किया। गाँव-गाँव में मिल रहे आपार जनसमर्थन से प्रफुल्लित दिख रहें श्री पांडे ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चारों जिलों राजनांदगाँव, मोहला-मानपुर-अं. चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कबीरधाम के चौमुखी विकास के लिए अनवरत प्रयत्नशील रहे, जिसके परिणाम स्वरूप इन सभी जिलों में करोड़ों-करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली। विशेष कर डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल लाईन के लिए पांच सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी हैं, इसका कार्य भी प्रारंभ हो चुका हैं यह रेल लाईन क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी हैं, यह रेल लाईन डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, कबीरधाम जिले को विकास से सराबोर करते हुए कटघोरा तक जाएगी। इससे इन सारे इलाकों का चतुर्दिक विकास होगा। लाखों लोगों को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। तथा यह विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। इसी तरह रेलवे में 230 किलोमीटर तीसरी लाईन का काम पूरा हो चुका हैं और अब चौथी का भी कार्य प्रारंभ हैं।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने रेलवे के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए आगे बताया की राजनांदगांव व डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी अमृत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है, इससे इन दोनों रलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण एवं भव्य रूपांतरण का कार्य प्रगति पर हैं। इसी तरह राजनांदगांव शहर के गौरी नगर व स्टेशन पारा में बहुप्रतीक्षित रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य सोलह करोड़ रुपए की लागत से प्रारंभ हो चुका हैं, जो शीघ्र ही पूरा होगा। इतना ही नहीं बल्कि बोरतालाब से मुढ़ीपार स्टेशन तक लोकसभा क्षेत्र की पूरी सीमा में बारह ओवर ब्रीज व तीन अंडरब्रिज का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा हैं। राजनांदगाँव शहर को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित चार अन्य सुपर फास्ट ट्रेनों का स्टापेज भी दिलाया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों की यात्री सुविधा में विस्तार हुआ। श्री पांडे ने बताया की केंद्र की प्रसाद योजना के अंतर्गत डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी देवी शक्तिपीठ का चयन हुआ हैं, इस योजना के अन्तर्गरत 43 करोड़ रुपए की विशाल धनराशि से मंदिर परिसर का व्यापक विस्तार होगा, इसमें मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य पूर्णता की ओर हैं। इसी प्रकार डोंगरगढ़ में ही स्थित एक बड़े तीर्थ स्थल प्रज्ञागिरी के सौंदर्यकरण के कार्य तथा नये उधयान की स्थापना का कार्य प्रगति पर हैं। उल्लेखनीय हैं कि इस स्थान पर श्री यंत्र का निर्माण व स्थापना होना हैं। श्री पांडे ने कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्य अभूतपूर्व व उल्लेखनीय हैं, जिससे संसदीय क्षेत्र के लोगों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। श्री पांडे ने आज साल्हेटोला से अपना जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया, फिर वे केसोटोला, कल्लूबंजारी, टिपानगढ़, घोटिया, आलीवार, कोलिहा लमती, पठानढोंड़गी, बेलरगोंदी, गहीराभेड़ी, शिकारी महका, कोर्रामटोला, जरहामहका, झीथराटोला, शिकारीटोला, महराजपुर, रामपुर, लालूटोला होते हुए डुमरडीह पहुंचे।

आलू के रेट कम करने के लिए पीएन नहीं बने हैं मोदी : विजय

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 57 आसन्न लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को चरितार्थ करने तथा भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र में चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता आम जनता से रूबरू हो रहे हैं और उन्हें भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसी तारतम्य में शुक्रवार की शाम मंडल भाजपा द्वारा देर शाम स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, रिटायर्ड कर्मचारी, डॉक्टर, अधिवक्ता सहित अन्य वर्ग के तथा मीडियाकर्मियों ने भागीदारी निभाई। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बहुत ही बेबाकी से आमजनों के चुनिंदा सवालों के जवाब दिये तथा जिज्ञासाओं को शांत किया। श्री शर्मा ने कहा कि आज विपक्षी पार्टियां बढ़ती महंगाई को लेकर हो हल्ला मचाते रहती है, लेकिन सब जानते हैं कि पूरे देश ने नरेन्द्र मोदी को आलू के रेट कम करने के लिए प्रधानमंत्री नहीं बनाया है। कुछ ऊंचे उद्देश्यों को लेकर उन्होनें प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला है, जिसको पिछले दस सालों में पूरे देश के लोगों ने देखा और समझा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मोदी ने आजादी के बाद देश के मानबिन्दू के पुनर्स्थापन और विश्व में भारत की ताकत को बढ़ाने का जो कार्य किया, वह किसी से छिपा नहीं है। आज उन्हीं के कारण भारत के सामर्थ्य का डंका पूरे विश्व पटल पर बज रहा है। यही कारण है कि गुजरात के सीएम रहते जिस देश अमेरिका ने उन्हें वीजा देने से इंकार कर दिया था, उनके संसद में

जब पीएम नरेन्द्र मोदी भाषण देते हैं, तो वहां के सांसद 18 बार उठकर अभिवादन करते हैं। वहीं अमरीका का राष्ट्रपति हमारे पीएम का आटोग्राफ मांगता है और उन्हें बॉस कहता है। उन्होनें लोंगो से आव्हान् किया कि यह चुनाव देश के भविष्य से जुड़ा हुआ और देश का चुनाव है। पिछले दस वर्षो में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसे ऐसे काम हुये हैं जिसकी कल्पना पिछले 60 वर्षो में किसी ने नहीं की थी। उन्होनें धारा 370, तीन तलाक, राम मंदिर निर्माण, देश की सामरिक शक्तियों में बढ़ोतरी सहित अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश का मुखिया आज देश की तरक् की और आप सबकी खुशहाली के लिए बिना थके 18 - 18 घंटे काम करते हैं। उन्होनें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल में हुए विकास कार्य सहित विविध जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को हमने प्रदेश में पहले ही केबिनेट की बैठक में लागू किया। श्री शर्मा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की महिलाओं को 500 रूपये प्रतिमाह देने का वादा करने के बाद भी 5 साल कुछ नहीं दिया, वो अब एक लाख रू. देने का वादा कर रहे हैं। जनता सब जानती है और समझती है, क्योंकि सबको मालूम है कि केन्द्र में इनकी सरकार और राहुल गांधी पीएम बनने से रहे।

महाराष्ट्र निर्मित प्रिमीयम गोल्ड शराब कोचिया से किया गया बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश।3 पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिपालन में महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ आने वाले रास्तों पर 13 अप्रैल 2024 को मुखबीर सुचना पर एक व्यक्ति मोटर सायकल प्लेटिना बिना नंबर में प्लास्टिक की बोरी मे ग्राम कुहीखुर्द मोड़ के पास जाने वाले मार्ग मे अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहा है।

सूचना पर मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर एक व्यक्ति मोटर साइकिल प्लेटिना बिना नंबर से ककोड़ी महाराष्ट्र से राजनांदगांव की ओर आते मिला, जिसे हिक्मत अमली से रोककर नाम पता पुछने पर अपना नाम मनीष साहू पिता दरबार साहू, उम्र 19 साल, साकिन खपराभाट, थाना गैंदाटोला, जिला-राजनंदगांव का होना बताया, उसके द्वारा मोटर साईकिल में सफेद प्लास्टिक की बोरी में वजनी सामान रखे मिला। बोरी को खोलकर चेक करने पर बोरी के अंदर में महाराष्ट्र निर्मित कुल 40 पौवा प्रत्येक में 108-180 मिलीलीटर जो कांच की शीशियों में सीलबंद प्रिमीयम गोल्ड नामक शराब, कुल 7.200 बल्क लीटर कीमती 2800 रूपये को मोटर सायकल से अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर शराब एवं मोटर साईकिल कीमती 13000 रूपये जुमला कीमती 15800 रूपये का जप्त कर विधिवत कार्यवाही पर आरोपी का कृत्य मामला 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध करते पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया।

चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

राजनांदगांव। चैत्र नवरात्रि पर्व पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में एवं मेला में लगातार संदिग्ध, चोर, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से लोहे के धारदार चाकू रखकर लोगों को दिखाकर लहराकर डरा धमका रहा है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी करण परिहारके विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

भूपेश के पक्ष मे पत्नी और बेटी ने संभाला प्रचार का मोर्चा

खैरागढ़/नवप्रदेश । लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रचार अभियान ने जोर पकड़ा है । कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के प्रचार अभियान मे मोर्चा संभालने बघेल की पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल और बेटी स्मिता बघेल ने भी विधानसभा के दर्जन भर गांवों मे नुक्कड़ सभाएं लेकर बघेल के पक्ष मे मतदान करने की अपील की । शुक्रवार को छूईखदान क्षेत्र मे प्रचार अभियान का कमान संभालने पहुँची माँ मुक्तेश्वरी के साथ स्मिता बघेल ने गर्रा,मरदकठेरा, कालेगोंदी, चारभांटा, उदान, तेंदुभाठा, जोम, नवांगांव लोधी, बुंदेली और मैन्हर पहुँच सभाएं ली । और लोगों को केंन्द्र सरकार की कमजोरियाँ गिनाते कहा कि दस साल से केन्द्र की मोदी सरकार देश को बेचने का काम कर रही है । स्मिता बघेल ने कहा कि देश को अडानी अंबानी के हाथो बेचकर मोदी सरकार ने हमारे बगों की रोजीरोटी, नौकरी और रोजगार छीनने का प्रयास किया है । देश को निजी हाथो मे सौंपकर गरीबों को और गरीब करने का प्रयास केन्द्र सरकार कर रही है । स्मिता बघेल ने कहा कि पिछले दस साल मे केन्द्र सरकार देश मे कोई भी सरकारी उपक्रम शुरू नही कर पाई है । कार्यक्रम मे मौजूद विधायक यशोदा वर्मा ने इस दौरान भूपेश बघेल सरकार के दौरान जारी योजनाओं की जानकारी देते कहा कि केन्द्र सरकार की तरह प्रदेश सरकार भी जनहित के योजनाओ को बंद कर रही है । इसका सीधा असर आम लोगो पर पड़ रहा है । कार्यक्रम जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया सहित कांग्रेसी मौजूद रहे ।

विराजित हुई मां दुर्गा, ग्रामीणों ने पहली बार जलाए मनोकामना ज्योत

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के वनांचल ग्राम लक्षणा टोला के पास स्थित दूर्गम पहाड़ियों के बीच प्राकृतिक सौंदर्य मे प्राकृतिक रूप से बने बाघ गुफा मे इस बार ग्रामीणों ने माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पहली बार %योति कलश प्र%वलित किए है । वनांचल ग्राम लक्षणाटोला से आधे किमी दूर बाघगुफा के बाद ही जिले की प्रसिद्ध नदी आमनेर नदी का उदगम स्थल है । जिसे अब कुंड का रूप दिया जा चुका है । आमनेर के उदगम स्थल पर ही पहाडी पर स्थित बाघ गुफा को पहले शेर बाघ का निवास स्थल माना जाता था । हालंकि अब वहाँ इस तरह के जानवर सालों से नही दिखे है । लेकिन वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य और अनुपम छटा को निहारने बड़ी संख्या मे जिले और बाहर के सैलानी पहुँचते है ।

लक्षणाटोला के मनोरम पहाड़ियों मे प्राकृतिक रूप से बने बाघ गुफा मे ग्रामीणो ने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कराई है । इस नवरात्रि पर ग्रामीणों ने यहाँ मनोकामना %योत जलाई है । रोजाना यहाँ अभाव के बीच नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है । बड़ी संख्या मे ग्रामीण यहाँ रोजाना पहुँच रहे है । यहाँ से कूछ दूरी पर आमनेर नदी के उदगम स्थल पर बनाए गए जलकुंड में लोगो को शुद्ध जल उपलब्ध हो रहा है । आमनेर यहाँ से निकलने के बाद अपना विकराल रूप लेती है । बाघद्वार स्थल पर उपर की पहाड़ियों मे देवाधिदेव महादेव विराजमान है । अंदर गुफा मे माँ दुर्गा जी की मूर्ति.. माँ काली जी की मूर्ति एवं हनुमान जी की मूर्ति के साथ साथ माँ भगवती के वाहन बाघ की भी मूर्तिया स्थापित की गई है जो की कही न कही इस स्थल के नाम बाघद्वार से मेल खाती हुई प्रतीत होती है । नवरात्रि पर्व पर माँ दुर्गा को भेंट स्वरूप प्रसादी, चुनरी, श्रृंगार आदि के लिए वहाँ दुकान भी स्थित है ।वनांचल क्षेत्र मे बसा यह स्थल आने वाले समय मे बड़ा पर्यटन स्थल बन सकता है । पर्यटन के दृष्टिकोण से यहाँ दूर्गम पहाड़ियों के बीच प्राकृतिक सौंदर्य, अनुपम छटा और प्राकृतिक वन संपदा का प्रचुर स्थान है । लोगों की बढ़ती भीड़ के बाद अब इसे पर्यटन स्थल बनाए जाने की मांग ग्रामीणों ने उठाई है ।

ग्रामीणों को कहना है कि प्राकृतिक सौंदर्य , माता के दर्शन के साथ साथ यहाँ लोगों को आमनेर नदी का उदगम देखने लोग पहुँचते है । पर्यटन स्थल बनने से यहाँ तक आना सुगम होगा । फिलहाल यहाँ तक पहुँचने लक्षणाटोला से आधा किमी वाहन से पहुँचने के बाद दो सौ मीटर तक पैदल चलना पड़ता है ।

संविधान बदलने की साजिश रच रही भाजपा : भूपेश बघेल

- **भारतमाला परियोजना में मुआवजा न देकर आम जनता से कर रहे अन्याय**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज अपनी तूफानी जनसंपर्क के दौरान राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंजोरा कोपेडीह, देवादा, फुलझर, नवागांव, टेडेसरा, इरा, सोमनी, तोरणकट्टा, पारीखुद, सिंघोला आदि ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए अपने पक्ष में वोट की अपील की। सभाओं को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने भाजपा को महंगाई बेरोजगारी देने वाली सरकार करार देते हुए कहा कि लगातार आम जनता के साथ 10 वर्षो से भाजपा अन्याय ही रही है, ऐसी जनहित की एक भी योजना नहीं होने के कारण भाजपा अन्याय की पर्याय बन चुकी है। भाजपा अबकी बार 400 का नारा देकर एक बड़ी साजिश देश के साथ करने की मंशा है। 400 पार होने पर उनके द्वारा देश के संविधान जिसमें आम जनता को मौलिक

अधिकार प्राप्त हैं, उन अधिकारों से भी वंचित करने का ताना-बाना बुनने का खेल खेल रही है और तो और केंद्रीय योजनाएं राजनांदगांव में आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। भारतमाला परियोजना रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेस वे में 2022 से जमीनों का चिन्हाकन होने के बाद ना तो उनका मुआवजा राशि केंद्र सरकार ने प्रदान की है, यहां तक किसान अपनी जमीन को खरीदी-बिक्री कर पा रहे हैं। बीमारी, शादी सहित अन्य जरूरी कार्य में भी क्षेत्र के किसान पैसे अभाव में हलाकन एवं परेशान है, उसके बाद भी राजनांदगांव के निष्क्रिय सांसद ने ना तो किसानों की सुध ली और ना ही कोई पहल की, जिससे जनता को राहत मिले। अब तो भाजपा की सरकार आम जनता को मिलने वाली राशन में भी कटौती कर मुंह से निवाला छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ में थी तो हम प्रति व्यक्ति 7 किलो चावल के मान से देकर जनता को अन्न उपलब्ध करा रहे थे, वहीं भाजपा अब प्रति कार्ड 35 किलो देकर खाद्यान्न में भी कटौती कर दी है। साथ ही साथ महतारी वंदन योजना के नाम पर 3 महीने का राशि भी भाजपा ने न देकर महतारियों के साथ अन्याय करने का काम किया है। कांग्रेस जो बात कहती है वह करती भी है, जिसका प्रमाण छत्तीसगढ़ में देखने को मिला हमने किसानों को 2500 में धान खरीदने की बात की थी, किसानों का कर्ज माफी की बात की थी और इन दोनों निर्णय में लेने में कांग्रेस ने 2 घंटे का भी समय नहीं लिया था, वहीं आज भाजपा किसानों को नगद काउंटर से भुगतान करने के लिए 3 महीने से अधिक का समय लिया और वही छत्तीसगढ़ सरकार की पहली कैबिनेट में हुए 18 लाख आवास के हितग्राहियों को एक भी पैसा नहीं देकर छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को अपने जुमलेबाजी में फंसाकर सत्ता प्राप्त की है, यह आम चुनाव नहीं खास चुनाव है और इस खास चुनाव में हमें राजनांदगांव संसदीय सीट से कांग्रेस को जीताकर देश में कांग्रेस की सरकार बनाने का संदेश देना है, ताकि महंगाई बेरोजगारी सहित देश को कर्ज के गर्त में धकेलना वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक सकें।

आदतन अपराधिक गतिविधियों में लिप्त चंद्रकुमार जिलाबदर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 05 (ख) के तहत चंद्रकुमार ऊर्फ शेखर चौहान पिता मनहरण चौहान उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं. 02 विद्यानगर बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को शुक्रवार को जिला बेमेतरा एवं सीमावर्ती जिलों से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है।

संबंधित के विरुद्ध आगामी 6 महिने के लिए बेमेतरा जिले के सीमावर्ती जिला दुर्ग, कबीरधाम, रायपुर, मुंगेली, बलौदाबाजार, बिलासपुर , राजनांदगांव, खैरागढ-छुईखदान-गंडाई तथा जिला बेमेतरा की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश जारी करते हुए जिला बदर की कार्यवाही की है। 24 घंटे के भीतर जिले से बाहर जाना होगा। जिला दंडाधिकारी ने इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि तक बिना उनके वैधानिक पूर्वानुमति के बेमेतरा एवं जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने कहा है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा विभिन्न अपराधिक/संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त 7 लोगों को नोटिस और 4 को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में चंद्रकुमार ऊर्फ शेखर चौहान जिला बेमेतरा के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 05 (ख) के अंतर्गत जिला बेमेतरा एवं सीमावर्ती जिलों से निष्कासित (जिला बदर) करने के लिए प्रस्तावित किया गया था।

न्यूज गैलरी

7 को मतदान, विवि ने 6 से 8 तक की परीक्षा तिथि बढ़ाई

रायगढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय ने कॉलेज में हो रही परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया है। रायगढ़ और जांजगीर लोकसभा सीटों के लिए मतदान सात मई को है। महाविद्यालय में परीक्षा 28 मार्च से 16 मई तक होनी थी। 6, 7 और मई की परीक्षा रिशेड्यूल की गई है। 9 से 16 मई तक की परीक्षा यथावत रहेगी। यूनिवर्सिटी से संबद्ध महाविद्यालय में परीक्षाएं 20 में तक पूरी होंगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी संशोधित समय सारिणी के मुताबिक बीएससी पार्ट 1, 2 और 3 की 6 मई को होने वाली परीक्षा 13 को होगी। वहीं 8 मई को होने वाली परीक्षा 15 मई को कराई जाएगी। बीएड द्वितीय वर्ष की 7 मई को होने वाली परीक्षा 18 मई को होगी। इसी तरह बीए पार्ट 1, 2, 3 की 6 मई को होने वाली परीक्षा 17 मई और 8 को होने वाली परीक्षा 20 मई को कराई जाएगी। बीकॉम फर्स्ट सेकंड और थर्ड ईयर के स्टूडेंट की 6 मई को शेड्यूल की गई परीक्षा अब 17 मई, 8 मई को होने वाली परीक्षा 20 मई को कराई जाएगी। बीए पार्ट 1 स्वाध्याय, बीए पार्ट एक सप्लीमेंट्री छात्रों की परीक्षाएं 6 मई के बदले 9 मई को कराई जाएगी। यूनिवर्सिटी में रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती और जांजगीर-चांपा जिले के 100 से अधिक कॉलेज के 87 हजार परीक्षार्थी दे रहे हैं।

संभाग के आयुक्त कल लेंगे समीक्षा बैठक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु अब तक की गई आवश्यक तैयारी की समीक्षा सरगुजा संभागायुक्त जी आर चुरेन्द्र के द्वारा 15 अप्रैल को शाम 4 बजे से कलेक्टरेट सरगुजा के सभाकक्ष में किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व सम्बन्धितों को पत्र जारी कर लोकसभा निर्वाचन 2024 से सम्बंधित अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित होने कहा है।

आचार संहिता: अब तक चार बदमाश किए गए जिला बदर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने प्रशासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन सहित सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने विशेष निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट सरगुजा विलास भोसकर द्वारा पुलिस अधीक्षक सरगुजा से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक रामाशंकर यादव आत्मज महावीर यादव निवासी ग्राम दोरना, तहसील व थाना लुण्ड्रा एवं राहुल सोनी उर्फ प्रिंस सोनी उर्फ रोहित सोनी उर्फ राजू सोनी आत्मज रामचन्द्र सोनी निवासी ग्राम सोहगा, थाना एवं तहसील दरिमा को एक साल की अवधि के लिए जिले से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त व्यक्ति को जिला सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से आदेश 12 अप्रैल से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर की कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, सरगुजा द्वारा रामाशंकर यादव, राहुल सोनी उर्फ प्रिंस सोनी उर्फ रोहित सोनी उर्फ राजू सोनी के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के प्रावधानों के तहत (जिला बदर) कार्यवाही करने का प्रतिवेदन पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक रामाशंकर यादव एवं राहुल सोनी को उक्त अधिनियम की धारा 5(क)(ख) के तहत (जिला बदर) कार्यवाही बावत अनावेदक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और जवाब प्राप्त किया गया। इन्हें विधिवत सुनवाई का अवसर देते हुए अनावेदक रामाशंकर यादव एवं राहुल सोनी के विरुद्ध अधिरोपित आरोप की पुष्टि अभियोजन साक्ष्य और प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर होने के कारण अनावेदक रामाशंकर यादव, राहुल सोनी उर्फ प्रिंस सोनी उर्फ रोहित सोनी उर्फ राजू सोनी को राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए जिले से निष्कासित (जिला बदर) करने की कार्यवाही की गई है।

ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के घर लाखों की चोरी

15 तोला सोना व 10 लाख नकद ले गए

सक्ती/नवप्रदेश। बीती रात्रि शहर के बाराद्वार रोड स्थित राइस मिल व्यवसायी एवं प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्ट व्यवसायी प्रकाश चंद गोयल के निवास पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लगभग 15 तोला सोने एवं लगभग 10 लाख रुपए नगदी की चोरी कर ली है,ऐसी जानकारी सूत्रों से मिली है, तथा पूरे मामले की सूचना शक्ति पुलिस को दे दी गई है एवं पीड़ित परिवार के अनुसार रात को लगभग 2.45 बजे उन्हें घर में उपरोक्त चोरी की घटना की भनक लगी तो वे जब उठकर बाहर आए तो चोर भाग रहे थे।

उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना देना चाही तथा वे थाने भी पहुंचे किंतु पुलिस की अनुपलब्धता के चलते वे वापस लौट आए तथा बाद में सुबह करीब 6 बजे थाना टीआई विवेक शर्मा सदलबल मौके पर पहुंचे, उन्होंने तत्काल पुलिस को अलर्ट किया एवं मौके पर जिला पुलिस के भी बड़े पुलिस अधिकारी पहुंच गए हैं, किंतु प्रकाश गोयल के निवास पर हुई इस

चोरी से पूरा परिवार सदमे में है एवं बीती रात्रि प्रकाश गोयल का परिवार एवं उनके पुत्र पवन गोयल रात को खाना खाकर सो गए थे तथा नीचे वाले हिस्से में दुकान के ठीक पीछे तीसरे नंबर के कमरे पर जहां पूरे गहने जेवरात लगभग पांच अलमारी में रखे हुए थे जिसे चोरों ने मकान के पीछे से अंदर घुसकर पूरी अलमारी को साफ कर दिया एवं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ सौ ग्राम सोना-चांदी एवं लगभग 10 लख रुपए नकदी थे, किंतु पूरे मामले की रिपोर्ट अभी तक शक्ति पुलिस में नहीं लिखी है, पुलिस बड़े अधिकारियों के निर्देश का इंतजार कर रही है किंतु शहर में अब तक की सबसे बड़ी चोरी बताई जा रही है एवं विगत दो दिन पूर्व ही शहर के बंधवा तालाब के सामने भी दो दुकानों में अज्ञात चोरों ने एक दुकान में चोरी की तथा एक दुकान में ताला तोड़ने का प्रयास किया था तथा शहर में निरंतर हो रही इस चोरी की घटना से आम नागरिक दशहत में हैं। प्रकाश गोयल के निवास पर लोगों की भीड़ जुटी हुई है, जिला पुलिस प्रशासन भी वहां पहुंच गया है किंतु अब आगे पुलिस चोरी के इस बड़े मामले पर क्या कार्रवाई करती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा किंतु जिला मुख्यालय में हुई चोरी की इस बड़ी घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल निशान लग गया है। जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा जिस तरह से अपनी पद स्थापना के बाद से निरंतर जनता और पुलिस के बीच में एक बेहतर संबंध बनाते हुए जनता की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करती थी किंतु ऐसा लगता है की चोरी की इन घटनाओं से कहीं न कहीं पुलिस को बड़ा सबक लेने की आवश्यकता है।

भाजपा प्रत्याशी कमलेश का गांव-गांव जनसंपर्क

सक्ती/नवप्रदेश। गांव-गांव शहर भाजपा की चली लहर भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी सक्ती की बेटी कमलेश जांगड़े के द्वारा लोकसभा जांजगीर क्षेत्र के बस्ती बाराद्वार डुमरपारा डेरागढ़ लवसरा में जनसंपर्क किया। मतदाता भाइयों एवं बहनों से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने कमल निशान पर मतदान करने का आग्रह किया। श्रीमती जांगड़े कार्यकर्ताओं के साथ वोट मांगते हुए मोदी के द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को मतदाताओं के संग साझा किया एवं भाजपा को वोट देकर प्रचंड मतों से जीताने के लिए कहा। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव सहसंयोजक डॉक्टर खिलावन साहू मंडल अध्यक्ष संतोष राठौड़ प्रकाश साहू गोपाल जोशी महावीर राठौड़ कौशल्या खुटे मोहन तोदी दिनेश शर्मा धीरेंद्र खूटे अनुभव तिवारी टिकेश्वर गवेल रामनरेश यादव घनश्याम साहू प्रेम पटेल आशा साव राजकमल राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डेरागढ़ पहुंचकर कमलेश जांगड़े सहित सभी कार्यकरता मंदिर पहुंचकर माता रानी का पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किये।

नुक्कड़ नाटक से शत-प्रतिशत मतदान करने किया प्रेरित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाष नगर में स्वीप सरगुजा के अंतर्गत मतदान के प्रति जागरूकता के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी श्रीमती रानी रजक की उपस्थिति में समस्त बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा मध्य नगरी चौक पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर मतदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया तथा साथ ही साथ 07 मई मतदान दिवस पर अनिवार्य रूप से मत देने हेतु लोगों से अपील की गई।

अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा करें उपयोग-कलेक्टर

कलेक्टर ने स्वीप रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, सभी को मतदान करने दिलाई शपथ

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में मानव श्रृंखला और दीप प्रज्जवलन के साथ जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती से स्वीप रैली का शुभारंभ करते हुए जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती के मैदान में मानव श्रृंखला और दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने स्वीप रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी को जागरूकता पूर्वक मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तोपनो ने कहा की मतदान हमारा सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है, इसलिए हमें अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा की लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए लगातार स्वीप गतिविधियाँ अयोजित कर मतदाताओ को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित नागरिको सहित जिले के समस्त मतदाताओं से आगामी 7 मई को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्र पहुँचकर मतदान करने की अपील की है। जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम में जिला स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम, सक्ती एसडीएम के एस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल, सीएमओ सक्ती संजय सिंह, जनपद सीईओ सुश्री कावेरी मरकाम, खेल अधिकारी हरि पटेल, समस्त सीईओ, समस्त तहसीलदार, बिहान समूह की महिलाएं, स्काउट गाइड के छात्र छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, विभिन्न स्कूल के छात्र छात्राएं सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बसपा उम्मीदवार डहरिया का नामांकन दाखिल

जांजगीर/सक्ती/नवप्रदेश। लोकसभा जांजगीर-चांपा में चुनाव के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी हुई और नामांकन लेने की शुरूवात हुई। पहले दिन बसपा प्रत्याशी रोहित कुमार डहरिया ने नामांकन दाखिल किया। जबकि कुल 8 उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म खरीदा।जांजगीर-चांपा लोक सभा का चुनाव 7 मई को होगा। इसके लिए नामांकन आज से शुरू हुआ। कलेक्टोरेट कक्ष क्रमांक 1 में रिटर्निंग अधिकारी आकाश छिकारा ने नामांकन स्वीकार किया।

नामांकन के पहले दिन बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार रोहित डहरिया ने अपना नामांकन जमा किया। बसपा के दो पूर्व विधायक दूजराम बौद्ध, इंदू बंजारे की उपस्थिति में उन्होंने पर्चा भरा जबकि पहले दिन कुल 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज अरविंद कुमार निर्दलीय, रेवालाल सतनामी निर्दलीय, डा. शिवकुमार डहरिया कांग्रेस, विजयलक्ष्मी सूर्यवंशी असंख्य समाज पार्टी, विद्या देवी सुन्दर समाज पार्टी, तिहारू राम निराला निर्दलीय, कमलेश जांगड़े भारतीय जनता पार्टी, रोहित कुमार डहरिया बहुजन समाज पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र लिया। रोहित डहरिया ने नामांकन जमा भी किया। अवकाश के दिन को छोड़कर नामांकन 19 अप्रैल तक जमा होगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार या प्रस्तावक के माध्यम से नामांकन जमा कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन फार्मो की जांच होगी और 22 अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार डा. शिव कुमार डहरिया 18 अप्रैल को नामांकन जमा करेंगे। इस दिन प्रदेश के कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत भी उपस्थित रहेंगे। नामांकन के दौरान कलेक्टोरेट के तीनों गेट में पुलिस की चाक - चौबंद व्यवस्था थी।

पहले दिन आयोग को मिले एक लाख नामांकन शुल्क

नामांकन के लिए 25 हजार रूपये जमानत राशि निर्धारित है मगर अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवारों को साढ़े 12 हजार रूपये जमानत राशि देना पड़ता है। यह अजा वर्ग के लिए आरक्षित सीट है। इसलिए उम्मीदवारों को साढ़े 12 हजार देना होगा। पहले दिन 8 लोगों ने नामांकन फार्म खरीदा। इस तरह चुनाव आयोग को जमानत राशि के रूप में एक लाख रूपये मिले।

चुनाव में 95 लाख खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार 95 लाख रूपए खर्च करने की छूट होगी। इसके लिए उन्हें एक अलग बैंक खाता नामांकन दाखिल करने के कम से कम एक दिन पहले खोलना होगा और इसका उल्लेख भी नामांकन में करना होगा। इसी खाते से उनका आय -व्यय का हिसाब भी देना ही पड़ेगा।

मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम सीलिंग, मॉक पोल सूचना प्रपत्र भरने की दी जानकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान संबंधी कार्यों को सुचारू संपादन के लिए प्रथम चरण के प्रशिक्षण जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने शुक्रवार को प्रशिक्षण स्थल कार्मेल स्कूल, नमनाकला पहुंचकर विभिन्न कक्षों में चल रहे मतदान अधिकारी क्रमांक 02 और 03 का मतदान के संबंध में जारी प्रशिक्षण का अवलोकन किया।

इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री भोस्कर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी निर्वाचन की रीढ़ हैं। मतदान कराने के सभी पहलुओं मॉकपोल, सीआरसी, ईवीएम सीलिंग, सभी प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया को बारीकी से समझें। उन्होंने प्रशिक्षकों को कहा कि सभी को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कराएं जिससे सभी बेहतर तरीके से मतदान प्रक्रिया को समझ सकें। उन्होंने स्वयं बैठकर प्रशिक्षण में भाग भी लिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स एवं सेक्टर अधिकारियों के द्वारा 923 मतदान अधिकारी क्रमांक 02 और 923 मतदान अधिकारी क्रमांक 03 को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम सीलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

चुनाव व्यय प्रेक्षक गिरीराज दत्त शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और वीवीटी दलों सहित सम्बन्धित अधिकारियों की ली बैठक

प्रत्याशियों के व्यय, चुनाव को प्रभावित करने वाले नगदी, नशीले पदार्थों के परिवहन पर रखें नजर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 01 सरगुजा हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस गिरीराज दत्त शर्मा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निगरानी हेतु गठित सहायक व्यय प्रेक्षक दल, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, विडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, आयकर अधिकारी, आबकारी अधिकारी तथा बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

व्यय प्रेक्षक श्री शर्मा ने उपस्थित सभी दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सभी चेकपोस्ट में गहन जांच तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को शराब के अवैध रख-रखाव एवं परिवहन पर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि बैंक खातों के माध्यम से अचानक बड़ी राशि के ट्रांसेक्शन पर विशेष निगरानी रखें। कलेक्टर श्री भोस्कर ने बैठक में निर्वाचन अनुदेशों के अनुरूप कार्यवाही करने कहा तथा आमजनों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसका ध्यान रखने कहा। इस दौरान सभी को व्यय प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचन क्षेत्र हेतु जारी सम्पर्क नम्बर 7647042511 के सम्बंध में जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार की शिकायत या मार्गदर्शन हेतु दलों को सम्पर्क करने हेतु कहा गया।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन की घोषणा किए जाने के उपरांत राजनैतिक दलों द्वारा की जाने वाली प्रमुख रैलियों, सार्वजनिक बैठकों या अन्य व्ययों की वीडियो निगरानी दल की सहायता से वीडियोग्राफी कराई जाती है। उड़नदस्ता दल निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अवैध नगदी का आदान-प्रदान, शराब का वितरण, अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं शस्त्र इत्यादि जो मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हो, इसकी जांच करते हैं, साथ ही जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इसी प्रकार स्थैतिक निगरानी दल व्यय संवेदनशील विधानसभा क्षेत्र पर चेक पोस्ट स्थापित करेगा और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, प्रलोभन की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रखेगा। जांच किए जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। जांच की जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियो बनाया जाएगा या सीडी में रिकार्ड किया जाएगा।

सी विजिल कक्ष का किया गया निरीक्षण

लोकसभा निर्वाचन के तहत कार्यों के संपादन हेतु विभिन्न तरह की मॉनिटरिंग इकाइयां काम कर रही हैं, जो प्रत्याशियों के व्यय, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सहित सुरक्षा के मामलों की सतत निगरानी करती हैं। इन सभी शाखाओं की कार्यप्रणाली और संचालन का जायजा लेने शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक गिरिराज दत्त शर्मा, आईआरएस नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में पहुंचे। यहां उन्होंने व्यय शाखा, एमसीएमसी कक्ष, शिकायत शाखा, वाहन शाखा, कंट्रोल रूम, सी विजिल कक्ष आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षों का अवलोकन कर निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों की नोडल अधिकारियों से जानकारी ली और हर शाखा की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यय शाखा में मौजूद सहायक व्यय प्रेक्षकों को प्रत्याशियों के व्यय की निगरानी, व्यय रजिस्टर आदि संधारण हेतु निर्देशित किया। एमसीएमसी कक्ष में सभी इकाइयों के कार्यों की जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने वाहन शाखा, कंट्रोल रूम में स्थित सी विजिल, एनजीआरएस और विभिन्न अनुमतियों के लिए निर्धारित सिंगल विंडो सिस्टम का भी अवलोकन किया।

न्यूज गैलरी

सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों की जानी स्थिति

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोण्डागांव, लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ0 जे गणेशन ने गुरूवार को कोण्डागांव जिले के चिखलपुटी, बनियागांव, दहिकोंगा एवं जोबा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदान दलों एवं मतदाताओं के लिए आधारभूत सुविधाओं का सुनिश्चित करने हेतु जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पहुंच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप मतदाताओं के लिए छायादार विश्राम स्थल, पेयजल, शौचालय की सुविधा सहित दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प इत्यादि की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए छाया एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने हेतु कहा।

बढ़ गई शहर से होकर गुजरने वाले पदयात्रियों की संख्या

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर से होकर डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की संख्या मे दूसरे दिन से बढ़ोत्तरी होनी शुरू हो गई । शहर से होकर नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या मे डोगरगढ़ के लिए पदयात्री निकलते है । कवर्धा, पंडरिया, गंडई, थान खम्हरिया, बोड़ला, बालाघाट, बाजार अतरिया, धमधा,छूईखदान, सिल्हाटी, लोहारा समेत विभिन्न जगहो के पदयात्री बड़ी संख्या मे माता की भक्ति के साथ पदयात्रा कर डोगरगढ़ पहुँचते है । नवरात्रि के पहले दो दिन पदयात्रियों की संख्या नही के बराबर रही । लेकिन दूसरे दिन शाम को बड़ी संख्या मे पदयात्रियों का जत्था शहर से होकर गुजरा । इसमे पुरूषों के साथ महिलाएं, युवावर्ग भी बड़ी संख्या मे शामिल रहा । तीसरे दिन गुरूवार को सुबह से पदयात्रियों का रेला शहर से गुजरने लगा । इस दौरान बड़ी संख्या मे लोग माता के जयकारे के साथ डोगरगढ़ तक पदयात्रा मे निकल रहे है । पदयात्रियों की शहर मे सेवा के लिए जगह जगह लगाए जाने वाले सेवा पंडालों की संख्या इस बार चुनावी आचार संहिता ने कम कर दी है । शहर मे ही आधा दर्जन से अधिक जगहो सिविललाइन, संगीत विवि परिसर, नगरपालिका दाउचौरा, अमलीडीहवार्ड सहित अन्य जगहो पर सेवा पंडाल लगाकर पदयात्रियों के रूकने, खाने पीने की व्यवस्था बनाई जाती रही है ।

अनिवार्य सेवाओं के मतदाता डाक मतपत्र से करेंगे मतदान

बेमेतरा/नवप्रदेश। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाक मतपत्र श्रीमती दिव्या पोटाई ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में डाक मतपत्र नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक अनिवार्य सेवा श्रेणी के तहत स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, जनसंपर्क, डाक विभाग एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकृत डाक मतपत्र नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

श्रीमती दिव्या पोटाई ने बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के अधिसूचना के तहत अनिवार्य दस सेवाओं के मतदाता डाक मतपत्र से मतदान कर सकते है। अत्यावश्यक सेवा स्वास्थ्य विभाग, विद्युत, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, दूरसंचार (बीएसएनएल) दूरदर्शन, आकाशवाणी, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित और भारतीय खाद्य निगम, डाक एवं टेलीग्राम विभाग को अधिसूचित किया गया हैं। आयोग के निर्देश के परिपालन में संबंधित विभाग के लिए नोडल नियुक्त किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

गांव में सड़क नहीं, ग्रामीणों ने फ्लैक्स चस्पा कर किया चुनाव बहिष्कार

■ गांव में नहीं हो पा रहा युवक-युवतियों का रिश्ता

कवर्धा/नवप्रदेश। सड़क नहीं होने के कारण गांव के युवक और युवतियों के विवाह में बाधा आ रही है. पक्की सड़क के अभाव में गांव के लड़के-लड़कियों का रिश्ता टूट जाता है. कोई भी इस गांव में बच्चों का वैवाहिक संबंध नहीं जोड़ना चाहता. देश को आजाद हुए आज 77 वर्ष हो गए और अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है लेकिन कबीरधाम जिले के एक गांव पावली में आवागमन के लिए कोई साधन नहीं है. लोग कच्चे रास्ते में चलने को मजबूर हैं. पावली, जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम बंधी पंचायत का आश्रित गांव है. पावली में 500 सौ से अधिक मतदाता है. यहां सड़क नही होने के कारण से युवक और युवतियों के विवाह में परेशानी होती है. ऐसे में बुजुर्ग माता-पिता को बच्चों की शादी की चिंता सता रही है.

इसके कारण से यहां के ग्रामीणों ने गांव में फ्लैक्स चस्पा कर, रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा दिया है. इसके अलावा गांव में नेताओं के घुसने पर प्रतिबंध लगा दिया है.

दरअसल चुनाव के दौरान नेता ग्रामीणों को सपने दिखाकर वोट मांगने आते हैं और जीतने के बाद पीछे पलट कर भी नहीं देखते. इस कारण पावली गांव विकास की बाट जोह रहा है. आज से तीन दिन पहले ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी समस्या बताई थी. गांव में सड़क नही होने पर चुनाव में बहिष्कार करने की धमकी भी दी थी. इसके बावजूद जिला मुख्यालय से अधिकारी गांव पहुंचना मुनासिब नहीं समझा. इसके कारण गांव के लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने ऐलान कर दिया है।

ताम्रध्वज के बहाने साहू समाज को साधने में सफल होगी कांग्रेस

महासमुंद लोकसभा सीट का विश्लेषण -जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा सीट सबसे पुरानी सीटों में से एक है। यहां से बड़े- बड़े दिग्गज चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला होने वाला है। इसमें जातिगत समीकरण और स्थानीय मुद्दे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद महासमुंद लोकसभा सीट से एक बार कांग्रेस से अजीत जोगी ने जीत हासिल की थी। उन्होंने वीसी शुक्ला को पराजित किया था। उसके बाद से तीन बार लगातार भाजपा ने जीत हासिल की है। तीनों बार यहां से भाजपा ने साहू प्रत्याशी को मैदान पर उतारा था।

1957 से अब तक इस सीट पर 18 सांसद बने। सबसे ज्यादा 7 बार सांसद बनने का रिकार्ड स्व. विद्याचरण शुक्ल के नाम दर्ज है। उन्होंने 1989 का चुनाव जनता दल के बैनर तले जीता था। उन्होंने भाजपा व कांग्रेस दोनों को लोहा मनवाया था। 1991 में भाजपा ने चन्द्रशेखर साहू को प्रत्याशी बनाया लेकिन संत पवन दीवान ने चंद्रशेखर साहू को परास्त किया था। 1996 में फिर

दोनों टकराए इस बार भी कांग्रेस जीती, तीसरी बार 1998 के चुनाव में पवन दीवान को मात देने में चन्द्रशेखर साहू सफल रहे। कांग्रेस ने 1999 में श्यामाचरण शुक्ल को तो 2004 में अजीत जोगी को उतार कर सीट पर कब्जा बरकरार रखा। लेकिन 2009 के बाद साहू समाज के प्रत्याशी को महासमुंद सीट से उतारा गया। जो भाजपा का परचम लहराते रहे। 2009 व 2014 में चन्दूलाल साहू 2019 में चुन्नीलाल साहू सांसद बने। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में ओबीसी वर्ग बाहुल्य है। इसके चलते दोनों प्रमुख दलों ने यहां से ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। भाजपा से रूपकुमारी चौधरी और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को। । ताम्रध्वज साहू चार बार विधानसभा और एक बार सांसद रह चुके हैं। रूपकुमारी चौधरी बसना विधायक रह चुकी हैं।

महासमुंद लोकसभा सीट से कई दिग्गजों को हार का सामना पड़ा है। पिछले तीन चुनावों से भाजपा का कब्जा है। 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार मोतीलाल साहू के हार की बाद से यह सीट भाजपा के खाते में है। कांग्रेस ने 2014 में भाजपा के चन्दूलाल साहू के सामने अजीत जोगी को चुनाव में उतारा, इस चुनाव में 11 चन्दूलाल को उतारने की रणनीति भी कांग्रेस को जीत नही दिला सकी।

महासमुंद लोकसभा में 8 विधानसभा क्षेत्र हैं। दोनों दलों के यहां से 4 - 4 विधायकों ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस ने खल्लारी, धमतरी, बिंद्रानवागढ़, सरायपाली और भाजपा ने कुरूद, बसना, राजिम, महासमुंद से जीत दर्ज की है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कुल 6 लाख 97 हजार 187 वोट हासिल किए। वहीं भाजपा ने 6 लाख 87 हजार 909 मत हासिल किए। देखा जाए तो कांग्रेस ने 9278 मत ज्यादा हासिल किए हैं।

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र साहू बाहुल्य है राजिम, धमतरी, महासमुंद, खल्लारी व कुरूद इन पांच विधानसभा सीटों पर साहू समाज का ज्यादा प्रभाव है। इस बार चुन्नीलाल साहू, चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू आदि नेताओं को दरकिनार कर पार्टी ने महिला कार्ड खेला है।

25 लाख की लागत से निर्मित पौनी पसारी हवा के एक ही झोंके में ही तहस-नहस

पौनी पसारी अब मरम्मत की आस में

भटगांव/नवप्रदेश। हाट बाजार को सुव्यस्थित रूप से संचालित करने 25 लाख की लागत से पौनी पसारी का निर्माण नगर पंचायत द्वारा किया गया। जो तेज हवा चलते ही टीन शेड हवा में उड़ गए। इसके बाद से आज तक टीन शेड नहीं लगाया गया। जिस उद्देश्य के साथ पौनी पसारी का निर्माण किया गया था। उस उद्देश्य पर ही पानी फेर दिया गया। भटगांव में सब्जी मार्केट शीतला चौक के आजू=बाजू रोड में लगता है।

पुराने नगर पंचायत के पास 25 लाख रुपए की लागत से पौनी पसारी योजना के तहत निर्माण कराया गया है। लेकिन एक हवा के झोंके ने निर्माण एजेंसी ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा किए गए अनियमितता को उजागर कर दिया और ऊपर लगे टीन सेड उड़ गया । ताज्जुब की बात यह है की नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा उसे आजतक रिपेयर नहीं कराया गया और सब्जी मार्केट को पौनी पसारी में नहीं लाया गया। आपको बतादे पूर्व में नगर पंचायत में आने जाने के लिए गेट बना था और नगर पंचायत उस गेट को तोड़ कर कामपलेकस निर्माण कर दिया है शायद यही वजह है की सब्जी भाजी

जैसे सामान लाने वाली गाड़ियों के लिए अंदर तक पहुंचना मुश्किल है और दुर तक सामान उठाकर ले जाना पड़ता था जिसके कारण सब्जी भाजी बेचने वाले दुकानदार पौनी पसारी में दुकान लगाने में ऊचि नहीं ले रहे है । परंतु नगर पंचायत अधिकारी इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहे । आपको बतादे आज से 15 साल पूर्व नगर पंचायत में ठीक ऐसा ही कार्य प्रगति नगर में नगर पंचायत के द्वारा किया गया था जिसमे करोड़ों रुपए की लागत से हाट बाजार ,खेल मैदान ,पुष्प वाटिका , गार्डन जैसे निर्माण कार्य किए गए थे जिसका संचालन न होने से वह जर्जर स्थिति में आ गया और शासन के करोड़ों रुपयों का दुरुपयोग कर दिया गया था जो जनहित में उपयोगहीन साबित हुआ आज फिर नगर भटगांव पंचायत के द्वारा इसे दोहराया जा रहा है जहां लाखो रुपयों की लागत से पौनी पसारी का निर्माण तो करा दिया गया है।

सरकार से धर्मांतरण के विरुद्ध कानून बनाने की मांग करेगा विहिप और बजरंग दल

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला धमतरी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी की बैठक ली जिसमें मुख्य मुद्दा धर्मांतरण के प्रति प्रशासन के क्रियाकलापों में उदासीनता का दिखाई देना था इस कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यक्रम संचालक मोहन साहू द्वारा सभी प्रार्थना सभा के दस्तावेजों की जांच करवाने की बात कही गई जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल द्वारा उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर चर्चा करने की बात कही गई कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के युवाओं को जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन एवं गौरव जैन द्वारा विशेष प्रशिक्षण देने की तैयारी के विषय में समझाया गया।विश्व हिंदू परिषद के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को बताया की हमारे संविधान में अनुच्छेद 25 से 28 तक धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया है, जिसमे अनुच्छेद 25 में प्रत्येक व्यक्ति को अन्तः करण की और किसी भी धर्म को मानने की, आचरण करने की ,तथा प्रचार

प्रसार की इजाजत देता है, परन्तु किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति के धर्मांतरण की इजाजत नहीं देता है।इसी प्रकार अनुच्छेद 26 में धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता है जिसमें व्यक्ति अपने धर्म के लिए संस्थाओं की स्थापना, पोषण, प्रबन्ध, जंगम और स्थावर सम्पत्ति अर्जन और स्वामित्व का एवम विधि के अनुसार प्रशासन करने का अधिकार दिया गया है। पर किसी और धर्म के व्यक्ति पर यह आरोपित नहीं किया जा सकता इस पर राज्य सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है।

आरटीआई एक्ट की उड़ा रहे धज्जियां, नहीं दी जा रही जानकारी

पंचायत सचिवों की मनमानी, ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में पारदर्शिता नहीं?

गरियाबंद/नवप्रदेश। 2005 में एक अधिनियम लागू किया गया। जिसे सूचना का अधिकार यानी आरटीआई कहा गया। इसके अंतर्गत कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से कोई भी जानकारी ले प्राप्त कर सकता है। यानि हम किसी सरकारी विभाग तथा हर स्थान जहां आम जनता के लिए या उनसे जुड़ी योजना से जुड़ी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आपके इलाके में विकास के कामों के लिए कितने पैसे खर्च हुए हैं और कहाँ खर्च हुए हैं, आपके इलाके की राशन की दुकान में कब और कितना राशन आया, स्कूल, कॉलेज और सड़क, हॉस्पिटल, बिजली, पानी में कितने पैसे खर्च हुए हैं जैसे सवाल आप सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत पता कर सकते हैं। कोई भी नागरिक, किसी भी सरकारी विभाग या ग्राम पंचायत से जानकारी प्राप्त कर सकता है, ये अधिकार एक आम नागरिक के पास है जो सरकार के काम या प्रशासन में और भी पारदर्शिता लाने का काम करता है। जो भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा कदम है।

बावजूद इसके जब भी कोई आवेदक किसी भी ग्राम पंचायत के सचिव जो कि जनसूचना अधिकारी होते हैं जानकारी नहीं

देते, और तो और इनके ऊपर के आका जो प्रथम अपीलीय अधिकारी होते हैं वे तो इन्हीं को संरक्षण देते हैं जिससे इनके हौसले और बुलंद होते हैं। बड़ी बात तो यह है कि जो धाराएं आरटीआई एक्ट में है ही नहीं ऐसी धाराओं का उल्लेख करते हुए ये लोग आवेदकों से पत्राचार करते हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि इनसे किसी भी बात को पूछने के लिए अब अलग से संविधान लागू करने होंगे। इन दिनों राज्य सूचना आयोग द्वारा आवेदकों के आवेदन पर त्वरित सुनवाई करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा जुर्माने लगाए जा रहे हैं, इसके बावजूद भी ये आरटीआई अधिनियम की धज्जियां उड़ान से बाज नही आते, आखिर इनकी मनमानी को क्यों नजर अंदाज किया जाता है, क्यों किसी भी विकास कार्यों में पारदर्शिता नहीं बताया जाता है क्यों आवेदकों को जानकारियां तय समय सीमा के भीतर नहीं दी जाती है। आखिरकार इनकी मनमानियां कब तक चलेंगी ?

श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से जीव के कष्ट, दोष मुक्त हो जाते हैं: पं. अविनाश

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित अविनाश ने बताया कि सृष्टि का निरूपण, कपिलो व्याख्यान, सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा विस्तापूर्वक बताई। श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का वर्णन पदम पुराण में बताई गई है।

वास्तव में महान व्यक्ति कभी भी अपने मुख से अपनी बखान नही करता है, जिस तरह से हीरा का मूल्य को एक जोहरी ही समझ सकता है। नारायण की भक्ति में ही परम आनंद मिलता है। उसकी वाणी सागर का मोती बन जाती है। भगवान प्रेम के भूखे हैं। वासनाओं का त्याग करके ही प्रभु से मिलन संभव है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि वासना को वस्त्र की भांति त्याग देना चाहिए। भागवत कथा का जो श्रवण करता है भगवान का आशीर्वाद बना रहता है। शास्त्रों में कहा गया है कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से ही सभी जीव के कष्ट, दोष मुक्त हो जाते है। जीवन मे मनुष्य को परीक्षा देना अनिवार्य है, चाहे वे सफलता की हो या फिर अपने जीवन का सार्थक बनाने परीक्षा के माध्यम से ही आगे बढ़ा जा सकता है। कर्मकांड का विधान काफी विशाल होता है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवनकाल में अच्छे कर्म करना चाहिए। धर्म क्या है, सत्य को ही धर्म का सबसे बड़ा प्रतीक माना गया है, जबकि अधर्म को असत्य की। शांति का सबसे प्रमुख साधन ईश्वर के भजन को माना गया है।

वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक विजेता गौरव का सम्मान

कोण्डागांव/नवप्रदेश। खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों को जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी वाय अक्षय कुमार द्वारा दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2023-24 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले गौतम कुमार अलेन्द्र तथा ओपन राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त करने वाले प्रकर्ष राव पत्की का सम्मान किया गया साथ ही दोनों का प्रोत्साहन करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु शुभकानाएं देते हुए जिले में इन खेलों को आगे बढ़ाने और युवाओं को भी इन खेलों के प्रति जागरूक कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु तैयार करने के लिए चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली में आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले गौतम कुमार कोण्डागांव जिले में शिक्षा विभाग में व्यायाम शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। गौतम ने प्रतियोगिता में 66 किलोग्राम वर्ग में कुल 630 किलोग्राम भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरव द्वारा पूर्व में भी पॉवर लिफ्टिंग में 02 स्वर्ण पदक एवं 01 रजत पदक प्राप्त कर चुके है। इसके अतिरिक्त स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग में पिछले वर्ष नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं स्ट्रांग मैन का खिताब हासिल किया था। भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने वाले प्रकर्ष राव पत्की भी जिले के दहीकोंगा स्थित शासकीय विद्यालय में व्यायाम शिक्षक के रूप में कार्यरत है। प्रकर्ष राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सफल होकर अब अपने राज्य का 08 से 12 मई के मध्य उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में पुरुष टीम का काता वर्ग में प्रतिनिधित्व करेंगे।

कवर्धा में सड़क पर चलती बस में लगी आग, सवार थे 30 से ज्यादा बच्चे

कवर्धा/नवप्रदेश। बच्चों को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के रिहर्सल कराने लेकर जा रही स्कूल बस में आग लग गई. जिस समय ये हादसा हुआ उस समय बस में 30 से ज्यादा बच्चे सवार थे. निजी स्कूल की बस में आग- नगर के मेन रोड में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बच्चों से भरी निजी स्कूल की चलती बस से अचानक धुआं निकलने लगा. बस के इंजन से धुंआ देखने के बाद ड्राइवर ने बीच सड़क पर बस को रोक दिया. कंडक्टर की मदद से जल्द से जल्द सभी बच्चों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला. फायर वाटर एक्साटिंग्विशर की मदद से आग को काबू किया. फायरबिग्रेड भी तत्काल मौके पर पहुंच गई, और आग को काबू कर लिया गया. जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टली गई. फिर बच्चों को दूसरी बस से ले जाया गया. शहर के प्राइवेट अशोक पब्लिक स्कूल में

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम होने वाला है. इसके लिए बच्चों को पीजी कॉलेज ग्राउंड स्थित ऑडोटोरियम में रिहर्सल के लिए ले जाया जा रहा था. घटना के वक्त बस में ड्राइवर, कंडक्टर के अलावा लगभग 30 बच्चे सवार थे. बस जैसे ही मां भुवनेश्वरी टॉकीज के पास पहुंची बस के इंजन से जोरदार धुंआ निकालने लगा. शहर के सबसे प्रमुख मार्ग होने के कारण घटना के दौरान सड़क में जाम की स्थिति बन गई. स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन ने बताया की शॉर्ट सर्किट के कारण बस से धुआं निकलने लगा था. सभी बच्चे सुरक्षित है.

चुनाव मतदान के लिए मतदाताओं को किया गया जागरूक, जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी ब्लॉकों में आयोजन

'मतदान करेगा कांकेर' थीम पर भानुप्रतापपुर में मैराथन दौड़

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार और नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल एवं एसडीएम और एआरओ सुश्री आस्था राजपूत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की मुहिम स्वीप कार्यक्रम के तहत् पूरे कांकेर जिले में मैराथन दौड का आयोजन किया गया। इसी क्रम में भानुर्प्रतापपुर विधानसभा के भानुप्रतापपुर दुर्गुकोंदल और चारामा विकासखण्ड मुख्यालय में भी 12 अप्रैल को प्रातः 7 बजे मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया । इसमें नगरवासी और आम मतदाता के साथ साथ बडी संख्या में अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ स्कूल कालेज आईटीआई के बच्चों ने भाग लिया। आज भानुप्रतापपुर के मेन चौक में यह मैराथन प्रारंभ हुआ जो नगर के विभिन्न वार्डो मुख्य मार्गो से होकर समाप्त हुआ । आज सभी ने मैराथन दौड के साथ साथ 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए शपथ भी लिया।

साथ ही साथ रास्ते में नारों के साथ दौड लगाया। जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत लगातार अनेक कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं जिसमें स्वीप सहेली , बिटिया आग्रह टोली, बाईक रैली , के माध्यम से आम मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी तरह आज चारामा में भी बडी संख्या में लोगो ने मैराथन में भाग लिया और मतदान की शपथ ली। चारामा में कोरर चौक से प्रारंभ किया गया और मैराथन में दौड लगाकर आम नागरिकों में जागरूकता का संदेश दिया। आज विधानसभा के दुर्गुकोंदल विकासखण्ड में भी उन्मुक्त खेल मैदान में मैराथन दौड का आयोजन किया गया। भानुप्रतापपुर विधानसभा में तीन तहसील जिसमें भानुप्रतापपुर में 99 ,चारामा में 105 एवं दुर्गुकोंदल में 62 मतदान केंद्र है। आने वाले 26 अप्रैल को द्वितीय चरण में कांकेर लोकसभा में मतदान होना है। मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होना है। आज के मैराथन दौड के माध्यम से सभी मतदाताओं से आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया गया।

नाले में मिली युवक की सड़ी-गली लाश

बालोद/नवप्रदेश। जिले के कुम्हारखान गांव के समीप नाले के नीचे आज सड़ी-गली एक लाश मिली है. शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई है. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. अज्ञात शव की अब तक शिनाख्त नहीं हुई है. ऋद्धडुस्र स्थ्हद्ध ङ्क छत्तीसगढ़ दौरे पर राहुल गांधी, क्ष्छ्क नेता ने पत्र लिखकर पूछा सवाल, कहा- क्या कवासी लखमा को दे दी गई है क्लीन चिटज पुलिस शव बरामद कर मामले की जांच में जुट गई है. फॉरेंसिक की भी टीम मौके पर पहुंचकर सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है. घटना पुरुर थाना क्षेत्र की है.घटनास्थल पहुंचे फॉरेंसिक टीम के डॉक्टर मोहन पटेल ने बताया कि बॉडी लगभग 10 से 12 दिन के पहले की लग रही है. इसकी जांच कर रहे हैं, अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं बता सकते, जब तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं आ जाती. पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही सब स्पष्ट हो पाएगा. बॉडी से मांस गल गया हैं, देखने से पता चलता है कि शव 22 से 25 साल के युवक का है।

रिकॉर्ड स्तर पर सोने की कीमत

उक्रेन युद्ध से दुनिया में सुरक्षित निवेश का जरिया बना सोना

मुंबई। सोने की कीमत अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी को देखते हुए भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर पांच जून की डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव बढ़कर 72,423 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 2,395.29 डॉलर प्रति औंस है।

एमसीएक्स पर सोने के वायदा भाव में 779 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव 71,644 रुपये से 1.09 फीसद अधिक है। देश भर के प्रमुख शहरों में खुदरा सोने की कीमतों में कुछ बदलाव आया है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 72,380 रुपये , जबकि मुंबई में 72,230 रुपये प्रति 10 ग्राम है। चेन्नई में सबसे ज्यादा 73,370 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि बेंगलुरु और कोलकाता में यह लगभग 72,230 रुपये है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि जारी है। मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच दुनिया के प्रमुख देश इस पीली धातु की बड़े पैमाने पर खरीदारी कर रहे हैं। इसे एक सुरक्षित निवेश माना जा रहा है। इस साल सोने की कीमतों में लगभग 15 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को अमेरिकी सोना वायदा में इसकी कीमत 1.2 फीसद बढ़कर 2,401.80 डॉलर हो गई। चीन के बाद भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा आयातक है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमतों के बढ़ने का सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है।

भारतपे के सह-संस्थापक मेडिकल लोन के लिए जीरोपे नाम से लांच करेंगे ऐप



नई दिल्ली। भारतपे के सह-संस्थापक और पूर्व एमडी अश्नीर ग्रोवर 'जीरोपे' नाम से एक नया ऐप लॉन्च करने वाले हैं, जो हेल्थकेयर के लिए ऋण प्रदान करेगा।ऐप की गूगल प्ले स्टोर लिस्टिंग के अनुसार, जीरोपे का वर्तमान में परीक्षण चल रहा है। इसे थर्ड यूनिकॉर्न द्वारा विकसित किया गया है, जिसकी स्थापना ग्रोवर ने भारतपे से बाहर निकलने के बाद की थी।यह ऐप यूजरों को उनके चिकित्सा खर्चों को कवर करने के लिए पांच लाख रुपये तक का तत्काल पूर्व-अनुमोदित चिकित्सा ऋण प्रदान करेगा।कंपनी ने तत्काल ऋण प्रदान करने के लिए दिल्ली स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मुकुट फिनवेस्ट के साथ साझेदारी की है।

जीरोपे ऐप वेबसाइट के अनुसार, यूजर केवल भागीदार अस्पतालों में ही सेवा का लाभ उठा सकते हैं।ज़ीरोपे के चिकित्सा ऋण के लिए आवेदन करने के लिए यूजर को ऐप डाउनलोड करना होगा, एक त्वरित आवेदन पूरा करना होगा और फिर उन्हें तत्काल ऋण स्वीकृति प्राप्त होगी। ज़ीरोपे ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, ज़ीरोपे यूजर की ओर से चुने गए अस्पताल को सीधे स्वीकृत ऋण राशि का भुगतान करके एक सीधी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। ग्रोवर ने अपनी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर और उद्यमी असीम घावरी के साथ जनवरी 2023 में थर्ड यूनिकॉर्न लॉन्च किया था।कंपनी ने ड्रीम11, मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) और माय11सर्कल को टक्कर देने के लिए क्रिकपे के साथ शुरुआत की।

दुनिया का सबसे तेज़ चार्जिंग वाला इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर भारत में लॉच

15 मिनट चार्ज करने पर चलेगा 126 किलोमीटर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के देश के सपने को आगे बढ़ाते हुए एक पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर लॉन्च किया गया, जो 15 मिनट में पूरी तरह चार्ज होता है और दुनिया के सबसे तेज चार्जिंग वाली ईवी के रूप में जाना जाता है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने तेजी से चार्ज होने वाले इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर के लिए एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 3,24,999 रुपये की कीमत पर 'ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्विक' ईवी छह शहरों में मौजूद एक्सपोनेंट के रैपिड चार्जिंग नेटवर्क पर 15 मिनट में शून्य से 100 प्रतिशत तक चार्ज करने की क्षमता रखती है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी के संस्थापक अध्यक्ष उदय नारंग ने कहा, सड़क पर डाउनटाइम को कम करके और दक्षता को अधिकतम करके क्विक यह सुनिश्चित करता है कि हर यात्रा हमारे ड्राइवरों के लिए ठोस वित्तीय लाभ में तब्दील हो। वाहन पर दो लाख किलोमीटर या पांच साल, जो भी पहले हो, की वारंटी है। एक्सपोनेंट एनर्जी ने एक बयान में कहा कि वह इस साल दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में 100 चार्जिंग स्टेशन शुरू करेगी, जबकि चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता और हैदराबाद में अपने नेटवर्क का विस्तार करेगी।

एक्सपोनेंट एनर्जी के सह-संस्थापक और सीईओ अरुण विनायक ने कहा, अधिकतम राजस्व और कम लागत का यह दोहरा लाभ किसी अन्य ईवी या आईसीई (आंतरिक दहन इंजन) वाहन की तुलना में यूजर द्वारा अपने एक्सपोनेंट-संचालित ईवी से प्राप्त होने वाले उच्चतम संभावित लाभ को अनलॉक करता है। पैसेंजर ईवी में 8.8 किलोवाट आवर का बैटरी पैक है और यह एक बार चार्ज करने पर 126 किलोमीटर की सिटी ड्राइव रेंज प्रदान करता है।देश में यात्री तिपहिया वाहनों की बिक्री जनवरी में 53,537 इकाई को पार कर गई थी।

मस्क ने एक्स को विज्ञापन दाताओं के लिए बताया बेहतर मंच

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाला मेटा विज्ञापन के बारे में झूठ बोलता है, जबकि उनका एक्स प्लेटफॉर्म फेसबुक के मालिक की तुलना में बेहतर रिटर्न देता है। जब एक फालोआर ने पोस्ट किया कि एक्स ने अब तक मेटा की तुलना में बेहतर रिटर्न दिया है, और मेटा उनके विज्ञापन मेट्रिक्स के बारे में झूठ बोलता है, तो टेस्ला और स्पेसएक्स सीईओ ने कहा, सच है।

टेक अरबपति ने कहा, हमारी विज्ञापन प्रासंगिकता में काफी सुधार हुआ है। एक अन्य एक्स यूजर ने कहा कि मेटा पर विज्ञापन लागत में वृद्धि और आरओएएस (विज्ञापन व्यय पर रिटर्न) में कमी की प्रवृत्ति जारी है और ऐसा लगता है कि स्थिति और बदतर हो रही है। उसने कहा, विज्ञापन प्रासंगिकता और मेटा तक पहुंच पर विज्ञापनदाताओं का कोई नियंत्रण नहीं है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अब हम एक्स पर इतने सारे नए विज्ञापनदाताओं को शामिल कर रहे हैं। जवाब में, मस्क ने लिखा, एक्स पर विज्ञापन दें। इस साल फरवरी में, मस्क द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने विज्ञापनदाताओं को 'क्रिएटर टारगेटिंग' कार्यक्रम के माध्यम से प्लेटफॉर्म पर कुछ सामग्री निर्माताओं के बगल में विज्ञापन चलाने की अनुमति दी। विज्ञापनदाताओं को अपने विज्ञापनों को विवादास्पद या आपत्तिजनक सामग्री के बगल में प्रदर्शित होने से रोकने की अनुमति भी है। गौरतलब है कि पिछले साल नवंबर में, एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो ने स्वीकार किया था कि मस्क द्वारा यहूदी विरोधी सामग्री को समर्थन दिए जाने से नाराज होकर कुछ विज्ञापनदाताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म छोड़ दिया था।

मार्च में महंगाई 10 महीने में सबसे कम, जनता के लिए राहत

नई दिल्ली। मार्च के दौरान खुदरा महंगाई में गिरावट आई है। खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.85 प्रतिशत पर रही जो इससे पहले फरवरी महीने में 5.09 प्रतिशत थी। यह 10 महीने के निचले स्तर पर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 5.09 प्रतिशत थी जबकि मार्च, 2023 में यह 5.66 प्रतिशत पर रही थी। इसके पहले अक्टूबर, 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से खुदरा महंगाई दर में ये गिरावट दर्ज की गई है।

इसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर भारत के औद्योगिक उत्पादन में फरवरी, 2024 में सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वर्ष फरवरी में औद्योगिक वृद्धि दर छह प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में इससे एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही। वर्ष 2024 में फरवरी में जहां खनन क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि आठ प्रतिशत रही तथा (अप्रैल-फरवरी 23-24 में 8.2 प्रतिशत) ,विनिर्माण क्षेत्र में 5 प्रतिशत (अप्रैल-फरवरी 5.4 प्रतिशत), बिजली उत्पादन में 7.5 प्रतिशत (अप्रैल-फरवरी 6.9 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गयी। फरवरी 2024 के लिए त्वरित अनुमान में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आधार वर्ष 2022-12) 147.2 रहा। फरवरी 2024 के लिये खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों के लिये औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक क्रमशु 139.6, 144.5 और 187.1 अंक रहे।

इंडियन सुपर लीग के प्लेऑफ शेड्यूल की घोषणा, फाइनल 4 मई को

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन का फाइनल 4 मई को होगा और प्लेऑफ 19 अप्रैल से शुरू होगा। लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह घोषणा की। आईएसएल के बयान में कहा गया है, सीजन का फाइनल 4 मई को होगा। फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ाई 19 अप्रैल को नॉकआउट मैचों के साथ शुरू होगी, जिसके बाद घरेलू और बाहरी प्रारूप में सेमीफाइनल होंगे। इसमें कहा गया, फाइनल का स्थान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें अन्य दो सेमीफाइनलिस्टों का निर्धारण करने के लिए नॉकआउट प्रारूप में सिंगल-लेग प्लेऑफ़ खेलेंगी। इंडियन सुपर लीग का 2023-24 सीज़न सबसे रोमांचक और प्रतिस्पर्धी सीज़न में से एक रहा है, जिसमें मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान खिताब जीतने की होड़ में हैं।

छह प्लेऑफ टीमों की पहले ही पुष्टि हो चुकी है और ईस्ट बंगाल एफसी की पंजाब एफसी से हार के बाद छठा स्थान चेन्नईयिन एफसी ने ले लिया है। मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के अलावा; ओडिशा एफसी, एफसी गोवा और केरला ब्लास्टर्स एफसी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके थे।

गोपीचंद की फिल्म विश्वम का फर्स्ट स्ट्राइक टीजर

माचो स्टार गोपीचंद और निर्देशक श्रीनु वैतला ने पहला स्ट्राइक वीडियो जारी करके ईद की पूर्व संध्या पर एक सामूहिक दावत की पेशकश की। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री और वेणु डोनेपुडी के चित्रालयम स्टूडियोज के तहत

टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित हाई-वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर सगोपीचंद32 ने अपने शीर्षक विश्वम का भी अनावरण किया।

पहला स्ट्राइक वीडियो विवाह समारोह के साथ शुरू होता है जिसमें दूल्हा और दुल्हन कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते हैं, संगीतकारों का एक समूह विभिन्न वाद्ययंत्र बजाता है, पुजारी मंत्रोच्चार करता है, और रसोइये स्वादिष्ट भोजन तैयार करते हैं। गोपीचंद अपने कंधे पर एक बड़ा गिटार केस लेकर विवाह स्थल की ओर चलते हुए प्रवेश करते हैं। यह गिटार नहीं, बल्कि मशीन गन है।

बृजमोहन के लिए मूणत ने संभाला मोर्चा, युवा चौपाल का आयोजन

■ **पश्चिम से युवाओं के साथ चाय पर चर्चा अभियान की शुरूआत**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत ने मोर्चा संभाल लिया है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में युवा सम्मेलन का आयोजन करते हुए विधायक मूणत ने भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए समर्थन मांगा। बृजमोहन अग्रवाल को रिकॉर्ड मतों से



जीत दिलाने समर्थकों के साथ संकल्प लिया। पूर्व मंत्री राजेश मूणत रायपुर लोकसभा कस्टर प्रभारी हैं। शनिवार को रायपुर के गुढ़ियारी स्थित पहाड़ी चौक से विधायक राजेश मूणत ने चुनाव से पहले युवा चौपाल और चाय पर चर्चा अभियान की शुरुआत की। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने बताया कि रायपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार के थमने तक वह निरंतर युवाओं, विशेषकर जो पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के साथ चर्चा करके उन्हें देश के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी, मतदान के महत्व के बारे में बताएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्रहित में किए गए कार्यों के बारे में भी युवाओं को जानकारी देने का प्रयास करेंगे। पूर्व मंत्री मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 30 वर्ष से कम उम्र वाले कुल मतदाताओं की संख्या 48 लाख से अधिक है, जबकि रायपुर लोकसभा में 20 लाख से अधिक मतदाता हैं। यह अभियान रायपुर पश्चिम विधानसभा में शुरू किया गया है, जहां 50 हजार से अधिक युवा मतदाता हैं। पूर्व मंत्री ने कहा, मैं और बृजमोहन अग्रवाल स्वयं इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं से मिलने का प्रयास कर रहे हैं। युवा मतदाताओं को पीएम्र मोदी की ओर से किए गए कार्यों और उनके सामने अब मौजूद अवसरों के बारे में बताने जा रहे हैं।

शहर में पंजाब की शराब की तस्करी, पुलिस ने धर दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत पंजाब राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब के अवैध तस्करी के मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम जितेंद्र पाल सिंह है जो पंजाब ब्रांड की शराब प्रदेश

के अलग-अलग जगहों में खपाने की फिराक में था। आरोपी के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत में कार्रवाई की है। आरोपी के पास से 32 पेटी शराब बरामद किया गया है। जिस कार से शराब बरामद हुआ उसे भी जब्त किया गया है।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। गडरियापारा खरोरा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी किशन पुराणिक 22 वर्ष गडरियापारा खरोरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी डिगेश कोसरिया ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र नगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल जब्त किया है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोविंद सारंग परिसर के पीछे आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते आरोपी सुमीत माटा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 मोबाइल जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।